✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 13 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 9 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



गया में परीक्षा में प्रवेश नहीं मिलने पर छात्रों ने किया हंगामा

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा नदी में स्नान करने के दौरान दो छात्र डूबे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गांधी मैदान थाना क्षेत्र के अंटाघाट के पास नहाने के दौरान दो छात्र रोहित कुमार और संकल्प कुमार डूब गए। दरअसल, सुबह 6 बजे के करीब दोनों घर से क्रिकेट खेलने के नाम पर गांधी मैदान के लिए निकले थे लेकिन दोनों अंटा घाट पहुंच गए। इनके साथ 8 से 10 और बच्चे थे। सभी घाट पर स्नान करने लगे। इसी बीच संकल्प डूबने लगा। संकल्प को डूबता देख रोहित उसे बचाने के लिए छलांग लगाया और वो भी डूब गया।

### बिहार आईटीआई प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड ने बिहार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। बिहार आईटीआईसीएटी परीक्षा 15 जून 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी।

### घर के पास युवक का शव मिलने पर बवाल

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** लहेरी थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर मोहल्ला में घर के पास युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। परिवारवालों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगा शव को सड़क पर रखकर आगजनी और हंगामा किया। मृतक की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के निश्चल गंज निवासी दीपू कुमार उर्फ लाला के तौर पर हुई है।

### जेईई एडवांस्ड एएटी रिजल्ट जारी

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर ने आर्किटेक्चर एप्टीट्यूड टेस्ट का रिजल्ट जारी कर दिया है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए होती है जो आईआईटी में बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर कोर्स में एडमिशन लेना चाहते हैं। एएटी परीक्षा में शामिल होने के लिए पहले जेइइ एडवांस पास करना जरूरी होता है।

मुख्यमंत्री ने हाजीपुर व पटना को जोड़ने वाली महात्मा गांधी सेतु के बगल में निर्माणाधीन फोरलेन पुल का किया निरीक्षण

# उत्तर व दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी में आएगा क्रांतिकारी सुधार : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/हाजीपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को अचानक हाजीपुर पहुंच गए। उनके इस औचक दौरे से जिला प्रशासन पूरी तरह चौंक गया। मुख्यमंत्री के हाजीपुर आगमन की सूचना अधिकारियों को उस समय मिली जब वे लोकेशन से मात्र 15 मिनट की दूरी पर थे। आनन-फानन में वैशाली जिले के डीएम, एसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री को रिसीव करने महात्मा गांधी सेतु के पास पहुंच गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाजीपुर और पटना को जोड़ने वाले ऐतिहासिक महात्मा गांधी सेतु के बगल में निर्माणाधीन फोरलेन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ पटना और वैशाली जिले के तमाम वरीय अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और पुल निर्माण कार्य से जुड़े इंजीनियर भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने पुल की प्रगति पर संतोष जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए तय समय-सीमा में कार्य पूरा करने पर विशेष बल दिया। पुल निर्माण से जुड़ी एजेंसी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि फोरलेन पुल का अब तक 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और मार्च 2026 तक इसके बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। यह पुल पटना के जीरो माइल से शुरू होकर हाजीपुर के बीएसएनएल गोलंबर रामआशीष चौक तक फैला होगा। पुल की कुल लंबाई लगभग 14.5 किलोमीटर है और इसकी लागत 1794 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह नया फोरलेन पुल



उत्तर बिहार को राजधानी पटना से जोड़ने के लिए एक वैकल्पिक और तेज मार्ग उपलब्ध कराएगा, जिससे जाम की पुरानी समस्या से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री को बताया गया कि पुल का ट्रैफिक संचालन एक नई योजना के तहत किया जाएगा। निर्माण एजेंसी के अनुसार इस नए फोरलेन पुल से वाहन पटना से हाजीपुर की दिशा में चलेंगे जबकि मौजूदा महात्मा गांधी सेतु से वाहन हाजीपुर से पटना की दिशा में संचालित होंगे। इससे पुलों पर ट्रैफिक का दबाव समान रूप से विभाजित होगा और यातायात सुचारू बना रहेगा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि गंगा नदी के ऊपर मुख्य पुल के लिए किए जा रहे फाउंडेशन वर्क में 33 वेल कैप में से 24 वेल कैप बनकर तैयार हो चुके हैं जबकि नौ पर कार्य जारी है। फ्लाईओवर से जुड़े निर्माण में 94% सब-स्ट्रक्चर और 90% सुपर-स्ट्रक्चर का काम भी पूरा हो चुका है। पटना के जीरो माइल से गायघाट तक पुल का बड़ा हिस्सा पहले ही तैयार हो चुका है। पुल के दोनों ओर यात्रियों की सुविधा के लिए कई अन्य योजनाएं भी चल रही हैं। हाजीपुर के जढुआ के पास टोल प्लाजा बनाया जा रहा है जबकि पटना की ओर दो और हाजीपुर की ओर चार बस शेल्टर बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही एडवांस ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जाएगा जिससे ट्रैफिक संचालन और निगरानी अधिक प्रभावी हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने पुल निरीक्षण के दौरान स्थानीय अधिकारियों से कहा कि इस परियोजना से उत्तर बिहार और राजधानी के बीच की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार आएगा। यातायात जाम से त्रस्त लोगों को राहत मिलेगी और व्यापारिक, सामाजिक तथा प्रशासनिक आवागमन आसान होगा। मुख्यमंत्री के इस दौरे से यह स्पष्ट हो गया कि सरकार पुल निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और समय पर इसे पूरा कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## महिला और बाल श्रमिक आयोग का किया गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में आयोगों के पुनर्गठन का दौर जारी है। नीतीश सरकार द्वारा दो और आयोगों का गठन किया गया है। इनमें बिहार राज्य महिला आयोग और बाल श्रमिक आयोग शामिल हैं। बाल श्रमिक आयोग में सदस्य के रूप में विधायक और विधान परिषद् के दो सदस्यों को भी शामिल किया गया है। श्रम संसाधन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं समाज कल्याण विभाग ने महिला आयोग के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी की है। श्रम संसाधन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग अधिनियम की धारा चार के उप धारा एक में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल के आदेश पर बाल श्रमिक आयोग का गठन किया गया है। इसें पूर्णिया निवासी अशोक कुमार को अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई है। वहीं अरवल के अरविंद कुमार सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्रेयसी सिंह, बरारी विधानसभा क्षेत्र से विधायक विजय सिंह, पिपरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रामविलास कामत, बिहार विधान परिषद् के सदस्य अनिल कुमार और रवींद्र प्रसाद सिंह को सदस्य बनाया गया है। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बिहार राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष और गैर सरकारी एवं सरकारी सदस्यों को मनोनीत किया गया है। इनमें समस्तीपुर निवासी अप्सरा को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बांका निवासी शीला टुड्डू, रोहतास की रजिया कामिल अंसारी, लखीसराय की पिंकी कुमार, पटना निवासी सजल झा, गया निवासी श्यामा सिंह, पटना निवासी रश्मि रेखा सिन्हा को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग एवं गृह विभाग के एक-एक प्रतिनिधि को पदेन सरकारी सदस्य और बिहार राज्य महिला एवं बाल विकास निगम के प्रबंध निदेशक को पदेन सदस्य सह सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

## चिराग ने किया विधानसभा चुनाव का शंखनाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज विधानसभा चुनाव को लेकर शंखनाद कर दिया। आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में नव संकल्प महासभा में चिराग ने बड़ा ऐलान किया। विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा कि हां...मैं चुनाव लड़ूंगा, 243 सीटों पर चुनाव लड़ूंगा। बिहार को फर्स्ट और बिहारियों को फर्स्ट बनाने के लिए लड़ूंगा। हालांकि किस सीट से चिराग चुनाव लड़ेंगे, इस पर उन्होंने सस्पेंस बनाए रखा है। चिराग ने कहा कि मेरी जनता जो फैसला लेगी वहीं सर्वोपरि होगा। लोजपा (आर) के अध्यक्ष ने कहा कि मुझे बिहार की किस सीट से चुनाव लड़ना है, इसका फैसला आप लोगों पर छोड़ता हूं। जब मेरे अपनों ने ही मुझे घर से बाहर निकाला, ऐसे में जनता ने ही मुझे पाला, आप ही मेरा परिवार हैं। अब ये फैसला भी आपको ही लेना है कि चिराग पासवान चुनाव लड़े तो कहां से लड़े। चिराग




पासवान ने लोगों से अपील की कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट का नारा घर-घर पहुंचाना है। चिराग पासवान ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जब मेरे पिता रामविलास पासवान जी का निधन हुआ तो मुझे और मेरी पार्टी को खत्म करने की साजिश रची गई। जिनके ऊपर मुझे पिता की तरह पालने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने मुझे घर से निकाल दिया। लेकिन शायद वो भूल गए कि मैं शेर का बेटा हूं। विपक्ष को घेरते हुए चिराग ने राजद से ज्यादा कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम लोगों के जंगल राज का मतलब सिर्फ राजद के 15 साल का राज नहीं बल्कि कांग्रेस और राजद के 25 साल के शासन का जंगलराज है। पीएम मोदी और नीतीश कुमार के कार्यों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार विकसित होने की कोशिश कर रहा है। मेरा सपना बिहार को विकसित बनाना है और यह होकर रहेगा। जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग ने कहा कि जब तक बिहार को विकसित राज्य नहीं बना दूंगा तब तक चैन की सांस नहीं लूंगा।

## बिहार के 40 हजार से अधिक स्कूलों में बनेगा पुस्तकालय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सरकार ने राज्य के 43,779 प्रारंभिक विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। वित्त विभाग ने शिक्षा विभाग के इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसे वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही लागू करने का निर्देश जारी किया गया है। इस योजना के तहत बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निर्माण निगम द्वारा विद्यालयों में नए हॉल का निर्माण कराया जाएगा। इसमें पुस्तकालय संचालित होंगे। योजना के लिए 134.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के एक अधिकारी के अनुसार, यह योजना समग्र शिक्षा अभियान के तहत चलाई जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए आवश्यक वित्तीय सहायता भी मुहैया कराई गई है। जिन स्कूलों में पुस्तकालय के लिए हॉल का निर्माण होना है, उन विद्यालयों को चिह्नित कर एक सप्ताह के भीतर सूची सौंपने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं।

## सीएम की अनुमति मिलते ही चालू होगा सिपारा-महुली एलिवेटेड रोड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भूपतिपुर के पास बन रहे रैंप की ढलाई का काम पूरा हो चुका है और अब फिनिशिंग, पेंटिंग और लाइटिंग जैसे काम तेजी से किए जा रहे हैं। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि सिपारा-महुली सड़क परियोजना के पहले चरण में बनाए गए एलिवेटेड पथ को अब दूसरे चरण के तहत भूपतिपुर रैंप से जोड़ा जा रहा है। सिपारा से लेकर महुली तक एलिवेटेड और ऐटग्रेड सड़क पूरी तरह तैयार हो चुकी है, जबकि महुली से पुनपुन (लक्ष्मण झूला और एनएच-83) तक भी ऐटग्रेड फोरलेन रोड का निर्माण पूरा हो गया है। जैसे ही मुख्यमंत्री की ओर से हरी झंडी मिलेगी, भूपतिपुर से पुनपुन तक बनी लगभग 9 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन कर दिया जाएगा। मंत्री नवीन ने



बताया कि फ़ेज-2 के अंतर्गत मीठापुर से सिपारा के बीच 2.10 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड फोरलेन सड़क तथा महुली से पुनपुन तक 2.20 किलोमीटर लंबी ऐटग्रेड फोरलेन सड़क का निर्माण अतिरिक्त रूप से किया जा रहा है, जिसका काम तेज़ी से प्रगति पर है। साथ ही सिपारा गुमटी (शेष पृष्ठ 10 पर)

## पद के लिए मुद्दे से समझौता नहीं करूंगा : कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मुजफ्फरपुर में परिसीमन सुधार महारैली के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाले संसदीय और विधानसभा क्षेत्र का परिसीमन को रोकने की साजिश रची जा रही है। इसके लिए दक्षिण भारत के राज्य बड़े पैमाने पर अभियान चला रहे हैं। परिसीमन नहीं होने का नुकसान सबसे अधिक उत्तर भारत के राज्यों को उठाना पड़ रहा है। रविवार को शहर के मुजफ्फरपुर क्लब मैदान में प्रमंडल स्तरीय महारैली को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी ताकत का एहसास कराते हुए 2025 में विपक्ष के साथ-साथ अपने गठबंधन पर भी अपनी वाजिब हिस्सेदारी का एक बड़ा मैसेज



देने की कोशिश की। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ और कार्यकर्ता के उत्साह को देखकर मंच से उन्होंने कहा कि आपको देख कर ही हमलोगों का हौसला बढ़ता है। हम जिन मुद्दों को उठाते है या जिधर चल पड़ते हैं उसमें बाधा आती है लेकिन जितनी बाधा आती है, उतना मजा आता है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण के नेताओं का विरोध हो रहा है लेकिन जब से मुद्दा उठाना शुरू किया है तब से कुछ अपरोक्ष बाधाएं भी मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के लिए दो और चार सीट की चर्चा है जो जान-बूझकर इस मुद्दे को उठाकर डिस्टर्ब करने का प्रयास है। रालोमो (शेष पृष्ठ 10 पर)

## बारात जा रही तेज रफ्तार बस और ट्रैक्टर के बीच टक्कर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** जिले के नरहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरापट्टी गांव के पास एनएच-27 पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। रविवार को एक बारात लेकर जा रही निजी ट्रैवल बस और एक ट्रैक्टर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब अररिया जिले से झंझारपुर की ओर जा रही निजी ट्रैवल बस, चतरापट्टी गांव के पास एनएच-27 पर एक ट्रैक्टर से टकरा गई। यह बस एक बारात को लेकर जा रही थी और काफी तेज रफ्तार में थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई लोग सीटों से उछलकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही नरहिया थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को फुलपरास अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने संजय साह नामक एक युवक को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। मृतक संजय साह के संबंध में बताया गया कि वह बारातियों के साथ बस में सवार था और हादसे में सबसे ज्यादा चोट उसी को लगी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया गया है। दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस ने बस और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों वाहनों की तकनीकी जांच की जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हादसा किसकी लापरवाही से हुआ। साथ ही दोनों वाहन चालकों से भी पूछताछ की जा रही है।

## पीएम के विशेष पैकेज से बिहार को परिवहन में मिली नई रफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 की चुनावी सभा में बिहार को 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये का विशेष पैकेज देने की घोषणा की थी। इसके बाद बीच के वर्षों में भी कुछ अतिरिक्त पैकेज की घोषणा की गई। सूबे की डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से इन पैकेजों की अधिकांश घोषणाएं तकरीबन पूरी हो गईं हैं। बिहार को सड़क, रेल से लेकर हवाई परिवहन तक में एक नई रफ्तार मिली है। पैकेज का सबसे बड़ा हिस्सा सड़क परिवहन मंत्रालय से संबंधित था, जिसके तहत 2 हजार 836 किमी लंबी सड़क का जाल बिछाने के लिए 74 प्रोजेक्ट की घोषणा की गई थी। इसकी लागत राशि 51 हजार 540 करोड़ रुपये है। इसमें 44 सड़क परियोजनाओं का काम पूरा हो गया है। इससे सूबे में 1 हजार 304 किमी नई सड़कें बनी और इस पर 14 हजार 898 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसमें कुछ बड़ी सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। मसलन, एनएच-19 के अंतर्गत 1742 करोड़ रुपये खर्च करके महात्मा गांधी सेतू का फिर से निर्माण और पुनर्वास कार्य, एचएच-83 के तहत 1680 करोड़ रुपये खर्च करके पटना-गया-डोभी का निर्माण, 1063 करोड़ रुपये खर्च कर एनएच-31 पर सिमरिया-खगड़िया 4 लेन सड़क, कोईलवर-भोजपुर 4 लेन पर 750 करोड़ रुपये, चार लेन भोजपुर-बक्सर एनएच-84 पर 595 करोड़ रुपये का खर्च करके निर्माण कराना शामिल है। सड़क परिवहन पैकेज के तहत 22 ऐसी सड़क परियोजनाएं हैं, जिनका निर्माण कार्य केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की देखरेख में जारी है। एक हजार 57 किमी लंबी इन सड़कों के निर्माण पर 25 हजार 933 करोड़ रुपये का खर्च हो रहा है। इनमें 11 परियोजनाओं का कार्य चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक समाप्त हो जाएगा। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2027-28 तक सभी 22 सड़क परियोजनाओं का कार्य पूरा हो जाएगा। इसके अतिरिक्त पांच ऐसी परियोजनाएं भी हैं, जिसकी जल्द शुरुआत होने जा रही है। 271 किमी लंबी इस परियोजना की लागत 5 हजार 797 करोड़ रुपये है। दो परियोजनाएं ऐसी भी हैं, जो मंजूरी के स्तर पर हैं। जल्द ही इनकी मंजूरी मिलने के बाद कार्य शुरू हो जाएगा। इन सड़क परियोजनाओं में शुमार सोनबर्षा और रक्सौल सड़क परियोजना को स्थगित कर दिया गया है। इसकी वजह रक्षा मंत्रालय के स्तर से भारत-नेपाल सीमा पर बन रही सीमावर्ती सड़क परियोजना में यह क्षेत्र शामिल है। जिन 22 परियोजनाओं का कार्य जारी है, उसमें महात्मा गांधी सेतू के समानांतर 4 लेन का पुल, पटना-कोईलवर 4 लेन सड़क, उमगांव-सहरसा सड़क के साथ ही कोसी पर पुल, मुंगेर-मिर्ज़ाचौकी 4 लेन सड़क, गंगा नदी पर बन रहा विक्रमशीला सेतू समेत अन्य योजनाएं शामिल हैं। बिहार पैकेज का दूसरा मुख्य हिस्सा रेलवे से जुड़ी 9 परियोजनाएं हैं, जिनमें 5 का काम पूरा हो गया है और 4 का काम जल्द पूरा होने जा रहा है। अब तक 4 हजार 841 करोड़ रुपये खर्च करके 652 किमी रेल लाइन का निर्माण या दोहरीकरण कार्य हो चुका है। जबकि, 466 किमी की चार परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है, जिस पर 7 हजार 736 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। जिन प्रमुख रेल परियोजनाओं इस वर्ष के अंत तक पूरा होने की संभावना है, उसमें किउल-गया लाइन का दोहरीकरण, समस्तीपुर-दरभंगा के बीच दोहरीकरण, धनबाद-सोननगर के बीच तीसरी लाइन और रामपुर डुमरा टाल लाइन का दोहरीकरण एवं राजेंद्र पुल का निर्माण कार्य शामिल है। राजधानी पटना के (शेष पृष्ठ 10 पर)

किराया पर दुकान और फ्लैट उपलब्ध है

प्रो.- हरि सिंह मो०-9835313205, 9431792541

हरि ओम रेसिडेंसी

नोटः- हमारे यहां दुकान एवं फ्लैट भाड़े पर उपलब्ध है।
हमारे यहां फ्लैट 2 B.H.K जिसमें 2 रूम, बड़ा डाईनिंग हॉल, किचेन पूजा रूम, लैट्रिन, बाथरूम, बालकोनी एवं बेसमेन्ट की भी सुविधा उपलब्ध है।

( मैनेजमेन्ट :- रामनंदन यादव मो०- 8521967282 )

पताः- नर्मदेश्वर नगर, नियर-हवेली रिसॉट, लार्ड बुद्धा रोड, जसोइया मोड़, औरंगाबाद

# डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं में बिहार देश में अव्वल

## लगभग 90% से अधिक स्वास्थ्य संस्थान हुए पेपरलेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के क्रियान्वयन में बिहार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य में शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में 92% ओपीडी पंजीकरण अब ऑनलाइन हो रहे हैं, वहीं मरीजों की जांच के लिए क्यूआर कोड स्कैन की संख्या भी सबसे अधिक है। यह उपलब्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और कुशल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस सफलता के केंद्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'स्कैन एंड शेयर' पहल है, जिसमें मरीज स्वास्थ्य संस्थान के प्रवेश द्वार पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे परामर्श के लिए जा सकते हैं, जिससे लंबी कतारों और कागजी प्रक्रिया की झंझट समाप्त हो गई है। इस सरल लेकिन क्रांतिकारी कदम और आभा आईडी की व्यापक स्वीकृति से सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अब परामर्श से लेकर दवा लेने तक में कुल समय मात्र 45 मिनट के लगभग ही लगता है जो पहले एक घंटे से भी अधिक था। इस डिजिटल परिवर्तन के प्रभाव और पैमाने को समझने के लिए तीन दिवसीय दौरे पर आए नौ सदस्यीय राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय, पटना स्थित अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का दौरा किया। वहां राज्य स्वास्थ्य



समिति के प्रशासनिक पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कैसे राज्य की भव्या योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अनुरूप, पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवा की सुलभता और गुणवत्ता की परिभाषा बदल रही है। राजधानी पटना स्थित यह कमांड सेंटर राज्य के सभी जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों से रियल-टाइम फीड प्राप्त करता है जिससे त्वरित अलर्ट, अनुपालन निगरानी और सभी स्तरों पर सुचारु संचालन सुनिश्चित होता है। इस प्रणाली को जिला स्तरीय कमांड सेंटरों और डाटा एनालिटिक्स यूनिट्स का भी समर्थन प्राप्त है जिससे संभावित स्वास्थ्य आपात स्थितियों की पहचान और प्रबंधन वास्तविक समय में संभव हो पाता है। नालंदा के सिलाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनिधिमंडल द्वारा किए गए क्षेत्रीय दौरे में मरीजों ने इस नई डिजिटल प्रक्रिया की सुविधा और प्रभावशीलता की पुष्टि की और बताया कि यह पूर्व की जटिल प्रणाली की तुलना में पूरी तरह से परिवर्तित और सरल है। बिहार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के सीईओ शशांक शेखर सिन्हा ने मीडिया को बताया कि राज्य न केवल ओपीडी पंजीकरण हेतु क्यूआर कोड स्कैन में अग्रणी है बल्कि सबसे अधिक इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (तैयार करने में भी देश में शीर्ष पर है। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार को केंद्र सरकार की डिजिटल हेल्थ इंसेंटिव स्कीम के तहत सर्वाधिक प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है जिसका उपयोग राज्य की डिजिटल स्वास्थ्य अधोसंरचना को और मजबूत करने में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डिजिटल मिशन और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत की गई सशक्त पहलों के माध्यम से बिहार ने यह सिद्ध किया है कि रणनीतिक डिजिटल अपनाने और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के ज़रिये सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक कुशल, समावेशी और उत्तरदायी बनाया जा सकता है।

# राज्य सवर्ण आयोग का उपाध्यक्ष बनने पर राजीव रंजन प्रसाद को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के समान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना निर्गत कर युवा एवं संघर्षशील अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की उपज, ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद को उच्च जातियों के विकास के लिये राज्य सवर्ण आयोग का उपाध्यक्ष बनाया है। यह जानकारी मिलते ही सवर्ण विशेषकर चित्रांशो में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। वे उनके निवास स्थान पटना पहुंच कर या दूरभाष से बधाईयां दे रहे हैं। इसी क्रम में वैशाली जिला निवासी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार रतन, अभाकाम के अध्यक्ष पूर्व मुखिया दीपक कुमार सिन्हा, अधिवक्ता अमरदीप फूलन, अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष राज कुमार दिवाकर, पंकज कुमार, उमेश श्रीवास्तव, संजीव कुमार, आकाश अधिवक्ता, रवि कुमार सिंह, ओमप्रकाश साह आदि ने उनसे व्यक्तिगत



रुप से मिलकर बुके, माला स्वरचित पुस्तक देकर उनका स्वागत-सत्कार अभिनंदन करते हुए बधाइयां दी। इन लोगों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति भी तहे दिल से आभार व्यक्त किया। श्री रतन ने कहा कि राजीव प्रसाद से सवर्णो को बल मिलेगा, उनकी समस्याओं का शीघ्र निदान होगा। श्री राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि यह बधाई हमारी नहीं सभी की है जिसके स्नेह सहयोग से हमे इस जिम्मेवारी को वहन करने की ताकत मिलेगी।

# बिहार बोर्ड के सात छात्र-छात्राओं को मिला रमन बंका अवार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रमन प्रकाश बंका आईपीएस स्मृति ट्रस्ट के तत्वावधान में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साहू जैन हॉल में रमन अवार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईआरसीटीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार जैन ने शहीद रमन प्रकाश बंका के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त सपरिवार सभी अतिथियों, ट्रस्टियों तथा सभागार में उपस्थित प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथि संजय कुमार जैन ने बताया कि वे और शहीद रमन कोलकाता में सीए करने तथा यूपीएससी की तैयारी के लिए दिल्ली के मुखर्जी नगर में एक साथ थे। उन्होंने कहा कि रमन बहुत ही मेधावी, मिलनसार, मददगार और साहसी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि अपने शहीद पुत्र रमन की स्मृति में वर्ष 2014 में ट्रस्ट का गठन किया गया और इसके




माध्यम से वर्ष 2015 से प्रत्येक वर्ष रमन अवार्ड वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटर के विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को ट्रस्ट द्वारा रमन अवार्ड से अलंकृत किया जाता है। इसके अलावा मैट्रिक में अगर छात्र राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं तो छात्राओं एवं छात्रों में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को भी रमन अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। रमन अवार्ड में एक लाख रुपये की राशि, एक मेडल और प्रशस्ति-पत्र सम्मिलित है। इस वर्ष 2025 में 7 छात्र-छात्राओं को रमन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में पश्चिम चंपारण की अंशु कुमारी, समस्तीपुर से साक्षी कुमारी एवं भोजपुर से रंजन वर्मा ने 489 अंक प्राप्त किए। बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों में ये सबसे अधिक है। वर्ष 2023 में शेखपुरा से रूमान अशरफ, वर्ष 2024 में पूर्णिया से शिवांकर कुमार को भी इतने ही अंक प्राप्त हुए थे। इसके अतिरिक्त आईएससी में पश्चिमी चंपारण से प्रिया जायसवाल, आइकॉम में वैशाली जिले से रौशनी कुमारी तथा आईए में वैशाली जिले की अंकिता कुमारी तथा बक्सर से रंजन वर्मा को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रमन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# ब्रेन ट्यूमर अब लाइलाज नहीं : डॉ. मुकुन्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस के मौके पर रविवार को ब्रेन ट्यूमर सर्वाइवर्स प्रोग्राम आयोजित किया गया। ये वे ब्रेन ट्यूमर सर्वाइवर्स हैं जिनका इलाज जयप्रभा मेदांता में किया गया। इलाज के बाद से ये ट्यूमर सर्वाइवर्स अपना जीवन-यापन सामान्य रूप से अन्य लोगों की तरह कर रहे हैं। प्रोग्राम में आए लोगों को सम्बोधित करते हुए जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल के इंस्टीच्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज के डायरेक्टर डॉ. मुकुन्द प्रसाद ने कहा कि मस्तिष्क ट्यूमर की सर्जरी अब बिल्कुल सुरक्षित और प्रभावी है। मस्तिष्क के ऑपरेशन की तकनीक काफी उन्नत हो गयी है, इसलिए



सटीकता के साथ ऑपरेशन किया जाता है। चाहे कैंसरस या नॉन कैंसरस ट्यूमर हो, दोनों ही स्थिति में मरीज अच्छी जिन्दगी बिता सकता है। उन्होंने कहा कि अब ट्यूमर लाइलाज नहीं है, इसके ऑपरेशन से डरने की जरूरत नहीं है। शुरुआती दौर में ट्यूमर का ऑपरेशन हो जाने से यह पूर्णरूप से ठीक हो सकता है। डॉ. मुकुन्द ने कहा कि अगर किसी महिला-पुरुष में 20 से 30 वर्ष की आयु के बाद लगातार सिरदर्द रहे, मिर्गी आए और उल्टी हो तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए बल्कि फौरन किसी न्यूरोलॉजिस्ट से दिखाकर इलाज करवाना चाहिए। इस स्थिति में सिटी स्कैन में यह बीमारी पकड़ में आ जाती है। ट्यूमर दवा से ठीक नहीं होता। इसका इलाज ऑपरेशन से ही संभव है। उन्होंने कहा कि लगातार सिरदर्द होना, मिर्गी आना, पक्षघात हो जाना, आंख की रोशनी कम होना, चलने में लड़खड़ाहट, उल्टी होना, कोई चीज आंख से डबल दिखना ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ट्यूमर को लेकर लोगों में जागरूकता जगाने की जरूरत है ताकि समय रहते लोग अपना इलाज करा सकें। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा कि हमारे हॉस्पिटल में न्यूरो के इलाज के लिए वे सारे इलाज, ऑपरेशन, तकनीक और सुविधाएं उपलब्ध हैं जो देश और विदेश में मौजूद हैं। इस मौके पर न्यूरो सर्जरी के डॉ. आबता बच्चन और डॉ. आशीष कुमार झा, न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर डा कुणाल कुमार आदि लोग भी मौजूद थे।

# पाकपरस्ती में डीप फ़ेक की फैक्ट्री बने हुए हैं राहुल गांधी : डॉ. संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य के मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि चीनी कांसुलेट का टूलकिट बने राहुल गांधी 'नरेंदर-सरेंडर' जैसी घटिया तुकबंदी से न केवल पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं बल्कि देश और यहां की सेना का भी अपमान कर रहे हैं। श्री सुमन ने रविवार को कहा कि जब देश के सीडीएस ने स्पष्ट तौर पर कहा कि हमने आठ घंटे में ही पाकिस्तान को घुटने टेकने पर विवश किया और उसके बाद उसने सीजफायर की मांग की तो फिर राहुल गांधी घटिया बयानबाजी कर किसे खुश करना चाह रहे हैं? उन्होंने कहा कि पाकपरस्ती में राहुल गांधी डीप फ़ेक की फैक्ट्री बने हुए हैं। प्रधानमंत्री के विरोध में वे देश के विरोध पर उतर आए हैं। राहुल गांधी का ही बयान है कि वे 'इंडियन स्टेट' से लड़ रहे हैं। ऐसे में उन्हें बताना चाहिए कि क्या वह चीन और पाकिस्तान के साथ हैं? सुमन ने कहा कि पीएम को तू-तड़ाक और अशिष्ट भाषा में सम्बोधित करना, भारतीय सेना के पराक्रम को झुठलाना और उसके शौर्य पर बार-बार सवाल उठाकर राहुल गांधी खुद को अविश्वसनीय बना लिए हैं। जेएनयू में जाकर 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का नारा लगाने वाले राहुल गांधी की राजनीतिक हताशा व कुंठा की यह परकाष्ठा है।

# ऑर्गेनिक ग्रॉसरी स्टोर फ्रेशोरा अर्थ का भव्य शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए पटना के बोरिंग रोड में अत्याधुनिक ऑर्गेनिक ग्रॉसरी स्टोर फ्रेशोरा अर्थ का भव्य शुभारंभ हुआ। यह स्टोर उन उपभोक्ताओं के लिए समर्पित है जो प्राकृतिक, रसायनमुक्त और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को अपनी जीवनशैली में अपनाना चाहते हैं। इस स्टोर का शुभारंभ फ्रेशोरा अर्थ के संचालक संकेत कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि फ्रेशोरा अर्थ में अनाज, मसाले, मिल्लेट्स, कूकीज, गुर, पास्ता, नूडल्स, ड्राई फ्रूट्स सहित विभिन्न प्रमाणित जैविक उत्पाद उपलब्ध हैं। स्टोर की स्थापना का उद्देश्य केवल उत्पादों की बिक्री



नहीं बल्कि एक स्वस्थ और टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। हम चाहते हैं कि लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग हों और ऐसी चीजें अपनाएं जो न केवल शरीर के लिए फायदेमंद हों, बल्कि प्रकृति के लिए भी अनुकूल हों। उन्होंने कहा कि शुभारंभ के अवसर पर हम अपने ग्राहकों को सभी उत्पाद पर आज से 1 सप्ताह तक 10 प्रतिशत तक की विशेष छूट दे रहे हैं। स्टोर सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक ग्राहकों की सेवा में उपलब्ध रहेगा। फ्रेशोरा अर्थ आने वाले समय में ऑनलाइन डिलीवरी सेवा की शुरुआत कर उपभोक्ताओं की सुविधा को और अधिक सहज बनाने की योजना भी बना रहा है। मौके पर फ्रेशोरा अर्थ से जुड़े कर्मियों सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में रविवार को सभी रेल कर्मियों को स्वस्थ रहने एवं दूसरों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दानापुर जगजीवन स्टेडियम परिसर तक फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन मंडल क्रीड़ा संघ द्वारा किया गया। विदित हो कि फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत 29 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी जिसका उद्देश्य फिटनेस को हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। इस मूवमेंट का उद्देश्य व्यवहार में बदलाव लाना और शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय जीवनशैली की ओर बढना है। इस अवसर पर अभियान को




और सशक्त करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में एक साइकिल रैली का आयोजन भी किया गया जो मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से शुरू होकर जगजीवन स्टेडियम तक गई। इसमें मंडल के अधिकारियों, रेलकर्मियों, मंडल क्रीड़ा संघ के खिलाड़ी, रेल सुरक्षा बल के जवान एवं स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि फिट इंडिया फ्रीडम रन का उद्देश्य रेलकर्मियों एवं आम जनता के बीच फिटनेस को प्रोत्साहित करना और नागरिकों को आलस्य, तनाव, चिंता एवं अन्य बीमारियों से मुक्ति दिलाने में मदद करना है। मौजूदा समय एवं हालात के परिप्रेक्ष्य में प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने के लिए तंदुरुस्ती के मद्देनजर यह कार्यक्रम कहीं अधिक महत्वपूर्ण साबित होगा।

# समर कैम्प के समापन पर बच्चों ने बटोरी वाहवाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन एवं अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान एवं कला जागरण पटना के सहयोग से दादी मंदिर में बच्चों के लिए चलाये जा रहे समर कैम्प के अंतिम दिन बच्चों ने अग्रसेन भवन स्थित मुख्य हाल के मंच पर सम्मानित अतिथियों के सम्मुख अपनी कला का प्रदर्शन किया। अग्रवाल सम्मलेन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, समाजसेवी संजय भलोटिया, डॉ गीता जैन एवं अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि इस वर्ष समर कैम्प में करीब 70 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कैम्प में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी रंगमंच के वरिष्ठ निर्देशक सुमन कुमार, हैदराबाद सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, थियेटर आर्ट्स डिपार्टमेंट के प्रो. नितेश कुमार, नाटककार रणविजय सिंह के अतिरिक्त रीना कुमारी, निभा कुमारी एवं रोज सिंह एवं अन्य ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। अग्रवाल सम्मलेन के अमर अग्रवाल ने बताया लगातार 11 वर्षो से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष करीब 20 प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों ने




इस समर कैंप में भाग लिया। आज के कार्यक्रम की शुरुआत प्राप्ति मित्रा के गणेश वंदना से हुई। इसके बाद राज नंदिनी नें 'ऐ गिरी नन्दिनी, महिषासुर मर्दिनी' का पाठ किया जिसकी सबों ने प्रशंसा की। आदया, नियति, अयान, अनुष्का, प्रतिज्ञा, याशिता, अनन्या, आदर्श ने योग कर सबका मन मोह लिया। फिर सभी बच्चों ने मिलकर काला चश्मा एवं डांस का भूत नृत्य कर सबकी प्रशंसा बटोरी। प्रसिद्ध रंगमंच निर्देशक सुमन कुमार द्वारा निर्देशित हास्य नाटिका ठग ठगे गए का मंचन किया गया। इसमें समाज में ढोंगी पंडित लोगों को डराकर लोगों को ठगते हैं, उनको बेनकाब किया गया है। इसके बाद अर्जित, अगस्त्य, अनुष्का राज, ऋषभ, राज रानी, लक्ष्मी, दीक्षित, सान्वी, ध्रुव, विशाखा, यशवीर, प्राची ने स्कूल चले हम नृत्य कर सबका मन मोह लिया। इसके बाद मिल्की गोयनका, नव्या, हर्षिता आनंद, ऋद्धिशा, संस्कृति, रूद्राकिता द्वारा पसूरी मैशअप नृत्य किया जिसे सभी ने बहुत पसंद किया।कार्यक्रम में पूरा सहयोग करने के लिए समाजसेवी संजय भलोटिया, श्याम सुन्दर भरतिया, नन्द किशोर अग्रवाल मुन्नाजी अमित राज अकेला, अशोक शर्मा को सम्मानित किया गया। इसके साथ हीं तनुजा अग्रवाल, अनुपम प्रिया, पुष्पा जैन, सुनैना सिंह, सुरेन्द्र कौर को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाणपत्र दिया गया। कार्यक्रम में अमर अग्रवाल, पी के अग्रवाल, महामंत्री अक्षय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, जे पी तोदी, मीनाक्षी अग्रवाल, सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ नाट्य निर्देशक सुमन कुमार ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने दी ईद की मुबारकबाद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की गरिमामयी उपस्थिति में ईद मुबारक कार्यक्रम का आयोजन प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. एस.ए. रज़ा के निवास पर यह



आयोजित हुआ जिसमें अशोक मनकानी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सईदा रज़ा, डॉ. रज़ा के सुपुत्र वकार एवं उनकी पत्नी अनम, डॉ. मोहम्मद, सरफराज तथा परिवार के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस क्रम में राज्यपाल ने अपने सेवाकाल की अनेक स्मृतियां एवं सुंदर और आत्मीय भोजन के दौरान साझा कीं, जो अत्यंत प्रेरणादायक रहीं।

### गठबंधन नहीं ठगबंधन है महागठबंधन : गिरिराज सिंह

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के नेताओं में एक-दूसरे पर हमला तेज कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को पटना पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि लालू प्रसाद यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का सपना मगरमच्छ की तरह देख रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि महागठबंधन कोई गठबंधन नहीं है, बल्कि ठगबंधन है। इसमें शामिल दलों के लोग कब किसका पैर खींच दें इसकी लड़ाई चल रही है। लालू प्रसाद मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। लेकिन जनता ने मन बना लिया है कि बिहार में इनको सत्ता में कभी वापस नहीं लाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग कभी तेजस्वी को मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। बिहार की जनता जान गई है कि अगर ये मगरमच्छ आएगा तो बिहार को खा जाएगा। जनता ने फिर से एनडीए की सरकार बनाने का मन बना लिया है।

### उपमुख्यमंत्री बनना चाह रहे थे प्रशांत किशोर : संजय सिंह

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच चुनावी रणनीतिकार से राजनीति में आये प्रशांत किशोर को लेकर जदयू ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि आखिर वह कौन सी वजह थी कि मुख्यंत्री नीतीश कुमार ने प्रशांत किशोर को पार्टी से बाहर निकाला था। जदयू के विधान पार्षद संजय सिंह ने रविवार को पटना में प्रेस वार्ता कर कहा कि जब प्रशांत किशोर जदयू में थे, तब उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उपमुख्यमंत्री का पद मांगा था। उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता और पद प्राप्त करना था, न कि जनता की सेवा। संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें सम्मान दिया लेकिन अब वही प्रशांत किशोर उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। वे सिर्फ सत्ता के सौदागर हैं, शुद्ध रूप से व्यापारी। जनसुराज पार्टी उन्होंने सिर्फ पैसा खपाने के लिए बनाई है जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को नई पहचान दी है।

### महागठबंधन में सीएम के चेहरे को लेकर रार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे के बाद एक बार फिर से महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर घमासान शुरू हो गया है। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने एक बार फिर से कहा है कि तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को सिर्फ को-ऑर्डिनेशन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। उधर, कृष्णा अल्लावरू के बयान पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए तेजस्वी ने कहा कि किसी को इसके लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है और ना ही किसी को चिंता करने की कोई जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सब लोग मिलकर नया बिहार बनाएंगे। बिहार को बनाने की कवायद चल रही है। वहीं, राहुल गांधी के चुनाव फिक्स वाले बयान पर तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने बिल्कुल सही आशंका जताई है। जिस तरीके से चुनाव आयोग की कार्यशाली रही है, उससे तो यही आशंका जताई जा सकती है। चुनाव आयोग ने पिछले विधानसभा चुनाव में क्या किया? दिन में उन्होंने काउंटिंग को रुकवा दिया और रात के अंधेरे में काउंटिंग को शुरू किया और तीन-तीन बार प्रेस वार्ता करके अपनी सफाई दी। चुनाव आयोग भाजपा की सरकार की प्रकोष्ठ की तरह काम कर रही है, तो सवाल उठने जायज हैं।

### बिहार गौरव अवार्ड सह सांस्कृतिक समारोह संपन्न

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार स्वास्थ्य शिक्षा परिषद द्वारा 37वीं वर्ष



'बिहार गौरव अवार्ड' सह सांस्कृतिक समारोह का आयोजन विधायक आवास छज्जूबाग में किया गया जिसका उद्घाटन कुम्हरार विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी युवा नेता आनंद मोहन झा थे। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी संत ने किया। अतिथियों के हाथों संगीत निर्देशन में विनोद पंडित, समाजसेवा में आनंद मोहन झा, गायन एवं वादन में मनोज कुमार, नृत्य में प्रियंका श्रीवास्तव और विशेष रूप से नवीन कुमार को सम्मानित किया गया। कई पुरस्कारों से सम्मानित कवियत्री सुनीता रंजन ने अपने समसामयिक कविता पाठ से उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। देर रात तक सांस्कृतिक समारोह विनोद पंडित के संगीत निर्देशन में हुआ जिसमें इंदु कुमारी ने झूमर, मोहित कुमार लोकगीत, प्रियंका ने लोक नृत्य कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुए।

### आंख जांच कर लोगों को दिया चशमा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार स्वभिमान मंच के तत्वावधान में प्रेम यूथ



फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन जगमल बिगहा स्थित उच्च विद्यालय में शिविर लगाया गया। इस क्रम में आंख जांच कर लोगों को मुफ्त में दवा एवं चश्मा दिया गया। मौके पर उपस्थित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि बख्तियारपुर विधानसभा में यह 25वीं शिविर है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा ही संकल्प है कि भावना से हम लोगों की सेवा कर रहे है। वहीं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ्य तन में ही स्वस्थ्य मन निवास करता है। आगे भी इस तरह के और भी शिविर आयोजित किये जायेंगे। मौके पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार, डॉ अलाउद्दीन, सत्येन्द्र कुमार, सुनील कुमार, मृत्युंजय कुमार, दीपक कुमार स्वर्ण, शशि कुमार, नीरज कुमार, गोपाल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता ने पीड़ित परिवार से मिल दी सांत्वना

**दानापुर(नबिटा संवाददाता)।** दानापुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 19 के सुल्तानपुर पुलिस चौकी स्थित बुलेटन राय के तीन वर्षीय पुत्र का खुले नाले में डूबने से मौत हो गई थी। आज स्थानीय कार्यकर्ता द्वारा सूचना मिलने के उपरांत प्रदेश भाजपा नेता सनोज यादव सुल्तानपुर स्थित घर पर जाकर और शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि यह घटना हृदय विदारक घटना है। मृतक के पिता बुलेटर राय ने प्रदेश भाजपा नेता सनोज यादव को बताया कि विगत दिनों सुल्तानपुर पुलिस चौकी से एक बारात गुजर रही थी। बच्चे को जिंद पर बारात दिखाने रोड पर गया था। मेरा बच्चा हाथ पकड़े हुए था। अचानक कब हाथ छोड़कर चला गया पता नहीं चला। कुछ देर बाद खोजबीन की तो पता चला कि खुले नाले में वह गिरा पड़ा था। उसे निकालें तो उसकी सास नहीं चल रही थी। उसकी मौत हो चुकी थी।

# मां-बेटी की निर्मम हत्या, दामाद नोएडा से गिरफ्तार

## एसपी ने किया सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा, आरोपित रवि चौधरी उर्फ नाजिम ने हत्या की बात कबूली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नोखा थाना क्षेत्र के लेवड़ा गांव में बीते 30 मई को हुई दोहरी हत्या और एक युवती पर जानलेवा हमले के सनसनीखेज मामले का रोहतास पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस जघन्य हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी नाजिर हुसैन उर्फ रवि चौधरी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि ग्राम लेवड़ा में 60 वर्षीय संतरा देवी और 22 वर्षीय रूपाली कुमारी की हत्या कर दी गई थी, जबकि 18 वर्षीय अमृता कुमारी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में ट्रामा सेंटर वाराणसी में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद विशेष टीम गठित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जांच के दौरान मृतका संतरा देवी के दामाद नाजिर हुसैन उर्फ रवि चौधरी पर शक की सुई घूमी, जो घटना के दिन गांव में मौजूद था और हत्या के तुरंत बाद फरार होकर नोएडा चला गया था। तकनीकी जांच, मोबाइल सीडीआर और खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने नोएडा में छिपे आरोपी की तलाश शुरू की। कई बार ठिकाने बदल चुका आरोपी अंततः नोएडा के थाना फ़ेज-2 अंतर्गत नया गांव से पकड़ा गया। पूछताछ में नाजिर ने अपना जुर्म कबूलते हुए बताया कि उसकी साली रूपाली से प्रेम संबंध थे। वह उसे दोबारा अपने साथ नोएडा ले जाना चाहता था, लेकिन इंकार करने पर उसने गुस्से में आकर रूपाली की हत्या कर दी। शोर मचाने पर अमृता पर हमला किया, जो गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर मां संतरा देवी पहुंचीं तो उन्हें भी मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद आरोपित नोखा से सासाराम और फिर ट्रेन पकड़कर दिल्ली पहुंचा और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता रहा। लेकिन पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से अंततः उसे दबोच लिया गया। इस हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस द्वारा किए गए खुलासे से ग्रामीणों में आंशिक राहत की भावना है।

# बेलागढ़ी गोलीकांड में दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के बेलागढ़ी गांव में शनिवार सुबह हुई गोलीबारी की घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि शनिवार की सुबह करीब 7 बजे बेलागढ़ी गांव में हुए विवाद के बाद जयप्रकाश सिंह और सुग्रीव कुमार को गोली लगी थी। इलाज के दौरान जयप्रकाश सिंह की मौत हो गई, जबकि सुग्रीव कुमार घायल हैं और उनका इलाज जारी है।



इस मामले में मृतक के परिजन बिनोद सिंह ने अकोढ़ीगोला थाने में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ डेहरी वन कोटा किरण कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया, जिसमें अकोढ़ीगोला और नोखा थाने के थानाध्यक्ष भी शामिल थे।

पुलिस ने छापेमारी कर दो नामजद आरोपितों–बेलागढ़ी निवासी सुरेंद्र सिंह और रेखा थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी निवासी गांधी कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह उसका बिनोद सिंह और राम इकबाल सिंह से विवाद हुआ था। इसी का बदला लेने के उद्देश्य से वह अपने पुत्र विशाल कुमार, भतीजे जयप्रकाश कुमार और साथी संजय मिश्रा के साथ वैगनआर गाड़ी से बेलागढ़ी गांव पहुंचा था।

वहां पहुंचकर देशी राइफल से अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिसमें सुग्रीव कुमार और जयप्रकाश कुमार को गोली लगी। गोलीबारी के दौरान ग्रामीणों के विरोध पर आरोपी जयप्रकाश को घायल अवस्था में गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गोलीकांड के बाद गांव में दहशत का माहौल है, लेकिन पुलिस की सतर्कता से स्थिति अब नियंत्रण में है।

# मुख्य सड़क के बीचोबीच खुला नाला बना दुर्घटना का कारण

**भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में नाले के खुले रहने से जाम और झगड़े की स्थिति, सफाई के बाद ढंकने में प्रशासन ने नहीं दिखाई तत्परता**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हादसे को दे रहा है न्योता सड़क पर खुला नाला

**कुदरा।** कुदरा-भभुआ मुख्य सड़क पर पीएनबी बैंक के पास सड़क के बीचोबीच एक नाला हफ्तों से खुला पड़ा है, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। नगर प्रशासन द्वारा सफाई के लिए खोला गया यह नाला अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बन चुका है। यह सड़क न केवल शहर का प्रमुख मार्ग है, बल्कि यहीं से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों के अनुसार, यह क्षेत्र मुख्य बाजार का प्रवेश द्वार है, जहां दिनभर भीड़भाड़ बनी रहती है। नाले के खुले रहने से सड़क संकरी हो गई है, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। स्थानीय निवासी ऋषभ प्रताप सिंह का कहना है कि नगर प्रशासन ने नाला खोलने के बाद उसे सफाई के बिना ही छोड़ दिया है। कई हफ्ते बीत जाने के बावजूद न नाले की सफाई हुई है, न उसे ढंका गया है। इससे प्रशासन की घोर लापरवाही उजागर होती है। राहगीरों को जहां दुर्घटना का भय सताता है, वहीं दुकानदारों की बिक्री पर भी असर पड़ा है। इस खुली व्यवस्था के कारण सड़क पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। छोटे-बड़े वाहनों के बीच तू-तू, मैं-मैं और गाली-गलौज की घटनाएं आम हो गई हैं। कई बार विवाद मारपीट तक पहुँच जाते हैं। नागरिकों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि अतिशीघ्र नाले की सफाई कर उसे ढंका जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# ट्रेन से गिरकर रोहतास की दो बहनें घायल, एक रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर स्थित कर्मनाशा रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक दर्दनाक हादसे में रोहतास जिले की दो नाबालिग बहनें चलती ट्रेन से गिरकर घायल हो गईं। दोनों को तत्काल एंबुलेंस से दुर्गावती के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज किया गया। घायल बच्चियों की पहचान खुशी कुमारी (13 वर्ष) एवं खुशबू कुमारी (14 वर्ष) के रूप में हुई है, जो रोहतास के चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पलौदा गांव निवासी शिव प्रसाद राम की बेटियां हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों बहनें कुदरा रेलवे स्टेशन से गलती से एक एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हो गई थीं। उन्हें भभुआ रोड स्टेशन पर उतरना था, लेकिन ट्रेन वहां नहीं रुकी। जैसे ही ट्रेन कर्मनाशा स्टेशन पर धीमी हुई, उतरने की कोशिश में दोनों बहनें चलती ट्रेन से गिर पड़ीं। पीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ. अशोक मिश्रा ने बताया कि शाम चार बजे घायल बच्चियों को एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद पता चला कि खुशबू कुमारी की स्थिति स्थिर है, जबकि खुशी कुमारी के मस्तिष्क में गंभीर चोट आई है, जिसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल दोनों बच्चियों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है।

# डीएम ने अधौरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर के जिलाधिकारी ने रविवार को अधौरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र सह वनवासी सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यह केंद्र भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत कार्यरत अग्रणी संस्थानों में से एक है, जिसका संचालन वनवासी सेवा केंद्र नामक गैर-सरकारी संस्था करती है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संस्थान की कार्यप्रणाली, संसाधनों और ग्रामीण व आदिवासी समुदायों के हित में चल रहे कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केवीके कैमूर द्वारा किसानों को नवीन कृषि तकनीकों से जोड़ने, पोषण व खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा स्थानीय कृषि चुनौतियों के समाधान देने का कार्य उल्लेखनीय है। डीएम ने संस्थान के अनुसंधान फार्म, प्रशिक्षण हॉल,



महिला कृषक कार्यक्रम, डेयरी और बागवानी इकाइयों का अवलोकन किया और उपस्थित वैज्ञानिकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि केवीके और वनवासी सेवा केंद्र जैसी संस्थाएं ग्रामीण परिवर्तन की रीढ़ हैं। इनका योगदान केवल कृषि में नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सुझाव दिया कि संस्था को अपने कार्यों और शोध निष्कर्षों को डिजिटल माध्यम से अधिकाधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रयास करना चाहिए, जिससे तकनीकी जानकारी समय पर और सुलभ रूप से उपलब्ध हो सके। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा भी दिलाया। उल्लेखनीय है कि वनवासी सेवा केंद्र की स्थापना 1968 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा से की गई थी। यह संस्था कैमूर के सुदूरवर्ती व पिछड़े वनवासी क्षेत्रों में कृषि, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वच्छता, सिंचाई व जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में गत चार दशकों से सक्रिय है। संस्था का उद्देश्य स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर गांवों का निर्माण करना है।

# लेबोरेट फार्मास्युटिकल कंपनी में जीएनएस विश्वविद्यालय के 16 छात्रों का चयन

## कुलपति, कुलाधिपति व शिक्षकों ने दी बधाई, प्लेसमेंट सेल ने साझा की जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुहार (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के फार्मेसी संकाय के 16 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित दवा निर्माता कंपनी लेबोरेट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में ट्रेनी ऑफिसर (क्वालिटी एश्योरेंस विभाग) के रूप में चयनित होकर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल प्रभारी वेदांत कुमार प्रजापति ने दी। उन्होंने बताया कि यह सफलता विश्वविद्यालय की उद्योग-जगत से मजबूत सहभागिता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली का प्रतिफल है।

छात्रों की इस कामयाबी पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, कुलपति डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकुलपति डॉ. जगदीश सिंह तथा नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**चयनित विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं—**

भास्कर, अक्षय कुमार, प्रशांत कुमार, हरि नारायण, भानु प्रताप राय, विवेक कुमार, अनुज कुमार, अंकित कुमार, सागर कुमार, अभिषेक कुमार, प्रवीण कुमार, सत्यम कुमार, मोहित कुमार, प्रियांशी कुमारी, आनंद राज और निलेश कुमार। यह सफलता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की व्यावसायिक दक्षता, समर्पण तथा उद्योग-उन्मुख शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# पुलिस महकमे में तबादला, परवलपुर और वेना को मिले नए थानाध्यक्ष

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** पुलिस महकमे में एक बार फिर तबादले का दौर जारी है। इसी क्रम में जिले के दो थानों को नए थानाध्यक्ष मिले हैं। संजीव कुमार सिंह को परबलपुर थाना की कमान सौंपी गई है वहीं, विकास कुमार यादव को वेना थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। संजीव कुमार सिंह इससे पूर्व राजगीर थाना में पदस्थापित थे। उनके कार्यकाल के दौरान राजगीर में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था के मामले में अच्छी पकड़ मानी जाती थी। दूसरी ओर, विकास कुमार यादव अब तक अभियोजन शाखा में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब उन्हें फील्ड में उतारते हुए वेना थाना का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा, इंस्पेक्टर चंद्र भानु को साइबर थाना से स्थानांतरित कर अंचल पुलिस निरीक्षक, हिलसा बनाया गया है।

# हरनौत नपं में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हरनौत (नालंदा)।** नगर पंचायत क्षेत्र के आदर्श थाना के पीछे में स्थित पशुचारा ग्राउंड में रविवार से क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को उल्लास पूर्वक वातावरण में किया गया। मैच का विधिवत उद्घाटन फीता काट कर आयोजक सह समाजसेवी श्रीराम मुखिया ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक विभूति भूषण (अधिवक्ता), विशिष्ट अतिथि के रूप में सद्भावना मंच (भारत) के संस्थापक सह समाजसेवी दीपक कुमार जाने माने लोकगायक भैया अजीत समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान मौके पर सैंकड़ों की तादाद में उपस्थित दर्शकों ने टूर्नामेंट उद्घाटन उपरांत आगत अतिथियों का स्वागत किया।

# डिहरी ऑन-सोन में पहली बार एक्यूप्रेशर ईयर ओरिकुलर थेरेपी शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** रोहतास जिले में पहली बार डिहरी ऑन सोन के पाली रोड स्थित आदित्यालय किड्स थेरेपी एंड वैलनेस सेंटर में रविवार को एक दिवसीय एक्यूप्रेशर ईयर ओरिकुलर थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेषकर बौद्धिक रूप से चुनौतीपूर्ण बच्चों और दिव्यांगों को लाभ पहुंचाना तथा उनके अभिभावकों को इस पद्धति की जानकारी देना था। इस अवसर पर एक्यूप्रेशर व चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. धीरज सिंह ने कई विशेष बच्चों की जांच कर उन्हें एक्यूप्रेशर से उपचार के संबंध में परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि यह एक प्राकृतिक और बिना दवा की चिकित्सा पद्धति है,



जो बच्चों की विभिन्न समस्याओं में असरदार साबित हो रही है। कार्यक्रम में मौजूद डॉ. निषाद ने बताया कि विशेष समस्याओं से जूझ रहे बच्चों के लिए एक्यूप्रेशर एक महत्वपूर्ण चिकित्सा विकल्प है। वहीं, डॉ. सिम्पी ने कहा कि जो बच्चे बोलने, सुनने, चलने, उठने-बैठने या शरीर के संतुलन में परेशानी महसूस करते हैं, उनके लिए यह थेरेपी काफी उपयोगी हो सकती है। नियमित एक्यूप्रेशर थेरेपी से बच्चों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

शिविर में अभिभावकों को घरेलू स्तर पर भी इस चिकित्सा पद्धति को अपनाने की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निषाद क्लिनिक और आदित्यालय किड्स थेरेपी सेंटर के सभी चिकित्सकीय स्टाफ एवं थेरेपिस्ट मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और अधिक जागरूकता अभियानों की मांग की।

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन देवपूजन एवं हवन यज्ञ आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड के कोर्रा गांव में आयोजित 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन सुबह में देवपूजन एवं हवन - यज्ञ कार्यक्रम आयोजित हुआ। देवपूजन में 251 जोड़े दंपत्ति ने भाग लिया जबकि दो हजार से अधिक श्रद्धालुओ ने हवन -यज्ञ कर अपनी आहुति यज्ञ भगवान को समर्पित किया। मौके पर उपस्थित शांतिकुंज हरिद्वार से आये टोली नायक बालकराम रतनमुल ने अपने सम्बोधन में कहा की कोर्रा में आयोजित गायत्री महायज्ञ अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित किया गया है। यह महायज्ञ विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि, राष्ट्र जागरण और मनुष्य में देवत्व का उदय करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि



यज्ञ के दौरान देवपूजन, दान, संगतीकरण से कई प्रकार की ऊर्जा की प्राप्ति होती है। गायत्री महायज्ञ में दर्जनों गांव के श्रद्धालु भक्त पहुंच कर इसका लाभ उठा रहे हैं। हालांकि इस महायज्ञ में महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक देखी जा रही है। पूर्व विधायक राहुल शर्मा देवपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए तथा शांतिकुंज प्रतिनिधि द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला प्रतिनिधि हरिजी द्वारा साहित्य देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि आज प्रातः यज्ञ एवं संस्कार कराये जाएंगे। वहीं शाम में युग संगीत, प्रवचन एवं दीप महायज्ञ कर हजारों दीपक जलाएं जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य ट्रस्टी श्यामनंदन शर्मा ने बताया की हजारों की संख्या में श्रद्धालु दीप महायज्ञ में शामिल होंगे. इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, मुकेश कुमार, सुमंत शर्मा, अरविन्द शर्मा , बिनोद कुमार, कमलेश कुमार, शम्भू शर्मा, अजय शर्मा सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता दर्जनो की संख्या में उपस्थित थें।

# आपसी विवाद में साढ़ू ने साढ़ू को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी-ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटार गांव में रविवार को आपसी पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब दो साढ़ुओं के बीच कहासुनी के बाद गोली चल गई। इस घटना में एक साढ़ू गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



घटना की जानकारी मिलते ही इंद्रपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोटा किरण कुमार ने बताया कि शनिवार को ही दोनों साढ़ुओं – आशीष और रितेश रंजन – के बीच किसी पारिवारिक मुद्दे को लेकर विवाद हुआ था, जो रविवार को गोली चलने तक पहुंच गया।

आरोपित आशीष ने रितेश रंजन पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार, दोनों साढ़ुओं के बीच लंबे समय से निजी विवाद चल रहा था, जो अब हिंसक रूप में सामने आया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपी आशीष, रितेश के किराए के घर पर पहुंचा और वहीं गोली चलाई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है। मामले की गहन जांच की जा रही है, और पुलिस ने जल्द ही घटना के सभी पहलुओं को उजागर करने की बात कही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोनों का ससुराल डिलीयां गांव में है। घायल रितेश रंजन, चेनारी थाना क्षेत्र के रेडिया गांव का निवासी बताया गया है और वह कटार गांव में किराए के मकान में रह रहा था।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चल रही चोरी की स्कॉर्पियो शिवसागर टोल प्लाजा पर पकड़ी गई

## सचेत वाहन मालिक की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, एक आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** शिवसागर थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा पर पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलायी जा रही एक चोरी की स्कॉर्पियो को जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वाहन पटना जिले के धनरूआ थाना अंतर्गत मनिकपुर गांव से चोरी की गई थी।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी कि गाड़ी में बीआर 02 पीए 6136 नंबर की नंबर प्लेट लगी थी, जो फर्जी निकली। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि असली नंबर इसी संख्या की स्कॉर्पियो अजय कुमार सिंह के नाम से निबंधित है, जो सासाराम के एक निवासी हैं। पीड़ित अजय कुमार सिंह ने चार जून को



शिवसागर थाना में लिखित शिकायत दी थी कि उनकी स्कॉर्पियो उनके घर पर खड़ी है, फिर भी सासाराम टोल प्लाजा से उनके नाम पर टोल भुगतान का मैसेज आया। इस आधार पर उन्होंने फर्जी नंबर प्लेट के दुरुपयोग की आशंका जताई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष शिवसागर ने तत्काल जांच शुरू की। सूचना मिली कि उक्त फर्जी नंबर वाली स्कॉर्पियो शिवसागर टोल प्लाजा से गुजरने वाली है। इस आधार पर टोल पर निगरानी रखी गई। कुछ देर बाद सफ़ेद रंग की स्कॉर्पियो दिखी, जिसे रोककर गाड़ी के चालक संजय कुमार को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में संजय कुमार ने बताया कि वाहन चोरी की है और पुलिस से बचने के लिए फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग किया गया था। इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस द्वारा आरोपित के अपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई को लेकर आमजन में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ी है।

# सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**थरथरी (नालंदा)।** थरथरी थाना क्षेत्र के मेहतरवां मोड़ के पास रविवार की शाम को टोटो पलटने से एक वर्ष के नवजात की मौके पर ही मौत हो गई। टोटो चालक सहित छह लोग जख्मी हो गए। सभी घायल एक ही परिवार के है। सभी जख्मी को स्थानीय लोगों ने पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जख्मी ने बताया कि जुनियार गांव से विवाह समारोह में शामिल होकर टोटो से सभी परिवार अपने घर रहुई थाना के खिदरचक लौट रहे थे। तभी मेहतरवां मोड़ के पास टोटो पलट गया। जिससे रहुई थाना के खिदरचक निवासी वीणा देवी, धर्मवीर राम, टोटो चालक विजय राम, उपेन्द्र राम, अनिता देवी, सिरसिया बिगहा निवासी आशा देवी जख्मी हो गयी। थरथरी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

# जज्बा : बच्चों को पढ़ाते हुए दीपमाला ने प्रथम श्रेणी से पास की ग्रेजुएशन की परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** जिनके इरादों में जान होती है, उन्हें मंजिलें भी सलाम करती हैं। इस कहावत को सच कर दिखाया है मोहनिया प्रखंड के भोपतपुर गांव की दीपमाला कुमारी ने। घर-घर जाकर बच्चों को पढ़ाते हुए दीपमाला ने स्नातक पार्ट-3 की परीक्षा में 921 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उनका परिवार, बल्कि पूरा गांव गौरवान्वित है।

दीपमाला शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज, भभुआ की छात्रा हैं। उनका कहना है कि बच्चों को पढ़ाने से उनकी अपनी पढ़ाई में भी सुधार आया और पढ़ने की क्षमता बढ़ी। उन्होंने कहा, ल्लबच्चों को सही मार्गदर्शन देना मेरी पहली प्राथमिकता रही है।



**माता-पिता का मिला भरपूर साथ**

दीपमाला के पिता प्रेमचंद शर्मा चाय की दुकान चलाते हैं और माता सोना देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद माता-पिता ने बेटी की शिक्षा में कभी कमी नहीं आने दी। दीपमाला कहती हैं, मेरी सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है, जिन्होंने मुझे हर कदम पर प्रोत्साहित किया।

**समाज के लिए बनी मिसाल**

दीपमाला की सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के प्राचार्य ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा, दीपमाला शुरू से ही मेधावी रही हैं। हमें गर्व है कि हमारे कॉलेज की छात्रा ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दीपमाला ने खासकर ग्रामीण लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया है। उनका मानना है कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।

**भविष्य का सपना**

दीपमाला अब उच्च शिक्षा प्राप्त कर शिक्षिका बनना चाहती हैं ताकि वह समाज में शिक्षा का दीप जला सकें। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि अगर लड़कियों को सही मार्गदर्शन और अवसर मिलें, तो वे हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा सकती हैं।

# किसानों को दी जा रही आधुनिक खेती की जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रविवार को नालंदा जिले के हरनौत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र प्रांगण में शारदीय कृषि जनकल्याण चौपाल सह जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार तथा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने भाग लिया और किसानों के बीच योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें



उन्नत खेती के लिए प्रेरित किया। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, कृषि यंत्रों और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ना है। इसके अंतर्गत वैज्ञानिकों की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को शून्य जुताई, ड्रोन के प्रयोग, फसल विविधीकरण, नकदी फसलों जैसे बेबी कॉर्न, स्वीट कॉर्न, स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, एप्पल बेर, रसभरी और तरबूज की खेती के बारे में जानकारी दे रही हैं।

नालंदा में कृषि विज्ञान केंद्र, हरनौत द्वारा वैज्ञानिकों की दो टीमों का गठन किया गया है, जिसमें उद्यान महाविद्यालय के वैज्ञानिक, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि कर्मी शामिल हैं। ये टीमें प्रतिदिन छह पंचायतों में जाकर किसानों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चला रही हैं। कार्यक्रम में ड्रोन तकनीक, स्मार्ट खेती, मशीनीकरण और कम लागत में अधिक उत्पादन के उपायों की भी जानकारी दी गई। किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा गया और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। देशभर में इस अभियान के तहत 700 से अधिक जिलों के 65,000 गांवों में 2,170 वैज्ञानिक टीमें भेजी जाएंगी। 731 कृषि विज्ञान केंद्र और 113 संस्थान इस मुहिम में शामिल हैं। किसान अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेंटर (1800-180-1551) पर संपर्क कर सकते हैं या बिहार कृषि ऐप, वॉट्सऐप ग्रुप और कृषि विभाग के सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। स्थानीय पंचायत कृषि कार्यालय या किसान सेवा केंद्र से भी मदद ली जा सकती है।

## शहीद विजय नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में मदारीचक मिल्की की टीम विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां।** प्रखंड के सरथुआ स्थित स्थानीय रेलवे ग्राउंड में खेले जा रहे शहीद विजय क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में सेवन स्टार मदारीचक की टीम ने रेड जोन हरनौत की टीम को 32 रनों से पराजित कर दिया। विजेता टीम से आशीष कुमार ने 36 बॉल पर 51 रनों की तेज पारी खेली।हैप्पी यादव ने 43 रन बनाए। निर्धारित 8 ओभर में सेवन स्टार की टीम ने 7 विकेट पर 104 रन बनाए जबकि रेड स्टार लक्ष्य का पीछा करती हुई 9 विकेट पर 72 रन ही बना सकी।इस आयोजन समिति के मुकेश कुमार, मंटू कुमार, अम्बर पटेल, सुमित कुमार, बमशंकर कुमार व अन्य ने बताया कि टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। एक अन्य मैच में सुपर किंग तोप दानवीर की टीम ने किंग्स इलेवन दौलतपुर की टीम को पर 10 विकेटों से जीत हासिल की।

## एक नजर

### शराब के मामले में एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के बुधन बिगहा गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि बुधन बिगहा गांव के रामप्रीत चौहान को गिरफ्तार किया गया है। उसे शराब के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मेंटेनेंस कार्य के कारण सोमवार को दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित

**पकरीबरावां।** विद्युत विभाग द्वारा सोमवार को बरसात पूर्व आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे पहले से पेयजल और अन्य आवश्यक कार्यों की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### बीएलओ की मूल्यांकन बैठक आज

**पकरीबरावां।** सोमवार को पकरीबरावां प्रखंड के सभी बीएलओ की बैठक दोपहर 2 बजे कृषक महाविद्यालय धेवधा में आयोजित की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को पत्र जारी कर इसकी सूचना दी गई है। बैठक में मूल्यांकन कार्य से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी तथा उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

### हर घर नल जल योजना बनी मज़ाक, डीगोहियाडीह के ग्रामीण आज भी गड्ढे का पानी पीने को मजबूर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार द्वारा बहुप्रचारित हर घर नल का जल योजना ज़मीनी हकीकत से कोसों दूर है। नवादा जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव डीगोहियाडीह के ग्रामीण आज भी गड्ढों में जमा पहाड़ी रिसाव के पानी से प्यास बुझाने को मजबूर हैं। सरकार के विकास के दावे, अधिकारियों की बैठकें और योजनाओं की लंबी फ़ेहरिस्त—सभी कागज़ों और मंचों पर सजी-संवरी दिखाई देती हैं, पर जमीनी सच्चाई इसके ठीक उलट है। गांव में जल आपूर्ति की व्यवस्था आज तक नदारद है। ग्रामीण गड्ढों में जमा गंदे पानी को ही पीने और भोजन पकाने के लिए उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो योजना केवल शाब्दिक घोषणाओं और बोर्ड-बैनरों में ही सजी है। नल-जल योजना उनके लिए एक दिवास्वप्न बनकर रह गई है। हर साल गर्मियों की शुरुआत होते ही पेयजल संकट चरम पर पहुंच जाता है, पर स्थायी समाधान के बजाय केवल निर्देशों की खानापूर्ति कर दी जाती है। सिर्फ डीगोहियाडीह ही नहीं, बल्कि कौआकोल, मेसकौर, गोविंदपुर, सिरदला और रजौली प्रखंड के दर्जनों गांवों में भी हालात कमोबेश यही हैं। सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों में इन मुद्दों की लगातार रिपोर्टिंग के बावजूद जिला प्रशासन की चुप्पी सरकार के विकास के दावों को ही कठघरे में खड़ा करती है।

ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि नल-जल योजना को कागज़ों से निकालकर धरातल पर उतारा जाए, ताकि उन्हें हर दिन पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष न करना पड़े।

## घर के समीप युवक का मिला शव आक्रोशितों ने की आगजनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर मोहल्ला में घर के समीप युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। परिवार वाले दोस्तों पर हत्या का आरोप लगा शव को सड़क पर रखकर आगजनी करते हुए जमकर हंगामा किया। मृतक परवलपुर थाना क्षेत्र के निश्चल गंज निवासी विजय कुमार शर्मा के 25 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार उर्फ लाला है। मृतक हैदराबाद में रहकर पेंट कंपनी में काम करता था। पिछले 20 मई को घर आया था। पिता विजय कुमार शर्मा पिछले 30 साल से बिहारशरीफ में किराए के मकान पर रहकर घूम घूम कर पेड़ा बेचा करते हैं। मृतक की मां मंजू देवी ने बताया कि शनिवार की शाम मोहल्ले में रहने वाले दोस्तों ने फोन कर बुलाया उसके बाद वह नहीं लौटा काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिला। रात के करीब 10 बजे एक व्यक्ति ने बताया कि कूड़ा पर एक युवक पड़ा हुआ है। इसके बाद इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उनका आरोप है कि दोस्तों ने नशा का ओवरडोज देकर उसकी हत्या कर शव को घर के समीप लाकर फेंक दिया है। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को परिवार वाले शव को रामचंद्रपुर अजंता सिनेमा के समीप सड़क पर रखकर टायर जलाकर आगजनी करते हुए जमकर हंगामा किया । परिवार वाले दोस्तों की गिरफ्तारी करने की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंचे लहेरी थानाध्यक्ष ने कार्रवाई का भरोसा दिया इसके बाद जाम हटाया जा सका।

## नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** रजौली अनुमंडल के परनाडाबर थाना क्षेत्र में नौ वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले में नवादा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। यह सनसनीखेज सफलता पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देश पर परनाडाबर थानाध्यक्ष नवनीत कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम की सक्रियता का परिणाम है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए थानाध्यक्ष को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। थानाध्यक्ष नवनीत कुमार ने अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल का दौरा किया और साक्षियों के बयान दर्ज किए, जिससे दुष्कर्म के प्रयास की पुष्टि हुई। नाबालिग पीड़िता को तत्काल



मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गिरफ्तारी एसडीपीओ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष नवनीत कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। महज 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपित अताउल्लाह उर्फ छोटू, जो स्वर्गीय अस्मत करीम का पुत्र है, को गया जिले के पंचायती अखाड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसे न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपित परनाडाबर थाना क्षेत्र का ही निवासी है। थानाध्यक्ष को मिलेगा सम्मान एसडीपीओ गुलशन कुमार ने थानाध्यक्ष नवनीत कुमार और उनकी टीम के प्रशंसनीय कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस त्वरित कार्रवाई और सफलता के लिए थानाध्यक्ष को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। इस गिरफ्तारी से न केवल स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, बल्कि अपराधियों को भी कड़ा संदेश गया है कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

नवादा पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित किया है कि अपराध के खिलाफ उनकी जीरो टॉलरेंस नीति और त्वरित प्रतिक्रिया समाज में सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने में सक्षम है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, 175 लोगों को मिला मुफ्त उपचार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, नालंदा जिला शाखा द्वारा रविवार को संस्था प्रांगण में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के नामचीन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने करीब 175 जरूरतमंदों की जांच कर उन्हें मुफ्त परामर्श और इलाज उपलब्ध कराया। शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित एवं निसहाय वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना है। इसमें डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. इंद्रजीत कुमार व डॉ. उमेश कुमार सिंह (फिजिशियन), डॉ. सुमित राज (हड्डी व नस रोग



विशेषज्ञ), डॉ. देवेंद्र प्रसाद (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. रवि कुमार (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रदीप कुमार सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट), डॉ. मो. शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट), डॉ. गौतम कुमार (होम्योपैथिक) जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवाएं दीं।

शिविर में आए मरीजों की विभिन्न रोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श, दवाइयां और जीवनशैली संबंधी सुझाव दिए गए।

शिविर में योग गुरु श्री राम जी प्रसाद ने भी सहभागिता की और प्रतिभागियों को योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक व्याधियों से निजात पाने के उपाय बताए। लगभग 35 से 40 लोगों ने योग सत्र में भी भाग लिया।

रेड क्रॉस सोसाइटी ने घोषणा की कि यह शिविर हर रविवार को आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। शिविर की सराहना करते हुए लाभार्थियों ने इसे गरीबों के लिए वरदान बताया।

## मॉडलिंग में नवादा का नाम रोशन करने वाले सिद्धार्थ पासवान को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के युवा मॉडल सिद्धार्थ पासवान को मिस्टर इंडिया यूनिवर्स प्रतियोगिता में रनरअप बनने पर रविवार को होटल राजमहल में भव्य फ़ेयरवेल एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्हें अंगवस्त्र, माला और बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, कलाकारों और सिद्धार्थ के समर्थकों ने उनकी उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताते हुए उन्हें आगामी सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। 18 वर्षीय सिद्धार्थ पासवान ने वाराणसी में आयोजित ग्लैमर प्रोडक्शन के बैनर तले तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। देशभर के 80 से अधिक प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मिर्ज़ापुर निवासी सिद्धार्थ के पिता अमरजीत पासवान झारखंड के गोमो रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट हैं, जबकि माता कुमारी चुलबुल नवादा में अधिवक्ता हैं। सिद्धार्थ वर्तमान में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहे हैं। बचपन से ही उन्हें मॉडलिंग का शौक था, जिसके चलते उन्होंने मॉडलिंग की ट्रेनिंग ली और पढ़ाई के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ते चले गए। सिद्धार्थ ने कहा कि वे आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं और मॉडलिंग की दुनिया में बिहार और नवादा का नाम रोशन करना उनका सपना है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नारदीगंज में कृषक गोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रविवार को नारदीगंज प्रखंड के कहुआरा, हरनारायणपुर और हंडिया गांवों में कृषक गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इन बैठकों का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना और फसल उत्पादन को बेहतर बनाना था।

गोष्ठियों में मुख्य रूप से कौआकोल स्थित सेखोदेवरा के कृषि वैज्ञानिक रौशन कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी (प्रभारी) अंजली कुमारी, एटीएम चंदन कुमार और प्रियंका कुमारी सहित अन्य कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया। उन्होंने किसानों को उन्नत बीज, संतुलित



खाद प्रयोग, और नई कृषि विधियों की जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने बताया कि खेतों में पोटाश खाद का प्रयोग अवश्य करें, जिससे दाने मजबूत और उत्पादन अधिक होगा। नैनो यूरिया खाद का छिड़काव दस लीटर पानी में एक डिब्बा घोलकर प्रति एकड़ खेत में करने की सलाह दी गई। डीएपी खाद को पौधों की जड़ों में देने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही किसानों को पुरानी खेती की पद्धतियों को छोड़कर आधुनिक तकनीकें अपनाने की अपील की गई।

गोष्ठी में किसानों ने भी खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने बताया कि बाजार में नकली और महंगे खाद की समस्या बनी हुई है। इस पर अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सरकारी स्तर पर उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण बीज और खाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की जांच परीक्षा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में रविवार को एनआईटीएन साइंस क्लासेज के द्वारा ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों का जांच परीक्षा आयोजित किया गया। जांच परीक्षा में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनआईटीएन साइंस क्लासेज के संचालक व शिक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि वर्ष 2026 एवं 2027 में इंटरमीडिएट बोर्ड में शामिल होने वाले बच्चों के लिए भौतिकी विज्ञान एवं रसायन शास्त्र विषय का जांच परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में



आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का पैटर्न पूरी तरह बिहार बोर्ड पर आधारित था। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के मनोबल को बढ़ाना है। ताकि बच्चे बोर्ड परीक्षा में अच्छी सफलता हासिल कर सके। मौके पर सहयोगी शिक्षक सुनील कुमार, अंकित कुमार, दीपक कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शराब के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**थरथरी (नालंदा)।** थरथरी थाना की पुलिस ने शनिवार को थानु बिगहा गांव के पास से चुलाई शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि एएसआई अर्जुन पासवान पुलिस बल के साथ गश्ती कर रहे थे। तभी सूचना मिली की एक युवक थानु विगहा के पास गैलन में शराब लिये जा रहा है। जैसे ही पुलिस गांव के पास पहुंची तो युवक शराब भरी गैलन छोड़कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव के राजेश कुमार के रूप में की गई है।

## राजेश कुशवाहा बने भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के पोकसी गांव निवासी राजेश कुशवाहा को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उन्हें भाजपा के जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने मनोनयन पत्र दिया है। उन्हें पकरीबरावां पश्चिमी का मंडल अध्यक्ष भी बनाया गया है। जिलाध्यक्ष ने अपने आवास पर



उन्हें अंगवस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। जिला मीडिया प्रभारी ने इसके लिए जिलाध्यक्ष सहित पार्टी के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास एवं उम्मीद के साथ उन्हें यह पद दिया है, वे इसका निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करेंगे। पार्टी की मजबूती के लिए वे हरसंभव कार्य करेंगे। उन्हें जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर एरुरी ग्राम कचहरी के सरपंच रूपेश कुमार, अजीत कुमार मेहता, उत्तम पासवान सहित अन्य ने खुशी का इजहार किया है।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के पुरानी पुल के पास रजौली मंडल के बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के महामंत्री सह बूथ सशक्तिकरण अभियान के बिहार प्रदेश के संयोजक राजेश वर्मा रहे। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने बूथ सशक्तिकरण के विषय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि रजौली मंडल में सभी बूथ समिति बनाकर जल्द से जल्द सत्यापित कर सरल ऐप पर चढ़ाएं। बिहार प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने मेरा बूथ, सबसे मजबूत का संकल्प



बैठक में उपस्थित सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं को दिलवाया। बैठक के बाद राजेश वर्मा ने पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं साथ वृक्षारोपण भी किया। मंच संचालन मनोज बरहपुरिया ने किया। मौके पर जिला महामंत्री अरविन्द कुमार गुप्ता, गौरव शांडिल्य गगन, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी, पूर्व विधायक कन्हैया कुमार, जिला मंत्री निशा राजवंशी, अन्नपूर्णा कपूर, सरोज राजवंशी, बसंती देवी, धनंजय कुमार धन्नू, दीपक कुमार दीपू, सुनील कुमार, आकाश कुमार, कार्यालय प्रभारी विनोद आर्या, ऋषि कपूर, पवन पांडेय, सोशल मिडिया जिला संयोजक संदीप कुमार, विकास सोलंकी, रेखा कुमारी, नवीन कंधवे के साथ कई लोग उपस्थित थे।

## भाकपा माले की नारदीगंज में बैठक, सरकार पर बोला तीखा हमला

**गरीबों-दलितों को उजाड़ने का लगाया आरोप, 12 जून को वारिसलीगंज में कैडर कन्वेंशन की तैयारी तेज**

नवबिहार टाइम्य ब्यूरो

**नवादा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की नारदीगंज प्रखंड इकाई द्वारा रविवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। बैठक की अध्यक्षता पार्टी प्रभारी सावित्री गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि मोदी और नीतीश कुमार की सरकार में गरीबों, दलितों और महादलितों पर चौतरफा हमला तेज हो गया है। सरकार बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए वर्षों से बसे लोगों को बेघर कर रही है। उन्होंने नवादा जिले के कृष्णा नगर, पड़पा और मधवन जैसे इलाकों का उदाहरण देते हुए कहा कि सौ वर्षों से बसे गरीबों को बलपूर्वक उजाड़ा जा रहा है। सावित्री गुप्ता ने कहा कि सरकार के इस रवैए से जनता अब जागरूक हो चुकी है, और इस बार बदलाव तय है। उन्होंने बिहार में बढ़ते अपराध—बलात्कार, हत्या और पलायन—को लेकर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि विकास के सारे दावे झूठे साबित हो रहे हैं।

बैठक में जानकारी दी गई कि 12 जून 2025 को भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य वारिसलीगंज में आयोजित कैडर कन्वेंशन को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारियां नारदीगंज में जोरों पर हैं। कन्वेंशन में नारदीगंज प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे।

बैठक में ब्रांच सचिव जगदेव मांझी, बिरोही मांझी, उमेश मांझी, सुमा देवी, सुनीता देवी, छठीया देवी, चिन्ता देवी, ममता देवी, सुधीर मांझी, रिंकू देवी, सुनैना देवी, लाक्षो देवी और मारो देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने अपने विचार रखे।

पार्टी की ओर से भाजपा भगाओ, देश बचाओ; लोकतंत्र बचाओ का नारा बुलंद किया गया।

## अमावां पश्चिमी पंचायत में स्वच्छता अभियान फेल : बीमारियों का डर, ग्रामीण बेहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड के अमावां पश्चिमी पंचायत में इन दिनों गंदगी का साम्राज्य पसरा हुआ है, जिससे ग्रामीण गंभीर बीमारियों के भय में जी रहे हैं। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी स्वच्छता अभियान का यहां खुलेआम मखौल उड़ाया जा रहा है, क्योंकि पिछले एक महीने से पंचायत में कचरा उठाने का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा है। पंचायत के विभिन्न वार्डों में जगह-जगह कूड़े-कचरे का ढेर लगा हुआ है। प्लास्टिक,घरेलू अपशिष्ट और सड़ी-गली चीजें सड़कों और नालियों के किनारे जमा हो रही हैं,जिससे भयंकर दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय निवासी मुक्कन राय, महेंद्र मेहता और अंकित कुमार समेत कई ग्रामीणों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि लगभग आठ महीने पहले पंचायत में कचरा उठाने का कार्य शुरू हुआ था, जिससे लोगों को काफी राहत मिली थी और आस-पास का माहौल स्वच्छ दिख रहा था लेकिन, पिछले एक महीने से अचानक यह काम बंद हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार मंडरा रहा है। खुले में पड़े कचरे पर मक्खियां और मच्छर पनप रहे हैं, जिससे मलेरिया, डेंगू, टायफाइड और पेट संबंधी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है। खासकर, आगामी बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकराल रूप ले सकती है, जब पानी जमा होने से मच्छरों का आतंक बढ़ जाएगा। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा और नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

**क्या कहते हैं सफाईकर्मी :-**

सफाई करने वाला नरेश चौधरी समेत कई लोगों ने बताया कि हमलोग गरीब परिवार से हैं,जो रोज कमाते हैं,तभी खाते हैं लेकिन विगत छह महीने से हमलोगों को साफ-सफाई करने के बावजूद मेहनताना नहीं मिला है, जिससे भूखे मरने की नौबत आ गया है।काम के बदले पगार नहीं मिलेगा,तो हमलोग काम कैसे करेंगे। सफाई कर्मचारियों ने जल्द से जल्द बकाया राशि दिलाने की मांग जनप्रतिनिधी व स्वच्छता पदाधिकारी से की है।

**क्या कहते हैं मुखिया:-**

जब इस गंभीर समस्या को लेकर पंचायत की मुखिया उपेन्द्र यादव से बात की गई,तो उन्होंने पंद्रह से बीस दिनों से कचरा उठाव कार्य बंद होने की बात स्वीकार की साथ ही उन्होंने कहा कि कचरा वाहन पलट जाने एवं चालक को चोट लगने कारण,नहीं आने से यह कार्य बाधित हुआ है और इसे जल्द ही शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।साथ ही मुखिया ने बताया कि सफाई कर्मियों को नियमित पैसा दिया जाता रहा है।लेकिन अब पैसा जिले से मिलता है, जिसके कारण देरी होता है। जिला में एडवाइस स्वच्छता प्रवेक्षक पिंकू कुमार बनाकर देते हैं,तभी मजदूरों को पैसा मिलता है। तीन महीने की राशि बनाकर भेजा गया है, जल्द ही राशि मजदूरों के खाते में जमा हो जाएगा।

**स्थानीय प्रशासन से लगाया गुहार:-**

परेशान ग्रामीणों ने प्रखंड समेत जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि इस अति महत्वपूर्ण समस्या पर तत्काल ध्यान दिया जाए। उन्होंने आग्रह किया है कि कचरा उठाने का कार्य अविलंब पुनः शुरू कराया जाए और पंचायत को बीमारियों के प्रकोप से बचाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ,तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# एनडीए की मजबूती को लेकर बूथ स्तर पर किया जाएगा कार्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** नगर परिषद के सामुदायिक भवन में विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत आगत नेताओं द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में नेताओं ने एनडीए की मजबूती को लेकर बूथ स्तर पर कार्य करने को जोर दिया व आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने में भागीदार बनने की अपील की। उन्होंने अपने कार्यकाल में किये गये विकास कार्य को गिनवाया व एनडीए कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई किया। डॉ कुमार ने कहा कि एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की सरकार ने सूबे में सुशासन के साथ विकास की नीति अपना सूबे को विकास के रास्ते पर लेकर गये है जिसे हम सभी की भागीदारी से आगे बढ़ाना है। गया पश्चिमी के भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा कि बिहार आज एनडीए के नेतृत्व में विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। राजद व कंग्रेस के शासनकाल पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि उनका शासनकाल बिहार के लिए काला अध्याय था। इसके अलावा अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप क्षेत्र की जनता को जागरूक करें और उन्हें बिहार की गौरवशाली परम्परा से अवगत कराने का काम करें। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मुकेश जैन व संचालन जदयू नेता प्रो चंद्रशेखर सिंह ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा चौरसिया, वेंकटेश शर्मा, अनुज कुमार, विधानसभा संयोजक प्रभाष आनंद, प्रदेश नेता शम्भू नाथ केशरी, भुवन मोहिनी, जदयू के जामिलु रहमान, हम के प्रखण्ड अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मंचासीन थे।

## आपत्तिजन तस्वीर वायरल करने मामले में प्राथमिकी

**टिकारी (गयाजी)/ नबिटा संवाददाता।** एक युवती का आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने, धमकी देने व मानसिक रूप से शोषण करने के मामले को लेकर टिकारी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़िता के पिता द्वारा टिकारी थाना में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि मेन थानाक्षेत्र के तुरी ग्राम के रहने वाले अवध बिहारी उर्फ मनोज शर्मा के पुत्र नीरज कुमार द्वारा उनकी पुत्री, दामाद व पुत्र के मोबाइल नम्बर व अन्य सोशल मीडिया पर विगत एक माह से पुत्री का आपत्तिजनक तस्वीर वायरल कर छवि धूमिल कर रहा है। मना करने के बावजूद भी बदनाम किया जा रहा है। विगत चार जून को युवती अपने पति के साथ जा रही थी इसी क्रम में मल्हेया बाजार में जबरन रुकवा कर रिश्ता तोड़वा देने की धमकी देने लगा। आरोपित की प्रताड़ना से परेशान युवती के पिता ने टिकारी थाना में शिकायत दर्ज कराई व कार्रवाई की मांग की है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पत्रकारों को रौंदने की कोशिश पुलिस संरक्षण में दलालों का खेल?

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी (गुरुआ)।** गयाजी जिला अंतर्गत गुरुआ थाना क्षेत्र में पत्रकारों पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। दो अलग-अलग स्थानों पर एक ही तरह की घटनाओं ने इलाके में सनसनी फैला दी है। आशंका जताई जा रही है कि यह हमले थानाध्यक्ष सरफराज इमाम और उनके कथित दलाल नेटवर्क के खिलाफ खबर लिखने का नतीजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दैनिक अमर स्तंभ के प्रमंडलीय प्रभारी निलय सिंह और नवबिहार टाइम्स के संवाददाता रंजीत कुमार ने कुछ दिन पहले गुरुआ थाना परिसर में दलालों की गतिविधियों और थानाध्यक्ष के संरक्षण की शिकायत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) शैलेन्द्र सिंह को लिखित रूप में दी थी। आवेदन में यह भी उल्लेख था कि थाने में रोजाना दलालों की उपस्थिति रहती है और थानाध्यक्ष की 'छत्रछाया' में गैरकानूनी गतिविधियां होती हैं। पत्रकारों का यह भी कहना है कि गुरुआ थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच से पूरी सच्चाई सामने आ सकती है, परंतु अब तक एसडीपीओ अथवा गया एसपी आनंद कुमार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसी बीच शुक्रवार को दस्तक प्रभात के संवाददाता रवि कुमार, जो गुरुआ से गया लौट रहे थे, को एक फोर-व्हीलर ने गुरुआ और दरियापुर के बीच जोरदार टक्कर मार दी। रवि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना में दैनिक अमर स्तंभ के निलय सिंह को भी दुहमान के पास एक अन्य फोर-व्हीलर द्वारा जानबूझ कर कुचलने की कोशिश की गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से उन्हें तत्काल संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उनके हाथ में फ्रैक्चर है। दोनों मामलों में संयोग नहीं, बल्कि साजिश की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय पत्रकारों का मानना है कि यह हमले उनके द्वारा पुलिस और दलालों के गठजोड़ की पोल खोलने के प्रयास का प्रतिशोध हो सकते हैं। उन्होंने अपील की कि पार्टी को समर्पण और ईमानदारी के आधार पर कार्यकर्ताओं को सम्मान देना चाहिए, न कि गुटबाजी और निजी हितों के आधार पर।

## डीजे बजाने को लेकर हुआ विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज (गया जी)।** प्रखंड के पतेड़ मंगरावां पंचायत के सुढ़नी गांव में शुक्रवार की देर शाम शादी कार्यक्रम के देवपूजी समारोह में डीजे बजाया जा रहा था। इसी दौरान एक गाने पर दो पक्षों के बीच मारपीट एवं पथराव होने लगा। इस क्रम में एक महिला ने छेड़खानी का भी आरोप लगाया है। वजीरगंज थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में करीब सात लोग घायल हुए हैं।

# समर्पित और पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी को लेकर पूर्व महामंत्री ने उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी गया जिला पूर्वी संगठन में वर्तमान में समर्पित और पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी को लेकर पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए वर्षों से समर्पित और जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर, ऐसे लोगों को संगठन में तवज्जो दी जा रही है जिन्होंने पार्टी के अधिकृत महापौर प्रत्याशी श्यामदेव पासवान को हराने में भूमिका निभाई। गोपाल प्रसाद यादव ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिला पूर्वी के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी, अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष देवानंद पासवान तथा नरेश चंद्रवंशी सहित अन्य नेताओं के द्वारा किया गया वैसे लोगों को जिला के संगठन में चयन में हो रहा है, जो पार्टी की विचारधारा और समर्पण से दूर रहे हैं। दूसरे जिला के लोगों को जिला संगठन में जगह दिया गया। उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकर्ता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, जो राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी कार्यक्रमों में सक्रिय हैं, राष्ट्रीय स्तर को हो या प्रदेश स्तर का हो या जिला स्तर का हो पार्टी का झंडा बुलंद करने वाले है। जिनके नेतृत्व में पार्टी का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं उन पर उंगलियां उठाई जा रही हैं, जबकि पार्टी हित में कोई ठोस काम न करने वाले फेसबुक नेताओं को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के हित में विचार किया जाए। हम सब भाजपा के निष्ठाबान कार्यकर्ता है। पार्टी सर्वोपरि है और पार्टी में कार्य करते रहेंगे, जिससे 2025 के चुनाव में गया जिला का दसों विधानसभा चुनाव में एनडीए की विजय सुनिश्चित है।

# राष्ट्रीय छात्र परिषद एवं ओजस्विनी ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की सहयोगी शाखा ओजस्विनी, राष्ट्रीय महिला परिषद, राष्ट्रीय छात्र परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से गया कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया गया। ओजस्विनी की जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, जिला मंत्री अमीषा भारती, राष्ट्रीय महिला परिषद की संरक्षक रजनी त्यागी, अर्पणा कुमारी, विभाग मंत्री राम बारीक, कार्याध्यक्ष मुक्तामणि, मुकेश मिश्रा, जिला मंत्री, अहिप, बबलू सिंह, जिला सह मंत्री, राष्ट्रीय बजरंग दल की उपस्थिति में राष्ट्रीय छात्र परिषद के सागर कुमार, योगेन्द्र कुमार पाठक, आदित्य कुमार, साहिल कुमार, प्रेम कुमार, दीपक कुमार, अरुण कुमार, राहुल सिंह, रुद्र सेन, स्वर्ण किरण, धर्मेंद्र कुमार एवं अन्य सदस्यों ने कॉलेज के मानविकी संकाय के समक्ष नीम, गुलमोहर, शीशम आदि के पौधे लगाये। ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ रश्मि ने बतलाया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ओजस्विनी, राष्ट्रीय महिला परिषद, राष्ट्रीय छात्र परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा समाज को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पौधारोपण का यह आयोजन किया गया। इसके पूर्व भी अहिप द्वारा सीता कुंड परिसर, आजाद पार्क परिसर एवं जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में पौधारोपण किया जाता रहा है। डॉ रश्मि ने पेड़-पौधों को शिव का रूप बताते हुए कहा कि ये हरे-भरे पेड़-पौधे ही हैं, जो वातावरण को विषाक्त करने वाले कार्बन डाईऑक्साइड गैस को प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया के दरम्यान ग्रहण करके ऑक्सीजन एवं भोजन में परिवर्तित कर डालते हैं। पेड़-पौधे प्राकृतिक ऑक्सीजन सिलिंडर्स हैं। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं, जल, थल एवं वायु प्रदूषण तथा कोरोना संकट जैसी वैश्विक चुनौतियों से निबटने हेतु हम सभी को पौधारोपण जैसे पुनीत कार्य में अनिवार्य रूप से भाग लेना चाहिए। ओजस्विनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनी ठुकराल एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत महामंत्री शशिकांत मिश्र ने संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इस प्रकृति संरक्षण की दिशा में इस शुभकार्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# शराबी युवक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने एक शराबी युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। युवक को थाना परिसर से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे रविवार को जेल भेज दिया। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कि ग्राम कमल बिगहा के अजय कुमार को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। युवक को थाना परिसर से पकड़ा गया, जहां वह शराब के नशे में धुत था और वह अपने गांव के आपसी विवाद को सुलझाने आया हुआ था। युवक के पास से बरामद बाइक की जांच की गई, जिसमें पता चला कि यह बाइक चोरी की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। इस मामले में आगे की जांच की जा रही है, जिसमें यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक ने बाइक कहां से चोरी की थी और उसके पीछे कौन लोग शामिल थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज

## टिकट की आस लगाए बैठे हैं नेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और टिकट की आस लगाए बैठे नेता सक्रिय हो गए हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने-अपने स्तर से टिकट के लिए प्रयासरत हैं। नेताओं की कोशिश है कि वे अपने क्षेत्र में अपनी पकड़ और पार्टी में अपनी स्थिति को मजबूत बनाकर टिकट हासिल कर सकें। इसको लेकर वे अपने क्षेत्र में जनसंपर्क और सामाजिक कार्यों के माध्यम से अपनी लोकप्रियता बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। वे अपने उम्मीदवारों का चयन करने के लिए सर्वे और फीडबैक ले रहे हैं, ताकि वे मजबूत और जीतने वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतार सकें।

# हंगामे की भेंट चढ़ा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष का चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गयाजी)।** राजद प्रखण्ड अध्यक्ष का चुनाव रविवार को हंगामे की भेंट चढ़ गया। नतीजतन प्रखण्ड अध्यक्ष पद की घोषणा नही की जा सकी। प्रखण्ड अध्यक्ष पद के लिए अधिकृत किये गये पार्टी के प्रखण्ड निर्वाचन पदाधिकारी रघुनाथ यादव ने बताया कि पार्टी के नियम के अनुसार प्रखण्ड अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गई जिसमें एक उम्मीदवार राजद नेता राम कुमार द्वारा नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। तय अवधि में राम कुमार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा पर्चा नही दाखिल किया गया। जिसके बाद अन्य गुट के राजद कार्यकर्ताओं द्वारा हंगामा शुरू कर चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न किया जाने लगा। जिसके बाद चुनाव प्रक्रिया को रोक दिया गया व चुनाव के लिए बुलाई गई बैठक को स्थगित कर दिया गया। श्री यादव ने बताया कि मामले की जानकारी पार्टी के जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कार्यालय को दी जाएगी।

# रोटरी गया के चारों क्लबों ने आगामी सत्र की रूपरेखा पर की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के अंतर्गत जोन-11 की एक महत्वपूर्ण बैठक गया के एक निजी होटल में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक रोटेरियन दीपक चड्ढा एवं जोन-11 के उप मंडलाध्यक्ष विजय सिन्हा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आगामी रोटरी सत्र 2025-26 की कार्ययोजना और समाजसेवा से जुड़े संभावित कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उल्लेखनीय है कि जोन-11 के अंतर्गत गया शहर के चार प्रमुख रोटरी क्लब– रोटरी क्लब गया, रोटरी क्लब मगध, रोटरी क्लब युवा एवं रोटरी क्लब उरुवीला– सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। बैठक में सभी क्लबों के अध्यक्षों एवं सचिवों ने भाग लिया और अगले सत्र के लिए अपने-अपने क्लब की प्राथमिकताओं, लक्ष्यों और सामूहिक परियोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में जोन अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सभी क्लबों के प्रतिनिधियों को 1 जुलाई 2025 से शुरू हो रहे नए सत्र के लिए प्रेरित करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने क्लब अध्यक्षों व सचिवों से आग्रह किया कि वे समय रहते आगामी सत्र के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दें और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेयर डॉ. विनोद सिंह, वरिष्ठ रोटेरियन विवेक अग्रवाल सहित क्लबों के अध्यक्ष एवं सचिव नीरज वर्मा, विकास सिजुआर, संतोष सिंह, ओझा, राहुल महाजन एवं कमल अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देने, संयुक्त परियोजनाओं को लागू करने तथा रोटरी के उद्देश्यों को प्रभावशाली ढंग से लागू करने के लिए रणनीतियां तय की गईं।

# जनता को गुमराह करने का काम कर रही सरकार : अशोक प्रसाद भारती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार के प्रत्येक पंचायत में विकास को गति देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने एक-एक करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी, जिससे गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा सके। लेकिन दुर्भाग्यवश, बिहार सरकार की उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह राशि समय पर उपयोग नहीं हो सकी और अंततः केंद्र सरकार को यह पैसा वापस लेना पड़ा। इस मुद्दे पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय सचिव अशोक प्रसाद भारती ने गहरी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार की प्राथमिकता राज्य का विकास नहीं, बल्कि केवल सत्ता की राजनीति है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार सिर्फ जुमलेबाज़ी करती है और जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा पंचायतों के लिए भेजी गई राशि लौटना न केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, बल्कि यह बिहार की जनता के अधिकारों का हनन भी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार को ग्रामीण विकास और जनता की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है। अशोक प्रसाद भारती ने कहा कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि बिहार सरकार की कार्यशैली में पारदर्शिता और संवेदनशीलता का घोर अभाव है। अगर यह राशि सही समय पर और सही दिशा में खर्च होती, तो पंचायतों में सड़क, नाली, बिजली, जल और शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हो सकता था। उन्होंने मांग की कि इस लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में बिहार के विकास के अवसर इस प्रकार व्यर्थ न जाएं। नाराजगी जताने वाले मे अब्दुल रकीब, कमलेश चंद्रवंशी, रंजीत कश्यप, पंकज कुमार यादव, आशुतोष कुशवाहा आदि शामिल हैं।

# आवासीय विद्यालय से तीन बच्चे फरार, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**परैया (गयाजी)।** परैया बाजार स्थित द युनिक आवासीय पब्लिक स्कूल से तीन बच्चों के भाग जाने से जहां विद्यालय प्रबंधन एवं पुलिस परेशान है वहीं परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। गौरतलब है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ कुमार ने परैया थाना में आवेदन दिया है कि शनिवार की सुबह करीब पांच बजे विशाल कुमार, उम्र 13 वर्ष, पिता सुनील चंद्रवंशी, ग्राम- महुआईन थाना- गुरारू, जिला- गया, सार्थिक कुमार, उम्र 10 वर्ष, पिता- शशि श्रीवास्तव, ग्राम- झुमरी तिलैया, जिला- कोडरमा, झारखंड एवं राज रंजन कुमार, उम्र- 14 वर्ष, पिता- जितेन्द्र प्रसाद, ग्राम- डीहा, थाना- गुरारू, जिला -गया सुबह पांच बजे मार्निंग वॉक के बहाने विद्यालय से भाग गए। जब नौ बजे तक नहीं लौटे तो खोज खबर लेने पर पाया कि मेरे व्हाटसएप पर एक विडियो आया है, जिसमें तीनों बच्चे बोल रहे हैं कि अब हमलोग जा रहे हैं। खोजने की जरूरत नहीं है। हमलोग अब नहीं मिलेंगे। इसके बाद परिजनों एवं थानाध्यक्ष को सूचना दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन पत्र में दिये गये मोबाइल नंबर का पता लगाने एवं ट्रेक करने के लिए टेक्निकल सेल को भेजा गया है। टेक्निकल सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चुनावी दौर में सवर्ण आयोग का पुनर्गठन हास्यास्पद : मंगलानंद मिश्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू (गयाजी)।** ब्राह्मण नेता सह पत्रकार मंगलानंद मिश्र ने चुनावी दौर में बिहार के उच्च जातियों के लिए पुनर्गठित सवर्ण आयोग को उंची जातियों के लिए धोखा एवं हास्यास्पद कहा है। श्री मिश्र ने बताया कि बिहार में हजारों सवर्ण के गरीबों की चिंता एवं चिंतन करने के लिए कोई भी राजनीतिक दल तैयार नहीं है। आज सवर्ण गरीबों की स्थिति दलितों से भी बदतर हो गई है। इनके संबंध में यह कहना यथार्थ होगा कि ''पिंजरे की पंछी रे तेरा दर्द न जाने कोई, उपर से खामोश है तु, भीतर -भीतर रोय''। श्री मिश्र ने कहा कि वर्ष 2011 के बाद मुख्यमंत्री जी को सवर्ण आयोग का याद आना काफी हास्यास्पद एवं छलावा तथा अपने आर्थिक संपन्न लोगों को खुश करने एवं अगड़ी जातियों का वोट साधने का एक जबरदस्त प्रयास है। दो दशक के दौर में आज तक भूमिहीन सवर्णों को एक डिस्मिल जमीन तक देने की बात नहीं की गई। राज्य में सैंकड़ों ब्राह्मण, भूमिहार, राजपूत एवं कायस्थ समाज के ऐसे परिवार हैं जिनके पास एक धूर तक भी भूमि नहीं है। आयोग में राजनैतिक दलों के नेताओं को नहीं बल्कि गरीब सवर्ण बुद्धजीवी परिवार को स्थान दिया जाए। गरीब ही गरीब का दर्द समझ सकता है।

# पिटाई और बलात्कार के खिलाफ भाकपा माले और ऐपवा ने निकाला विरोध मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बीते 3 जून को फतेहपुर प्रखंड के गुरपा थाना अंतर्गत ग्रामीण डॉक्टर और बलात्कार पीड़िता की मां पर बर्बर हमला एवं आमस में 11 महीने की बच्ची के साथ दरिंदगी के खिलाफ आज भाकपा माले ने शहर में विरोध मार्च निकाला। अंबेडकर पार्क से निकला मार्च जीबी रोड होते टावर चौक पहुंचा जहां सभा का आयोजन हुआ। इससे पहले 7 जून को भाकपा माले और ऐपवा की पांच सदस्यीय जांच टीम ने गांव व मगध मेडिकल अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात कर घटना की ली जानकारी ली। टीम में ऐपवा जिला सचिव रीता वर्णवाल, फतेहपुर प्रभारी बीरेंद्र सान्याल, जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष धनंजय कुमार, वंदना प्रभा व अंजुशा कुमारी थे। पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के अनुसार मारपीट में घायल महिला की बेटी के साथ 2021 में गांव के चार युवकों ने सामूहिक बलात्कार किया था। पीड़िता के घर में अपना क्लीनिक चला रहे जितेंद्र यादव ने प्राथमिकी दर्ज करवाने में सहयोग किया था। बाद में तीन अभियुक्तों का नाम केस से हटा दिया गया था जिसपर जितेंद्र यादव ने प्रशासन पर दवाब बनाया और नाम को फिर से जुड़वाया था। बीते मंगलवार को बलात्कार पीड़िता की मां का इलाज करने जितेंद्र यादव उसके घर आए थे। इसी दौरान तीनों अभियुक्तों के परिवार ने उनपर हमला कर दिया और पेड़ में बांध दिया। बलात्कार पीड़िता की मां और उनके परिवार के अन्य सदस्यों से भी मार पीट की गई। घायलों का इलाज मगध मेडिकल अस्पताल में चल रहा है जहां जांच दल ने पहुंचकर मुलाकात की। माले नेताओं ने इस घटना पर एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति को भी भ्रामक बताते हुए तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाया। माले नेताओं ने कहा कि बलात्कार पीड़िता के परिवार पर आरोपितों द्वारा समझौता करने का दवाब बनाया जाता रहा है। ग्रामीण चिकित्सक को भी पीड़िता का सहयोग करने की बात कहते हुए मारपीट की गई है। भाकपा माले इस पूरे मामले पर एसएसपी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मौजूदा भाजपा जदयू सरकार में अपराध चरम पर पहुंच गया है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से विफल है। हत्या, बलात्कार व मारपीट बिहार में आम हो गया है। अपराधियों में कानून को कोई डर नहीं है। विरोध मार्च में पार्टी नगर प्रभारी तारिक अनवर, ऐपवा जिला सचिव रीता वर्णवाल, जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष धनंजय, जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र सान्याल, ज्ञानी यादव, वंदना प्रभा, मुहम्मद शाकिब, अर्जुन सिंह, सिद्धनाथ सिंह, पारो देवी, अंजुषा कुमारी, बरती चौधरी, रवि कुमार, पूजा कुमारी, चांदनी कुमारी व गुड़िया देवी समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# लापता सब्जी विक्रेता का नहीं मिला सुराग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



रोते-बिलखते परिजन

**पटना।** पटना के बाहरी बेगमपुर, सतीचौरा निवासी शंभू मेहता (55) पिछले 20 घंटों से लापता हैं। शंभू मेहता शनिवार शाम लगभग 4 बजे अपने ठेले पर सब्जी लेकर घर से निकले थे। वह रोज की तरह आसपास के इलाके में सब्जी बेचने जाते थे। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटे, तो परिवार ने आसपास के इलाके में उनकी तलाश की। कोई सुराग न मिलने पर उनकी पत्नी करुणा देवी ने बाईपास थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शंभू के बेटे कृष्ण कुमार ने बताया कि उनके पिता मेहनत-मजदूरी और सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। एक बहन कुवांरी है। उनकी मां करुणा देवी एक कारखाने में काम करती हैं। परिवार किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित है।

संपादकीय

# अब ठीकरा फोड़ने की होड़

बेंगलुरू आरसीबी के आईपीएल कप जीतने के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत के भयंकर हादसे का ठीकरा एक-दूसरे के सिर फोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। शुरूआती लीपापोती के बाद कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने पहले बेंगलुरू के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की और आरसीबी टीम के मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हैरानी की बात यह है कि इस आयोजन की जिम्मेदारी अब कोई नहीं ले रहा है और इसके लिए सब एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। बताया जाता है कि इस एफआईआर में बेंगलुरू पुलिस ने दावा किया है कि उसने आरसीबी को चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी थी, जिसके आस-पास भगदड़ हुई और लोगों की जानें गईं। एफआईआर में आरसीबी को पहले आरोपी के तौर पर नामित किया गया है, साथ ही डीएनए एंटरटेनमेंट (जो फ्रैंचाइजी के इवेंट पार्टनर हैं) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज हुई है, जो चिन्नास्वामी स्टेडियम का प्रबंधन करता है। पुलिस ने आरसीबी प्रबंधन से निखिल सोजले और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए से सुनील मैथ्यू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, दो और लोगों को भी इस मामले में हिरासत में लिया गया है, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस रिपोर्ट में भारतीय न्याय संहिता की छह धाराएं शामिल हैं- 105 (गैर इरादतन हत्या के लिए दंड), 115 (स्वेच्छा से नुकसान पहुंचाना), 118 (खतरनाक साधनों/हथियारों से स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 132 (लोक सेवक को उनके कर्तव्य से रोकने के लिए हमला या आपराधिक ड्रोन), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) और 190 (गैरकानूनी सभा) आदि। पुलिस का यह भी कहना है कि उसने स्थिति को संभालने की पूरी कोशिश की, लेकिन आयोजकों ने पुलिस की चेतावनियों पर ध्यान नहीं दिया। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि इस भयावह हादसे के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? कर्नाटक क्रिकेट संघ, आरसीबी या राज्य सरकार? बीसीसीआई पहले ही इस आयोजन से अपना पल्ला झाड़ चुकी है। हालांकि शहर में विक्ट्री परेड निकालने का ऐलान पहले आरसीबी ने ही किया था, जो बाद में पुलिस की सलाह पर रद्द कर उसे स्टेडियम में विजेता टीम के स्वागत में तब्दील कर दिया गया। स्वागत समारोह देखने के लिए पास भी जारी किए गए थे, लेकिन इस जीत को लेकर जो हाइप बनाई गई, उसकी वजह से 35 हजार क्षमता वाले चिन्नास्वामी स्टेडियम में 3 लाख से ज्यादा लोग जा पहुंचे, जिनमें ज्यादातर युवा थे। जिसे संभालना पुलिस और आयोजकों के लिए असंभव हो गया। लेकिन इन तथ्यों के बाद भी कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही से नहीं बच सकती। राज्य के गृह मंत्री परमेश्वरा ने कहा कि पूरा कार्यक्रम केएससीए और आरसीबी ने आयोजित किया था। सरकार ने इस समारोह में सिर्फ़ भाग लिया था। अगर ऐसा ही था कि राज्य के उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार विजेता टीम का स्वागत करने एयरपोर्ट क्यों गए थे? शिवकुमार जिस तरह से विजेता ट्रॉफी को अपने कंधे पर लेकर गर्व से मुस्कुरा रहे थे, उसी से साफ था कि मामला केवल समारोह में सरकार की शिरकत तक सीमित नहीं है। सरकार खुद चाह रही थी कि वो इस जीत का यथासंभव राजनीतिक दोहन करे। अब यह भी कोई छुपी बात नहीं है कि जल्दबाजी में किए गए इस आयोजन को सरकार का पूरा समर्थन था और बात बिगड़ गई तो ठीकरा प्रशासन और आरसीबी पर फोड़ा जा रहा है। जो हो रहा है, वह कोई अच्छा संकेत नहीं है।

# मोदी का 11वां साल: भारत के बदलाव में एक बड़ी उपलब्धि



हरदीप एस पुरी

लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है। यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है।

%अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय% के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाए। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को ?3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। %लखपति दीदी% पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना ?1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है।

जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं।

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई। दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है।

दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है।



आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीईपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100त्न एफडीआई खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद मिली है।

ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गई मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किए गए हैं। इससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में ?27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का ?3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा।

भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं जो एआई, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है। स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है।

इस बीच, भारत धीरे-धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46त्न हिस्सेदारी हो गई है, जो यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन-देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय ?44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाकर ?10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गई और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है।

मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है। विजन बरकरार है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, निर्णायक दशक अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। इतिहास इस वक्त को सिर्फ तेज विकास के चरण के रूप में ही नहीं, बल्कि उस क्षण के रूप में दर्ज करेगा, जब भारत ने विश्वास किया, बदलाव किया और नेतृत्व किया है।

**(हरदीप एस पुरी भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं)**

अध्यात्म

## सबसे समर्थ और सच्चा साथी कौन?

एक बार वो एक महात्माजी के दरबार मे गया और उन्हे अपनी कमजोरी बताई और उनसे प्रार्थना करने लगा कि, हे देव! मुझे कोई ऐसा साथी मिल जायें जो सबसे शक्तिशाली हो और विश्वासपात्र भी जिस पर मैं आँखे बंद करके विश्वास कर सकू, जिससे मैं मित्रता करके अपनी कमजोरी को दूर कर सकू, हे देव! भले ही एक ही साथी मिले पर ऐसा मिले कि वो मेरा साथ कभी न छोड़े। तो महात्मा जी ने कहा पूर्व दिशा मे जाना और तब तक चलते रहना जब तक तुम्हारी तलाश पुरी न हो जायें। और हाँ तुम्हे ऐसा साथी अवश्य मिलेगा जो तुम्हारा साथ कभी नहीं छोडेंगा बशर्ते कि तुम उसका साथ न छोड़ो। श्रीधर-बस एक बार वो मुझे मिल जायें तो फिर मैं उसका साथ कभी न छोडूंगा पर हे देव मेरी तलाश तो पुरी होगी ना? महात्माजी-हे वत्स! यदि तुम सच्चे दिल से उसे पाना चाहते हो तो वो बहुत सुलभता से तुम्हे मिल जायेगा नहीं तो वो बहुत दुर्लभ है। फिर उसने महात्माजी को प्रणाम किया आशीर्वाद लिया और अपनी राह पर चल पड़ा।

सबसे पहले उसे एक व्यक्ति मिला जो शक्तिशाली घोड़े को काबू मे कर रहा था तो उसने देखा यही है वो जैसे ही उसके पास जाने लगा तो उस इंसान ने एक सैनिक को प्रणाम किया और घोड़ा देकर चला गया। श्रीधर ने सोचा सैनिक ही है वो तो, वो मित्रता के लिये आगे बड़ा पर इतने मे सैनापति आ गया सैनिक ने प्रणाम किया और घोड़ा आगे किया सैनापति घोड़ा लेकर चला गया। श्रीधर भी खूब दौड़ा और अन्तत: वो सैनापति तक पहुँचा पर सैनापति ने राजाजी को प्रणाम किया और घोड़ा देकर चला गया तो श्रीधर ने राजा को मित्रता के लिये चुना और उसने मित्रता करनी चाही पर राजा घोड़े पर बैठकर शिकार के लिये वन को निकले श्रीधर भी भागा और घनघोर जंगल मे श्रीधर पहुँचा पर राजा कही न दिखे। प्यास से उसका गला सूख रहा था थोड़ी दूर गया तो एक नदी बह रही थी, वो पानी पीकर आया और एक वृक्ष की छाँव मे बैठ गया। वहाँ एक राहगीर जमीन पे सोया था और उसके मुख से राम राम की जप ध्वनि सुनाई दे रही थी तथा एक काला नाग उस राहगीर के चारों तरफ चक्कर लगा रहा था। श्रीधर ने बहुत देर तक उस दृश्य को देखा, फिर वृक्ष की एक डाल टूटकर नीचे गिरी तो साँप वहाँ से चला गया। इतने मे उस राहगीर की नींद टूट गई और वो उठा तथा राम राम का सुमिरन करते हुये अपनी राह पे चला गया। श्रीधर पुन: महात्माजी के आश्रम पहुँचा और सारा किस्सा कह सुनाया. उनसे पुछा हे नाथ मुझे तो बस इतना बताओ कि वो काला नाग उस राहगीर के चारों ओर चक्कर काट रहा था पर वो उस राहगीर को डँस क्यों नहीं पा रहा था। लगता है देव की कोई अदृश्य सत्ता उसकी रक्षा कर रही थी। महात्माजी ने कहा उसका सबसे सच्चा साथी ही उसकी रक्षा कर रहा था, जो उसके साथ था। तो श्रीधर ने कहा वहाँ तो कोई भी नहीं था। देव बस संयोगवश हवा चली वृक्ष से एक डाली टूटकर नाग के पास गिरी और नाग चला गया। महात्माजी ने कहा नहीं वत्स उसका जो सबसे अहम साथी था वही उसकी रक्षा कर रहा था। जो दिखाई तो नही दे रहा था पर हर पल उसे बचा रहा था। उस साथी का नाम है धर्म हे वत्स धर्म से समर्थ और सच्चा साथी जगत मे और कोई नहीं है केवल एक धर्म ही है। जो सोने के बाद भी तुम्हारी रक्षा करता है और मरने के बाद भी तुम्हारा साथ देता है। हे वत्स पाप का कोई रखवाला नहीं हो सकता और धर्म कभी असहाय नहीं है महाभारत के युध्द मे भगवान श्री कृष्ण ने पांडवों का साथ सिर्फ इसिलिये दिया था क्योंकि धर्म उनके पक्ष मे था। हे वत्स! तुम भी केवल धर्म को ही अपना सच्चा साथी मानना एवं इसे मजबूत बनाना क्योंकि यदि धर्म तुम्हारे पक्ष मे है तो स्वयं नारायण और सद्गुरु तुम्हारे साथ है। नही तो एक दिन तुम्हारे साथ कोई न होगा और कोई तुम्हारा साथ न देगा। यदि धर्म मजबूत है तो वो तुम्हे बचा लेगा इसलिये धर्म को मजबूत बनाओ। हे वत्स! एक बात हमेशा याद रखना कि इस संसार मे समय बदलने पर अच्छे से अच्छे साथ छोड़कर चले जाते है। केवल एक धर्म ही है जो घनघोर बीहड़ और गहरे अन्धकार मे भी तुम्हारा साथ नही छोडेंगा।

# देश को छोटा दिखाने का अपकर्म न करें

**हमारे सामने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य हैं। विदेश गया सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने इस तरह भारत का पक्ष प्रस्तुत किया जैसे देश पाकिस्तान केंद्रित सीमा पार आतंकवाद, जम्मू कश्मीर तथा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पूरी तरह एकजुट है और कोई विपक्ष है ही नहीं। दूसरी ओर आप पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद देश के अंदर विपक्ष की भूमिका देखिए, किसी भी देशभक्त और सच्चाई का ज्ञान रखने वाले निष्पक्ष व्यक्ति का दिल दहल जाएगा या फिर उसको गुस्सा आएगा। ऐसा कोई दिन नहीं जब विपक्ष के बड़े नेता ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने की कोशिश नहीं कर रहे।**

अवधेश कुमार

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले दिन से प्रश्न उठा रहे हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान को नुकसान हुआ। लगभग यही स्वर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का है। जयराम रमेश ने तो लगता है जैसे ऑपरेशन सिंदूर को ही अपने सोशल मीडिया का मुख्य विषय बना दिया है। सबसे अंतिम हमला सिंगापुर शांग्रीला सम्मेलन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस अनिल चौहान के भाषण और ब्लूमबर्ग को दिए साक्षात्कार पर है। सभी नेता एक साथ टूट पड़े हैं कि अब सरकार बताये कि कितने राफेल नष्ट हुए इस पर संसद का विशेष सत्र बुलायें तथा रिव्यू कमेटी यानी पुनरीक्षण समिति बनाया जाये।

इसमें यहां विस्तार से जाने की आवश्यकता नहीं है। सीडीएस का पूरा इंटरव्यू सबके सामने है। उसमें कहीं नहीं है कि पाकिस्तान ने हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराये या हमें कोई बड़ी क्षति हुई। यह सामान्य बात है कि कोई भी युद्ध या लड़ाई एकपक्षीय क्षति वाली नहीं होती। यही सीडीएस ने कहा है। किसी को ज्यादा क्षति होगी किसी को कम। मूल बात यह है कि भारत ने पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस का ऐसा करारा प्रत्युत्तर दिया जिससे उसकी हुई व्यापक क्षति के बारे में दुनिया के विशेषज्ञ बता रहे हैं और उनसे संबंधित उपग्रह के चित्र आदि सामने ले जा चुके हैं। कई बार लगता है कि हम सरकार को घेर रहे हैं सेना और देश को नहीं। किंतु इसका दूसरा पहलू यही है कि सरकार निर्णय करती है क्रियान्वित सेना करती है। सेना सरकार के लिए नहीं देश के लिए सैन्य कार्रवाई करती है। ऑपरेशन सिंदूर में सरकार ने यह तय नहीं किया होगा कि सेना कैसे कार्रवाई करे कि हथियार, लड़ाकू विमान, मिसाइल, रडार आदि का प्रयोग करें या कितने जवान उनमें लगें। जिस तरह पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेना के प्रमुखों से लेकर विदेश मंत्री, उनसे जुड़े मंत्रालय,रक्षा मंत्री, मंत्रालयों के अधिकारी एवं अन्य अलग-अलग आवश्यक क्षेत्र के शीर्ष लोगों से मिल रहे थे उससे साफ था की रणनीति पर गहराई से विचार हो रहा है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चरित्र के अनुरूप एक-एक पहलू समझने की कोशिश की होंगी। उदाहरण के लिए उनके कौन-कौन से ऐसे प्रमुख आतंकवादी अड्डे हैं, जिन्हें ध्वस्त करने से न केवल प्रतिशोध पूरा होगा, बल्कि पाकिस्तान की सेना और सत्ता को प्रत्युत्तर मिलेगा तथा सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियां वर्षों तक संभव नहीं हो पाएगी। उन्हें कैसे ध्वस्त करेंगे, कैसे ध्वस्त करेंगे, कहां से करेंगे, उनका सीमा पर क्या असर होगा तथा पाकिस्तान किस तरह की प्रतिक्रिया दे सकता है और उसकी प्रतिक्रिया के प्रत्युत्तर में हमें किस तरह की तैयारी रखनी है ताकि उसमें भी हम उसे पस्त कर सकें। निश्चित रूप से सैन्य रणनीतिकारों ने अपनी पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें आश्वस्त किया होगा या फिर उनकी जो आवश्यकता होगी उसके बारे में बात की होगी।

सरकार यानी राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका साहसपूर्वक निर्णय करने के साथ सेना को करवाई और रणनीति की संपूर्ण स्वतंत्रता देना तथा अपने व्यवहार एवं कदमों से आश्वस्त करना कि कार्रवाई में किसी तरह की आवश्यकता में कमी नहीं होगी। कहने का तात्पर्य कि पाकिस्तान की सैन्य प्रतिक्रियाओं का उत्तर हमारी सेना दे रही थी। यह भी सच है कि टकराव शुरू होने के बाद विदेश के प्रमुख नेताओं ने राजनीतिक नेतृत्व से ही संपर्क किया होगा। सरकार की ओर से अमेरिकी उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री , राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदि ने कब-कब किसे कॉल किया इसका भी विवरण देश के सामने रखा जा चुका है। कहीं से ऐसा न एक संकेत है और न कोई कारण दिखता है जिससे डोनाल्ड ट्रंप युद्ध रोकने का दबाव बनाएं और भारत उसे स्वीकार कर ले। उनके भी वक्तव्य में क्या है? .. हमने दोनों देशों को समझाया 'उन्हें कहा कि आपके साथ पूरा ट्रेड करेंगे'.. दोनों देश के नेताओं ने बुद्धिमता का परिचय दिया' हमने दो न्यूक्लियर यानी नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय टकराव रोका आदि आदी। इसी में एक जगह उन्होंने किसी तटस्थ स्थान पर मध्यस्थता में बातचीत कराने का भी वक्तव्य दे दिया। यह बात अलग है कि अपनी मध्य पूर्व यात्रा के दौरान उन्होंने बोल दिया कि हमने कोई मध्यस्थता नहीं की। सामान्य तौर पर भी जिन्होंने भारत के वक्तव्यों पर ध्यान दिया होगा उन्हें स्पष्ट है कि हमारे स्टैंड में किंचित भी अस्पष्टता नहीं थी। 10 मई को ही भारत ने साफ कर दिया कि किसी तरह की आतंकवादी घटना युद्ध मानी जाएगी। दूसरे, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन, फिर आदमपुर और बीकानेर के भाषणों में एक-एक बिंदु रख दिया कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार और आतंकवाद नहीं चलेगा। यहां तक कि पानी और खून भी एक साथ नहीं बहेगा। यह भी कहा कि अब अगर आतंकवादी घटना हुई तो सेना को सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा। हम इसे केवल आतंकवादियों की नहीं मानकर पाकिस्तान सरकार और सेना की कार्रवाई मानेंगे और उसी प्रकार प्रत्युत्तर देंगे। सबसे बढ़कर पाकिस्तान से बातचीत होगी तो केवल पाक अधिकृत कश्मीर पर। बावजूद आप लगातार प्रश्न उठा रहे हैं तो इसे भारत या सेना का कतई समर्थन नहीं कहा जाएगा। यह सेना व देश दोनों का विरोध है। विडंबना देखिए कि अमेरिका भी नहीं कह रहा है कि हमने दबाव डालकर युद्धविराम कराया या रुकवाया, मध्यस्थता शब्द भी कहीं से नहीं आ रहा। अमेरिका गए प्रतिनिधिमंडल को भी ट्रंप प्रशासन के लोगों ने ऐसा नहीं कहा, हमारा दुश्मन और पाकिस्तान का समर्थन करने वाला चीन तक नहीं कह रहा कि भारत ने दबाव में युद्ध रोका और भारत-पाक के बीच बातचीत होगी। अब देश को पूछना चाहिए कि राहुल गांधी, खड़गे, जयराम रमेश ,अखिलेश यादव आदि को यह जानकारी कहां से मिल गई? दूसरे, अगर हमारी सेना ने वीरतापूर्वक पाकिस्तान को पस्त किया तो फिर आप युद्ध में क्षति का प्रश्न किससे पूछ रहे हैं? जब आप किसी सैन्यबल वाले शत्रु देश को सबक सिखाने गए हैं तो माना गया होगा कि हमारी भी क्षति हो सकती है। भारी क्षति उठाकर भी सबक सिखाने की मानसिक तैयारी से ही कार्रवाई हुई होगी। युद्ध में क्षति हुई या विमान ही नष्ट हो गये तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। क्या आतंक विरोधी युद्ध में अमेरिका और नाटो को सैनिक क्षति नहीं हुई? क्या छोटे से गाजा के विरुद्ध कार्रवाई में इजराइल को कोई क्षति नहीं हुई? क्या यूक्रेन के साथ युद्ध में रुस को क्षति नहीं हुई ? ऐसी कौन सी सैन्य करवाई है जिसमें क्षति नहीं होगी? क्या कांग्रेस के शासनकाल में 1971 की विजय में भी भारत को सैन्य सामग्रियों के अलावा जवानों के संदर्भ में क्षति नहीं हुई? क्या1965 का युद्ध बिना क्षति के हुई? 1962 के भारत चीन युद्ध में तो ऐसी क्षति हुई जिसकी चर्चा तक में आज भी शर्म आती है।आप अपनी संकुचित राजनीति के लिए नरेंद्र मोदी सरकार को पराजित या छोटा दिखाने के हल्ला बोल अभियान में सीधे-सीधे देश और सेना को छोटा दिखा रहे हैं। आपको अगर पाकिस्तान जैसे शत्रु से सुरक्षित होना है तो हर स्तर पर अपनी क्षति उठाने, बलिदान देने के लिए भी तैयार रहना होगा। यह संभव नहीं कि आप कार्रवाई करेंगे और प्रत्युत्तर न मिले तथा कोई क्षति नहीं हो। मुख्य बात यह होती है कि हमारी क्षति और हमारे बलिदान का पूरा मूल्य हमें प्राप्त हुआ या नहीं। इस मायने में देखें तो जैसी कार्रवाई भारत ने की, जिस ढंग का प्रत्युत्तर दिया संपूर्ण विश्व में उसका लोहा माना गया और हमारे स्वदेशी तकनीक से निर्मित हथियारों की मांग पूरी दुनिया में बढ़ी है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
आज पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बिक्री होने की सम्भावना बन रही है।

**मिथुन**
आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे। परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा।

**कर्क**
आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे। स्वादिष्ट भोजन व व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे।

**सिंह**
नयी परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने सम्बन्ध अच्छे बनाये रखें। विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।

**कन्या**
राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं।

**तुला**
आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**वृश्चिक**
तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करना उत्तम होगा।

**धनु**
दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। धन को लेकर असन्तोष की भावना रहेगी।

**मकर**
आप जरूरतमन्द लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिये गये निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं।

**कुंभ**
अपने करियर को लेकर थोड़ा असन्तुष्ट हो सकते हैं। घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा। असामाजिक तत्वों से भय रहेगा।

**मीन**
पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। रुके हुये कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा।

# पर्यटक स्थल बनेगा विष्णुपुर मोईन : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नावकोठी (बेगूसराय)।** प्रखंड के विष्णुपुर मोईन को पर्यटक स्थल बनाये जाने की अपार संभावनाएं हैं। सैकड़ों एकड़ में फैले इस प्राकृतिक मोईन की मनोरम छटा देखते ही बनती है। इस मोईन का विकास हो जाने से पर्यटन सहित स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उक्त बातें सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने हसनपुर बागर पंचायत के चकमुजफ्फर में रविवार को कहीं। स्थानीय युवा शम्भू शरण के नेतृत्व में युवाओं ने सहकारिता मंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर युवाओं ने विष्णुपुर मोईन के पश्चिमी तट पर बसे चकमुजफ्फर में विष्णुपुर मोईन को विकसित करने तथा उसे पर्यटक स्थल के रूप में जीर्णोद्धार करने की मांग की। श्री कुमार ने विष्णुपुर मोईन और गांव के बसावट की सराहना की तथा कहा कि नमीयुक्त भूमि संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस साइट के सौन्दर्यीकरण तथा पर्यटन स्थल का स्वरूप प्रदान करने का एक अद्भुत साइट है। विधानसभा में इस स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की बात उठाऊंगा ताकि सरकार इसे चिह्नित कर इसको पर्यटक स्थल बना सके। यह प्रखंड के सभी पंचायत के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। मौके पर जिप सदस्य अमित देव, रणविजय कुमार, नीरज कुमार, पप्पू, रबिन्द्र कुमार, जय प्रकाश सिंह, निरंजन कुमार, विनय कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक 14 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी(बेगूसराय)।** जिला स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक बखरी नगर परिषद् के सम्राट अशोक भवन में निर्धारित की गयी है। 14जून को पूर्वाह्न साढे दस बजे से आहुत बैठक में सांसद सह केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता सहित जिले के सभी माननीय विधायक, विधान पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधिगण भाग लेंगे। जिला बीस सूत्री समिति की इस बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार सह जिले के प्रभारी मंत्री संजय सरावगी करेंगे। प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में जिले के सभी बीस सूत्री सदस्य गण सरकार के विभिन्न विभागों के विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। डीएम तुषार सिंगला ने जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जद(यू)जिलाध्यक्ष रूदल राय, भाजपा जिलाध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजीव वर्मा सहित जिले के सभी कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्यों को पत्र जारी करते हुए ससमय बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता सिधेश आर्य ने बताया कि बखरी में पहली बार आयोजित की जा रही जिला स्तरीय प्रशासनिक दृष्टिकोण से बड़ी बैठक को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं सहित आमजन में उत्साह है। मालूम हो कि लंबे समय से बखरी विकास के मामले में पीछे रहा है। पूर्व सांसद डॉ भोला सिंह तथा वर्तमान सांसद व केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के प्रयास से इसकी विकास योजनाओं में गति आयी है। अब प्रभारी मंत्री संजय सरावगी, जिनका बखरी से खासा जुड़ाव है सहित जिले के तमाम आलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के आने से यहां के विकास योजनाओं को और अधिक गति मिलेगी।

# दो दर्जन रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट(बेगूसराय)।** बरौनी प्रखंड के मां भगवती धर्मशाला, सिमरिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस क्रम में सिमरिया के 28 रक्तवीरों ने रक्तदान देकर मानवता की ओर एक कदम बढ़ाया। वहीं, वत्स सेवा समिति की टैगलाइन रक्तदान करें जीवन बचाने के लिए को चरितार्थ किया। इस अवसर पर शिविर के स्थानीय आयोजनकर्ता दिनकर पुस्तकालय के संयुक्त सचिव कृष्ण मुरारी ने बताया कि सिमरियावासियों ने इस बार रक्तदान करने में कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से आपात स्थिति में जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति करने में सुविधा होती है। वहीं वत्स सेवा समिति के कोषाध्यक्ष चंदन कुमार अपने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान किया और बताया कि आज सिमरिया में रक्तदान करते हुए हमें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से रक्त में आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित होती है जिससे दिल की सेहत में सुधार और दिल की बीमारियों से बचाव होता है। इस शिविर में कुल 28 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। इसमें सृष्टि रक्त केंद्र, बेगूसराय के निदेशक नवीन कुमार, टेक्नीशियन रंजन कुमार, रोहन कुमार व नरेश कुमार ने सहयोग किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में दिनकर पुस्तकालय के कोषाध्यक्ष मनीष कुमार, कृष्णा कुमार, राहुल कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पेट्रोल पम्प पर हुई फायरिंग में तीन गिरफ्तार

## टाप 10 में शामिल 25 हजार का इनामी बदमाश जीवेश कुंवर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बलिया (बेगूसराय)।** थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर मारपीट और फायरिंग के मामले में तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन और 7 जिंदा कारतूस बरामद किया गया हैं। यह वारदात शनिवार की शाम बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर ढाला के समीप हुई थी। पुलिस ने इस मामले में टाप 10 में शामिल फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश जीवेश कुंवर को भी गिरफ्तार किया है। बलिया डीएसपी नेहा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन बदमाशों को पकड़ा है। गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर मारपीट और फायरिंग के मामले में तीन युवाओं को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान मनु कुमार, छोटू कुमार और रजनीश कुमार के रूप में हुई है। वहीं, फरार चल रहे शंकर कुमार सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इनके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किया हैं। इस मामले में आगे की जांच और कार्रवाई जारी है। बता दें कि बेगूसराय में 10 रूपये की खातिर बवाल हो गया। बाइक सवार युवकों ने पेट्रोप पंप के नोजलमैन को बुरी तरह पीटा और फायरिंग की। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। फायरिंग करने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गये। बताया जाता है कि पेट्रोल भरवाने को लेकर युवकों का नोजल मैन के साथ विवाद हुआ था जिसके बाद दोबारा आये युवकों ने पेट्रोल पंप पर फायरिंग कर दी।

# इंटर छात्र को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोइलवर(भोजपुर)।** प्रखंड के लोदीपुर में रविवार को श्री वैष्णव सेवा धाम का वार्षिक महोत्सव और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बड़हरा के विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। विधायक ने महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं ठाकुर जी का दर्शन कर किया। महंत गदाधर दास एवं आयोजक मंडल द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र, फूलमाला एवं शक्ति का प्रतीक तलवार से भव्य स्वागत किया गया। बड़हरा विधायक द्वारा इंटर कला भोजपुर जिला टॉपर आरुषि कुमारी को प्रशस्ति पत्र और पारितोषिक में दो हजार रूपए देकर सम्मानित किया गया। उसके अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण काम करने वाले लोगो को भी सेवा धाम द्वारा प्रशस्ति पत्र विधायक के हाथो सौपा गया। विधायक ने कहा कि आज लड़कियां देश मे सभी क्षेत्रों मे आगे बढ़ कर देश को महान बना रही है। उन्हे जरुरत है हौसला बढाने की। मैं सात बार से बड़हरा विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और पांच बार मुझे इसी तापा की भूमि से जीत मिला है। मै हमेशा इस क्षेत्र के लिए भी प्रतिनिधि रहूंगा। कुछ भी जरूरत हो तो क्षेत्र के लोग मुझसे मदद ले सकते है।

# चुनाव आयोग को देना चाहिए स्पष्टीकरण : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को बिहार बदलाव यात्रा के तहत एक दिवसीय दौरे पर बेगूसराय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने सिमरिया पुल पर ही प्रशांत किशोर का भव्य स्वागत किया। वहां से गाड़ियों के काफिला के साथ बीहट पहुंचे। बीहट में सबसे पहले सिद्धपीठ बड़ी दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की। बिहार के बेहतर भविष्य की कामना की। वहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों पर प्रतिक्रिया दी। श्री किशोर ने कहा कि कांग्रेस देश की मुख्य विपक्षी पार्टी है। राहुल गांधी देश में विपक्ष के नेता हैं। अगर उन्होंने चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर लिखित रूप से सवाल उठाए हैं तो विपक्ष के नेता के सवालों का जवाब देना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। चुनाव की निष्पक्षता और शुचिता पर कोई सवाल न उठे। यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। इसलिए उन्हें अपना स्पष्टीकरण पेश करना चाहिए। इसके बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ काफिले को लेकर मटिहानी हाई स्कूल में निर्धारित आम जनसभा को सम्बोधित करने के लिए बेगूसराय ओर रवाना हो गए। इस अवसर पर जनसुराज के जिलाध्यक्ष डा. रजनीश कुमार, डा. सोनू शंकर, डा. रंजन चौधरी, मटिहानी के नेता सह अधिवक्ता कुशेश्वर भगत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व संयुक्त सचिव शंकर प्रसाद श्रीवास्तव की पुण्यतिथि मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के बैनर तले कर्मचारी नेता, बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट बिहार पटना के पूर्व राज्याध्यक्ष सह बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के पूर्व संयुक्त सचिव शंकर प्रसाद श्रीवास्तव की 18 वीं पुण्यतिथि जिला कार्यालय मिल रोड पूर्वी गुमटी आरा में आयोजित की गयी। अध्यक्षता कर्मचारी महासंघ गोप गुट के जिलाध्यक्ष रामानन्द सिंह ने की। सर्वप्रथम शंकर प्रसाद के तैलीय चित्र पुष्प अर्पित किया और उनकी आत्मा के शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। संचालन जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने किया। विषय प्रवेश आज केन्द्र से लेकर राज्य सरकार तक कर्मचारियों की सेवा शर्त में बदलाव और सुविधाओं में कटौती, पुराना पेंशन के जगह एनपीएस, यूपीएस, सहित स्थाई रिक्त पदों पर स्थाई नियुक्ति की मांग की गई। ठेका प्रथा बंद हो, सार्वजनिक क्षेत्र में निजीकरण बंद हो, 08 वां वेतन आयोग का गठन किया जाये, पर उपस्थित विभिन्न सेवा संघों, ट्रेड यूनियन और संघ महासंघ के नेतृत्वकारी नेताओं ने विस्तार से चर्चा किया। कहा कि लोकप्रिय कर्मचारी नेता शंकर प्रसाद का शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पर गर्व महसूस करते हैं। वे कभी भी किसी के सामने झुककर सरकारी दायित्वों का निर्वहन नहीं किया, हमेशा निडर, निष्पक्ष, निष्ठावान होकर सरकारी दायित्वों और संघ महासंघ के साथ मिलकर कार्य को करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। हमें आज शिक्षा लेने की जरूरत है। मौके पर जानकी प्रसाद, अवधेश पासवान, उपाध्यक्ष रमेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष, धर्म कुमार, जिला सचिव प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट, मो समीम, जिला सचिव मलेरिया छिड़काव हर बंस कुमारसमेत अन्य मौजूद थे।

# आरएएफ कैम्प में समर कैम्प का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर/भोजपुर।** क्षेत्रीय केरिपुबल परिवार कल्याण संघ-114 आरएएफ आरसीडब्ल्यू-114 की अध्यक्ष रितु झा द्वारा 114 आरएएफ कैंप परिसर में दो दिवसीय गर्मियों की उमंगों के संग समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैंप के प्रथम दिन कैंप में तैनात जवानों सहित आसपास के गांवों से आए लगभग तीन दर्जन से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस समर कैंप में बच्चों के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें स्पून लेमन रेस, बैलून रेस, पॉटरी मेकिंग, म्यूजिकल चेयर तथा सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शामिल रहा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 8 जून को जूम्बा तथा फैंन्सी ड्रेस प्रतियोगिता (थीम-फल व सब्जी), पेपर क्राफ्ट, पेपर टियरिंग तथा ड्राइंग प्रतियोगिताऌ पर आधारित खेलों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी बच्चों को उचित उपहार देकर अध्यक्ष रितु झा द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

# सभी महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 25 सौ रुपये : गरीब दास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बछवाड़ा (बेगूसराय)।** प्रखंड क्षेत्र के भीखमचक पंचायत में कांग्रेस पार्टी के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस पार्टी समर्थित इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 18 वर्ष की आयु से ऊपर सभी माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए माई-बहिन मान योजना के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रत्येक महीने पच्चीस रूपये दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं आसानी से अपने गांव के विकास के लिए अपनी इच्छा और आकांक्षाओं को भी सूचीबद्ध करा रही हैं। इस दौरान गरीब दास ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम जुलाई महीने के अंत तक वार्ड स्तर तक किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बछवाड़ा विधानसभा चुनाव प्रभारी पुष्पेंद्र साहु ने कहा कि कांग्रेस शासित अन्य प्रदेशों में पूर्व से ही नारी न्याय की गारंटी के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए 25 सौ रुपए दिया जा रहा है।

# विकास कार्यों में लाएं तेजी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**वीरपुर(बेगूसराय)।** प्रखंड के नौला स्थित राजकीयकृत गांधी स्मारक+2 विद्यालय नौलागढ़ में प्रखंड अन्तर्गत संचालित विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर उसकी वस्तु स्थिति का जायजा लिया। साथ ही विभिन्न संचालित योजनाओं से किए जा रहे कार्य को स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने को लेकर निर्देशित किया। निरीक्षण के क्रम में जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में एक बरैपुरा बसहा धाम एवं चामुंडा देवी मंदिर पहुंच कर दर्शन किए और मंदिर प्रांगण स्थित मूर्ती की विशेषता बताने वाली इतिहास को भी पढ़ कर उन्होंने समझा। वीरपुर बाजार में जल जमाव से जुड़े समस्या को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, अंचलाधिकारी भाई बीरेंद्र, भाजपा के मंडल सह बीस सूत्री अध्यक्ष वीरशेन बिक्रम, छोटेलाल सिंह,ललन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राम प्रवेश सिंह, मुखिया त्रिपुरारी कुमार समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता के साथ ही ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सवर्ण आयोग के अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के सवर्ण आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह का पटना से सिवान जाने के क्रम में तरैया में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान तरैया के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाज सेवी ओम प्रकाश सिंह के आवास पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र व फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि मुझे बिहार प्रदेश स्वर्ण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है, मैं पूरे बिहार प्रदेश का दौरा कर स्वर्ण सामुदाय के लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं को सुनकर बिहार सरकार के मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा और उनका अधिकार दिलाने का काम करूंगा। स्वागत के मौके पर प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह, श्रीकांत सिंह, रामचन्द्र तिवारी, नीलकमल सिंह, डॉ रंजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विजय प्रकाश सिंह, राजू सिंह, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**नावकोठी (बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के राजनीति प्रदीप जयमंगला पुस्तकालय में वत्स सेवा समिति के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इस शिविर में 17 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब बेगूसराय के सिनियर लैबटेक्नीशियन अशोक कुमार ने कहा कि रक्तवीरों द्वारा किया गया रक्तदान संकट की घड़ी में जरूरत मंदों के काम आता है। इस रक्त के बदौलत आपात स्थिति में किसी को जीवन दान देता है। महेशवाड़ा के बेगूसराय जिला क्रिकेटर्स रक्तवीर योद्धा के तत्वावधान में दूसरा रक्तदान शिविर है। इन रक्तवीरों के द्वारा किया गया यह पुनीत कार्य सराहनीय है। मौके पर एएनएम पूजा कुमारी, सहआयक अजय कुमार, अजीत कुमार,गुड्डू कुमार, केशव मिश्रा, नीतीश कुमार, हेमन्त कुमार संजीव कुमार, नीतीश कमल, राजू कुमार आदि ने हिस्सा लिया।

### प्रखंड की तीन पंचायतों में लगी किसान चौपाल

**नावकोठी (बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के समसा, विष्णुपुर तथा रजाकपुर में रविवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केन्द्र कुसमहौत के प्रधान वैज्ञानिक डा चिकप्पा जीकजर्गी ने कहा कि हमारा संकल्प विकसित कृषि है। इसके लिए किसानों को कृषि के तकनीक को अपनाना आवश्यक है। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम क्षेत्र भ्रमण कर किसानों का फीडबैक ले रही है। इनके स्तर पर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। अनुतरित सवालों के समाधान हेतु लगातार अनुसंधान किया जा रहा है। तकनीकी अधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि बिहार में विश्व का सबसे ज्यादा मक्का उत्पादन किया जाता है। यहाँ के उत्पादित मक्का में स्टार्च की मात्रा अधिक होती है। इस स्टार्च का उपयोग चाकलेट, आइसक्रीम, सेंट सहित 3 हजार प्रोडक्ट मे किया जाता है। बिहार के मक्का में नमी की मात्रा कम होती है जिससे इसका मांग अन्य प्रांतों में काफी होता है। अन्य प्रांतों के व्यवसायी इसे अच्छी कीमत देकर खरीद कर ले जाते हैं। बीटीएम विवेकानंद सिंह ने खरीफ मौसम 2025-26 के लिए उपलब्ध मक्का, धान, ढैंचा, अरहर आदि के बीज तथा किसानों को इसे प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के तरीके को बताया। एफपीओ के माध्यम से किसानों को होने वाले फायदे से भी रूबरू कराया। मौके पर प्रशिक्षु बीएओ शोभित कुमार, एटीएम सोनम सिंह, किसान सलाहकार सुनील कुमार, संजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अमरेश पोद्दार, पंसस रंजीत महंत, वार्ड सदस्य अजीत कुमार सहित काफी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया।

### साइकिल पे संडे टीम ने बच्चों को दिए पौधा

**बीहट (बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रंग-उमंग कार्यशाला निपानियां में भाग ले रहे बच्चों को साइकिल पे संडे अभियान की ओर से 556 वें रविवार के उपलक्ष्य में हर हाथ को पौधा दिया गया। आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन, बरौनी द्वारा केजीएम ड्रीम्स स्कूल निपनियां में आयोजित कार्यशाला के लगभग 140 बच्चों को साइकिल पे संडे अभियान की ओर से एक-एक पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाया गया। इस मौके पर अभियान के सदस्यों का स्वागत करते हुए बरौनी नगर परिषद के वार्ड पार्षद कुमार गौतम ने कहा कि आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन आज देश भर में अमिट छाप छोड़ रही है। यह कार्यक्रम इतना खूबसूरत हो गया है कि आने वाले समय में लोगों को इसके लिए और अधिक प्रेरित करने का काम करेगा। वहीं सचिव गणेश गौरव ने कहा कि आज हमको यह फर्क है की साइकिल पे संडे अभियान लगातार अपने संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है। अभियान के संयोजक डा कुंदन कुमार ने कहा कि अभियान का यह सुंदर प्रयास इस रूप में है कि अब हर हाथ का पौधा मिले और हर हाथ पौधों की रखवाली करें। कहा कि केवल पौधारोपण से अभियान आगे बढ़ने वाला नहीं है बल्कि हर पौधे को हमें संरक्षित करने की जिम्मेदारी लेनी होगी। वहीं साइकिल पे संडे अभियान के सदस्य अंशु कुमार ने कहा कि साइकिल पे सन्डे अभियान आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लगातार लोगों को प्रेरित कर रही है। आज जरूरत है कि हम छोटे-छोटे कार्य साइकिल से ही करें। इस अवसर पर साइकिल पे सन्डे के सुजीत कुमार, शिवम कुमार, अंकित कुमार, अजीत कुमार, अक्षत कुमार, विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर आकाश गंगा के कलाकार नरेश कुमार, आनंद कुमार, बलिराम, संतोष, अंकित, मनीष कुमार, रवि वर्मा, रोहित वर्मा, राधे सहित अन्य के द्वारा पर्यावरण गीत गाकर पौधारोपण संरक्षण का स्वागत किया।

### खेलो बखरी चौथे सीजन का होगा आयोजन

**बखरी(बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बखरी में अभाविप द्वारा लगातार चौथे साल खेल महासमर का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत कई प्रकार के खेल-कूद के आयोजन कराए जाएंगे। अभाविप के 77 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित की जाने वाली खेलो बखरी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी ने की। बैठक में प्रतियोगिता के चौथे सीजन को सफल बनाने की समीक्षा की गई। इस दौरान नगर मंत्री रविंद्र कुमार ने कहा कि खेलो बखरी प्रतियोगिता खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए एक अनूठा प्रयोग है। अभाविप ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम के जरिए युवाओं को खेल से जोड़ने का कार्य करती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए तीन ग्रुप बनाए गए है। 8 वीं से 10 वीं के छात्र ए, 11 वी ओर 12 वीं के छात्र बी और स्नातक से ऊपर से छात्रों के लिए सी ग्रुप में प्रतियोगिताएं होगी। प्रतियोगिता में सफल आने वाले प्रतिभागियों को स्थापना दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर नगर सहमंत्री कृष्णा पोद्दार, ललित पासवान, नीरज कुमार, विकास मेहता, पूर्व नगर मंत्री अनुराग केसरी, प्रिंस सिंह परमार, विकास सहनी, सुमित केशरी सहित दर्जनों की संख्या में अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

### टेक्सटाइल फैक्ट्री में लगी आग, लाखों की क्षति

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत के कंचनपुर मोहल्ले में स्थित बाबा साड़ी टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में शनिवार की मध्य रात्रि शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस हादसे में फैक्ट्री में रखे लाखों रुपये के कपड़े व अन्य सामान जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गए। सूचना मिलते ही आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक फैक्ट्री का लगभग सारा सामान जल चुका था। फैक्ट्री की संचालिका बबीता देवी ने बताया कि रात में सभी लोग सो रहे थे, तभी अचानक किसी के शोर मचाने पर लोग जगे। जब तक लोग जुटे, तब तक आग फैक्ट्री के भीतर पूरी तरह फैल चुकी थी और कपड़े धू-धू कर जल रहे थे। आग इतनी तेजी से फैली कि बचाव का कोई मौका ही नहीं मिला। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में प्लाज़ो, पेटीकोट, लेगिंग्स और नाइटी आदि वस्त्र बड़े पैमाने पर तैयार किए जाते हैं। इस हादसे में करीब पाँच लाख रुपये की सामग्री जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते दमकल सेवा की व्यवस्था होती तो नुकसान कम हो सकता था। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू तो पाया गया, लेकिन फैक्ट्री पूरी तरह खाक हो चुकी थी। फिलहाल, घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है और मुआवजे की मांग की जा रही है।

# डीवीआर कंपनी के नाम पर ठगी करने वाला एनामुल हक फरार, पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** देश-विदेश के हजारों युवाओं से रोजगार के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला डीवीआर कंपनी का संचालक एनामुल हक अब पुलिस के रडार पर है। रविवार सुबह रक्सौल पुलिस ने रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बेला गांव स्थित एनामुल के घर पहुंचकर कुर्की-जब्ती से संबंधित इश्तेहार चस्पा किया। इस दौरान माइकिंग कर गांववालों को आरोपी की फरारी और पुलिस की अगली कार्रवाई की जानकारी दी गई। 25 हजार रुपए का इनामी अपराधी एनामुल हक अगर एक सप्ताह के भीतर कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसकी सारी संपत्ति कुर्क कर ली जाएगी। पुलिस ने गांव में गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर यह संदेश प्रसारित किया कि आरोपी के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

बताया गया कि एनामुल डीवीआर कंपनी के नाम पर देश-विदेश के युवाओं को आकर्षक पैकेज पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम वसूलता था। हाल ही में उसकी एक तस्वीर पटना में एक नेता के साथ वायरल हुई थी, जिससे सफ़ेद-पोशों की मिलीभगत की आशंका और गहरी हो गई है।

गौरतलब है कि 28 मार्च को एसएसबी और रक्सौल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रक्सौल के मौजे, कौड़िहार, कोरिया टोला, सैनिक रोड, नागा रोड, कॉलेज रोड और सभ्यता नगर समेत कई स्थानों पर छापेमारी हुई थी। इस दौरान 568 बच्चों को मुक्त कराया गया था, जिनमें 79 नाबालिग और 4 लड़कियां शामिल थीं। यह उत्तर भारत का अब तक का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन माना गया, जो एसएसबी की सक्रियता और रणनीतिक सूझबूझ से सफल हो सका। एनामुल की गिरफ्तारी के बाद कई सफ़ेदपोश चेहरों के बेनकाब होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि आरोपी की सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

# सीमावर्ती झरौखर पंचायत में घटिया पीसीसी सड़क निर्माण का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** सीमावर्ती झरौखर पंचायत के कोरैया गांव में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप ग्रामीणों ने मुखिया प्रतिनिधि प्रभात कुमार पर लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि हाजमा टोली में निर्माणाधीन सड़क में चार नंबर ईंट के टुकड़े और लोकल बालू का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में बनी अन्य पीसीसी सड़कों में भी इसी तरह मानकों की अनदेखी की गई थी। सबसे गंभीर बात यह है कि निर्माण योजना का कोई बोर्ड स्थल पर नहीं लगाया गया, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि यह कार्य किस योजना के तहत कराया जा रहा है।

इस मामले में पूर्व मुखिया अमरेंद्र कुशवाहा, इंदल राउत, रंजीत कुमार, जोखू रावत, पप्पू पटेल, निकेश ठाकुर, प्रभु पटेल और संदीप कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी, सिकरहना अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोड़ासहन को लिखित आवेदन देकर निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है वहीं, मुखिया प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने इन आरोपों को बेबुनियाद और पूर्वाग्रह से ग्रसित बताया है। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ राजनीतिक कारणों से साजिशन आवेदन दिया गया है, कार्य पूर्ण रूप से मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है।

## एक नजर

### सरकारी नीतियों को डीवाईएफआई ने बताया जनविरोधी, आंदोलन की दी चेतावनी

**मोतिहारी।** भारत की जनवादी नौजवान सभा की पूर्वी चंपारण जिला इकाई की बैठक रविवार को जिला कार्यालय, चांदमारी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकी कुमार कुशवाहा ने की जबकि पर्यवेक्षण में राज्य उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मिश्रा मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को जन-विरोधी और युवा विरोधी करार दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष करें। बैठक में संगठन के संयुक्त सचिव राजेश राम ने वर्षभर के कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर पिंटू कुमार, रवि किशन कुमार, अमरेश कुमार सहित अन्य सदस्यों ने विमर्श कर इसे अनुमोदित किया। बैठक में सदस्यता अभियान चलाने और अगस्त माह में जिला सम्मेलन आयोजित कर नया नेतृत्व चुनने का निर्णय भी लिया गया। साथ ही मुजफ्फरपुर में दलित छात्रा के साथ दुष्कर्म और उसकी मौत पर आक्रोश जताते हुए स्वास्थ्य मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफ़े की मांग की गई।

### व्यापार मंडल चुनाव 12 जून को

**घोड़ासहन, पूर्वी चंपारण।** व्यापार मंडल सहयोग समिति लिमिटेड, घोड़ासहन का चुनाव आगामी 12 जून को प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्यालय में संपन्न होगा। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है – कदमवा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह और सुंदरपुर निवासी व्यापार मंडल सदस्य चंदेश्वर प्रसाद।

प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मधुकांत शर्मा के अनुसार, अध्यक्ष समेत सदस्य पद के लिए कुल 236 मतदाता मतदान करेंगे। वोटिंग सुबह 7:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगी, जिसके तुरंत बाद मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। चुनाव को लेकर दोनों प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्र में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### शराब साथ कारोबारी गिरफ्तार

बनकटवा, पूर्वी चंपारण। जीतनाथ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जोलगावा तीयर नदी के पास छापेमारी कर एक शराब कारोबारी को 120 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब और 60 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान गोलू कुमार, पिता हीरा लाल राउत, निवासी रामबाग, छौंड़ादानों थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि शराब की डिलीवरी की सूचना पहले से ही मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार कारोबारी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई के तहत जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है।

### गैरेज से बाल श्रमिक को छुड़ाया

**घोड़ासहन, पूर्वी चंपारण।** शहर के श्रीपुर रोड स्थित एक मोटरसाइकिल गैरेज से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई श्रम प्रवर्तन विभाग द्वारा एनजीओ प्रयास, प्रथम संस्था, और न्याय नेटवर्क के सहयोग से की गई। प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि यह अभियान वरीय अधिकारियों के निर्देश पर चलाया गया। गैरेज संचालक राकेश कुमार, निवासी अंबिका नगर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# वर-वधू को अग्नि के सात फेरे के लिए अब पांच महीने करना होगा इंतजार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 8 जून से विवाह एवं दूसरे मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहने के कारण अगले पांच महीना तक कोई भी शादी विवाह का रस्म अदा नहीं किया जाएगा। गुरु के अस्त होने के कारण अगली पांच महीने तक मांगलिक कार्य पर ब्रेक लग गया है। वहीं 6 जुलाई को हरीशयनी एकादशी के बाद कोई भी शुभ कार्य आयोजित नहीं किए जायेंगे। बताया जाता है कि धरती के पालनहार भगवान विष्णु 4 माह तक क्षीर सागर में शयन करेंगे। माना जाता है कि इन चार माह में धरती के संचालन की जिम्मेवारी भगवान भोलेनाथ के पास होती है। इस संबंध में आचार्य डॉ श्रीनिवास शर्मा बताते हैं कि 8 जून से गुरु अस्त हो रहे हैं लिहाजा विवाह का शुभ मुहूर्त भी अभी समाप्त हो गया। ऐसे जोड़े जिनकी विवाह तय भी हो गई है उन्हें अगले पांच माह शादी के शुभ मुहूर्त के लिए इंतजार करना पड़ेगा। इतने दिनों तक अब शादी की शहनाई नहीं बज पायेगी। बताया जाता है कि विवाह का शुभ मुहूर्त अब 02 नवंबर से प्रारंभ होगा जो इस वर्ष 6 दिसंबर तक चलेगा। हालांकि इस वर्ष जनवरी से लेकर जून के पहले सप्ताह तक शादी-विवाह के उत्सव का धूम मचा रहा।

**मांगलिक उत्सव के लिए ग्रहों की शुभता जरूरी**

ज्योतिष विधा के जानकारों के मुताबिक शादी-विवाह एवं मांगलिक कार्यों के लिए ग्रहों की शुभता बहुत जरूरी है। बताया जाता है कि शादी के शुभ मुहूर्त के लिए नवग्रह में से गुरु, शुक्र और सूर्य का उदित होना या उनका आपस में संयोग होना आवश्यक है। ज्योतिष शास्त्रियों के अनुसार रवि और गुरु का संयोग शादी के मुहूर्त के लिए अत्यंत फलदाई और शुभ माना जाता है।

# राजद के लगातार तीसरी बार प्रखंड अध्यक्ष बने माधव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया(पूर्वी चम्पारण)।** राजद पार्टी द्वारा लगातार तीसरी बार चकिया प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष माधव मधुकर को मनोनीत किया गया हैं। इनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने शहर के एक होटल में समारोह आयोजित की। इस दौरान नवमनोनित प्रखंड अध्यक्ष माधव मधुकर को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी संजय निराला ने की। वही कार्यकर्ताओं ने चकिया प्रखंड में पार्टी संगठन को बहुत ही मजबूत स्थिति में लाने वाले प्रखंड अध्यक्ष को तीसरी बार अध्यक्ष पद पर मौका देने के लिए पार्टी सुप्रीमो सह पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पार्टी के युवा सम्राट तेजश्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, कल्याणपुर विधायक सह जिला अध्यक्ष मनोज यादव का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

# फिल्म फ़ेस्टिवलों में 'चंपारण सत्याग्रह' की सफलता और तीन अंतरराष्ट्रीय सम्मान

## सामाजिक सरोकारों पर आधारित सिनेमा ने रचा नया इतिहास, अब बनाएंगे 'चंपारण सत्याग्रह पार्ट-2'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** फिल्म निर्माण में सामाजिक सरोकारों को स्वर देने वाले चर्चित फ़िल्मकार, अभिनेता और निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना ने एक बार फिर मोतिहारी का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया है। उनकी भव्य फीचर फिल्म 'चंपारण सत्याग्रह' को देश-विदेश के 16 प्रतिष्ठित फिल्म फ़ेस्टिवलों में सराहा गया है। साथ ही बांग्लादेश, म्यांमार, सिंगापुर और अफ्रीका से उन्हें तीन बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हुए हैं, जिससे वे वैश्विक पटल पर स्थापित हो चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से सम्मानित डॉ. अस्थाना अब तक 23 टेलीफिल्म, 2 धारावाहिक, 8 डाक्यूमेंट्री, 6 फीचर फिल्म और 150 से अधिक नाटकों में अभिनय एवं निर्देशन कर चुके हैं। उन्होंने कई उत्पादों के लिए मॉडलिंग भी की है। उनकी फिल्म 'चंपारण सत्याग्रह' कोठी मैनेजरों के आतंक, किसानों के संकल्प और संघर्ष की कहानी है, जो स्वतंत्रता संग्राम के पहले असहयोग आंदोलन की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

डॉ. अस्थाना ने बताया कि फिल्म की कल्पना, पटकथा, संवाद, निर्देशन और अभिनय सब उन्होंने स्वयं किया है। उन्होंने कहा कि, आज की युवा पीढ़ी को चंपारण सत्याग्रह के इतिहास से अवगत कराना जरूरी है। हमें गर्व है कि हमने अपनी धरती के उस संघर्ष को फिल्म के माध्यम से जीवंत किया।

अस्थाना ने यह सम्मान चंपारण सत्याग्रह के सभी स्वतंत्रता सेनानियों, उनके परिवार और अपनी टीम को समर्पित करते हुए बताया कि फिल्म फ़ेस्टिवलों में भाग लेने के लिए सेंसर बोर्ड की मंजूरी आवश्यक नहीं होती है।

**'चंपारण सत्याग्रह पार्ट-2' जल्द होगी शूट**

विश्व मंच पर मिली जबरदस्त सफलता से उत्साहित डॉ. अस्थाना ने अब 'चंपारण सत्याग्रह पार्ट-2' बनाने की घोषणा की है, जिसकी शूटिंग शीघ्र ही चंपारण में की जाएगी। पहले भाग में जहां तीन कठिया प्रथा के अंत तक की कहानी दिखाई गई थी, वहीं दूसरे भाग में महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनजागरण अभियानों को प्रस्तुत किया जाएगा। इस ऐतिहासिक फिल्म की सफलता से मोतिहारी के कला जगत को नई दिशा मिली है, और एक बार फिर चंपारण सत्याग्रह की गूंज विश्व मंच पर सुनाई दी है।

# वैज्ञानिकों ने किसानों को सिखाया नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक से खेती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र, पंडित दीनदयाल उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय एवं महात्मा गाँधी समेकित कृषि अनुसंधान संसथान के वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम गांव-गांव पहुंचकर किसानों को कृषि की बारिकियों से रूबरू कराने में जुटी है। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एंव प्रधान डॉ. अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमे वैज्ञानिकों की दो टीम मधुबन एंव केसिरया प्रखण्ड के छह गांवो सवांगिया, नारगिया माधोपुर, गढ़वा, बथना, सरेया बहदुरहा डुमरीया एवं सेमुआपुर मे भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों से खेती करना, फसलों संबंधी समस्याएं एवं उनके विस्तार संबंधित कई जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रामबाबु शर्मा, सहायक प्रधानाध्यापक पंडित दीनदयाल उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के द्वारा किसानो को बिज उपचार, धान की उच्च उत्पादकता क्षमता वाली प्रजाति, निचली जमीन मे लगने वाले धान के किसमो, मक्का की सीधी बुआई में खरपतवार समस्या, मक्का में लगने वाला तना छेदक, पीला मोजेक वायरस, पपीता की जड़ एवं पात विघटन, परवल की खेती एंव इसमें लगने वाला जड़ गाठ सूक्ष्मजीव, आम में फल छेदक कीट, आम का लाल मक्खी रोग कि जानकारी दी गई साथ ही अन्य वैज्ञानिकों के द्वारा पशुपालन संबंधी तकनीके, नवीनतम कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण एंव आत्मनिर्भर कृषि मॉडल के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम मे डॉ. राम निवास सिंह, सविता कुमारी, डॉ. गायत्री कुमारी पाढ़ी, डॉ. पंच किशोर भारती, गौरव कुमार, अभिनव कुमार एवं सबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, कृषी समन्वयक, किसान सलाहकार ने सहभागिता दे कर किया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग, मधुछपरा के समीप तेज रफ्तार में जा रही एक अज्ञात वाहन ने एक महिला को ठोकर मार दी और चालक फरार हो गया। घटना रविवार को करीब 12 बजे के आसपास की बताई जा रही। ठोकर से मृत करीब 40 वर्षीया महिला भी अज्ञात बताई जा रही है। जो राजमार्ग के रास्ते कही जा रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार वही विक्षिप्त प्रतीत हो रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया है।

# हिन्दू सभी दृष्टि से श्रेष्ठ,स्वतंत्र व स्वयं शासक बनने योग्य : सुशील

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने मनाया हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मोतिहारी नगर सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों में हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव (छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक सुशील कुमार पाण्डेय, सह जिला संघचालक श्याम सुन्दर, नगर संघचालक उदय नारायण सिंह,नगर कार्यवाह संजीव कुमार आदि ने आर्यसमाज चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर भारत माता पूजनोत्सव कार्यक्रम भी आयोजित किया गयाद्य वही महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय में गायत्री प्रभात शाखा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला संघचालक सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुगलों के साम्राज्यवादी सपनों को हकीकत में बदलने से रोकने के लिए 1674 ई॰ में आज ही के दिन अर्थात ज्येष्ठ शुक्लपक्ष त्रयोदशी को भारत के महान सपूत शिवाजी महाराज का रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक हुआ था और उन्हें छत्रपति की उपाधि प्रदान की गयी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज ने सीमित साधनों से ही सिद्ध किया कि हिन्दू सभी दृष्टि से श्रेष्ठ,स्वतंत्र व स्वयं शासक बनने योग्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह उत्सवों में हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव मनाने के पीछे उद्देश्य भी यही है कि हमारे अन्दर की शक्ति निकालकर शिवाजी की तरह दिखाना कि तुम भी योग्य शासक बन सकते हो। मौके पर रविशंकर वर्मा, प्रदीप कुमार,मनोज क्याल, अमित पाण्डेय, डॉ. श्याम कुमार झा, प्रो. राजेश कुमार सिन्हा, डा. ददन राम, विजय कुमार, रमेश कुमार, सतीश टंडन, चन्द्रशेखर प्रसाद, सुनिल त्रिपाठी, रवि अग्रहरि, वीरेन्द्र साहू, अनिल कुमार, प्रतीक बर्नवाल, प्रियंका नागवंशी, उप मेयर डा.लालबाबू प्रसाद गुप्ता, प्रो.विनोद तिवारी,सुबोध कुमार, अशोक कुमार, हृदयानन्द पाण्डेय, गौतम विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद

# एक वृक्ष की सेवा दस पुत्र की सेवा के बराबर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 210वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर प्रखंड के इक्किल गांव के ठाकुरबाड़ी प्रांगण में किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र के सस्वर पाठ एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित ठाकुरवाड़ी के स्वामी जी महाराज श्री श्री1008 श्री बेंकटेशाचार्य जी महाराज ने कहा कि धार्मिक दृष्टिकोण से वृक्षों का महत्व विभिन्न धर्मों में अलग-अलग हो सकता है, लेकिन सभी धर्मों में वृक्षों को जीवन के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण माना जाता है। वे ज्ञान, आत्मज्ञान, और पवित्रता के प्रतीक हैं और उन्हें धार्मिक अनुष्ठानों में भी शामिल किया जाता है। वृक्ष साक्षात देवता हैं। उनकी सेवा एवं रक्षा करना हमारा धर्म है। एक वृक्ष की सेवा दस पुत्र की सेवा के बराबर है। वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना है। वृक्षारोपण समय की मांग है,युग धर्म है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि कम से कम प्रत्येक वर्ष पांच पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि पौधरोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम से युवाओं का जुड़ना पर्यावरण संरक्षण में एक सकारात्मक कदम साबित होगा। कुछ दिनों में ही बारिश का मौसम आने वाला है इस बारिश के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगायें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। इस अवसर पर प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के रंगेश कुमार, कौशल कुमार, श्यामनारायण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, विनोद कुमार, परमेन्द्र कुमार,श्रीराम, आर्यन राज,संतोष कुमार, श्रीकांत कुमार, ललन कुमार, अरविंद कुमार, विजय शर्मा, अमिताभ शर्मा, शशि कुमार, नीरज कुमार, रौशन कुमार, मनोज कुमार उपस्थित एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# बूथ स्तर तक चलाया जा रहा कांग्रेस का जन-जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** बंजरिया पंडाल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार की संध्या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं बिहार प्रभारी सुशील कुमार पाशी की अध्यक्षता में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों की रणनीति और क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सुशील पाशी ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराधों से बिहार की जनता त्रस्त है। कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों को लेकर बूथ स्तर तक जन-जागरूकता अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कांग्रेस की जनपक्षीय नीतियां और सरकार की विफलताएं हर घर तक पहुंचें ताकि लोग सच्चाई जान सकें।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजीनियर शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने बताया कि सोमवार को विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसके तहत सुबह 10 बजे गोविंदगंज और दोपहर 3 बजे रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में बैठकें निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में संबंधित क्षेत्रों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि संगठन को मजबूती मिल सके और चुनावी तैयारियों को गति दी जा सके।

बैठक में अभिनव संगम, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शुक्ला, प्रो. विजय शंकर पांडेय, शैलेन्द्र सिंह, विनय सिंह, विजय कुमार जायसवाल सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिमटती सड़कें, दम तोड़ती विकास की उम्मीदें

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**जहानाबाद।** जिले का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध गांव काको आज तेज रफ्तार और सड़कों के मामले में सिमटता और पिछड़ता जा रहा है। पिछले दो तीन दशक से काको बाजार के विस्तार और बढ़ते आबादी के आगे सड़कें संकुचित और संकीर्ण हो गई हैं। यातायात व्यवस्था के भारी दबाव और उससे उपजी सड़क जाम एवं दुर्घटनाएं यहां के लोगों की मानो जीवन की नियति बन गई है। स्थानीय लोग वर्षों से यहां बाईपास निर्माण की माँग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक यह मांग सरकारी कागज़ों और आश्वासनों तक ही सीमित है। काको के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक वैभव के कारण राज्य के दूसरे जिलों के लोगों के अलावा अन्य राज्यों से भी यहां पर्यटक हमेशा आते रहते हैं। प्रसिद्ध महिला सूफी संत बीबी कमाल के सलाना उर्स के अवसर पर राज्य सरकार के पर्यटक विभाग द्वारा यहां सूफी महोत्सव का आयोजन राजकीय समारोह आयोजित कर मनाया जाता है। इसके अलावा काको के अलीनगर पाली में राज्य के दूसरे सबसे बड़े फिल्म सिटी की स्थापना की गई है। जहां भोजपुरी सिनेमा और बॉलीवुड के कलाकार फिल्म की शूटिंग के लिए आते रहते हैं। दूसरी ओर हिंदू धर्म के लिए अति प्राचीन सूर्य मंदिर और सैकड़ों एकड़ में फैला पनिहास यहां आस्था के साथ- साथ आकर्षण का केंद्र भी है। बाबजूद इन सबके यहां की सड़कें जीर्णशीर्ण और संकुचित स्वरूप में है।

**धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान**

काको सिर्फ एक गांव नहीं है बल्कि यह स्थान आस्था और प्राचीन भारतीय संस्कृति का संगम है। यहां की प्राचीन सूर्य मंदिर में छठ महापर्व के दौरान दूर-दराज़ से श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने आते हैं। सूर्य मंदिर के पास ही एक बड़ा और रमणीय तालाब है, जिसके किनारे स्थित है विश्व की पहली महिला सूफी संत - मखदूम सैयदा बीबी कमाल का ऐतिहासिक मज़ार। हर साल जब सूफी महोत्सव होता है, तब काको के कण-कण में संगीत, भक्ति और भाईचारे की खुशबू घुल जाती है। सनातन धर्मावलबियों के लिए भी स्थल काफी महत्वपूर्ण है। छठ पर्व के समय जब पूर्वांचल के कोने-कोने से लोग सिर पर दउरा लिए काको पहुंचते हैं, तो यह गांव किसी बड़े तीर्थस्थल से कम नहीं लगता। सूरज ढलने से पहले काको के प्राचीन सूर्य मंदिर और उसके पास बसे तालाब का किनारा श्रद्धालुओं से भर जाता है तब दृश्य देखते ही बनता है। लेकिन इस भीड़भाड़ के बीच एक सवाल जो हर आंखों में तैरता है - क्या हमारा गांव इस सबके लायक बुनियादी सुविधाओं का हक़दार नहीं?

**तेजी से बढ़ता शहरीकरण और सुविधाओं का विस्तार**

काको अब सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रह गया है, तेजी से विकसित होता नगर पंचायत का यह क्षेत्र अब जहानाबाद शहर का सैटलाइट सीटी का रूप ले चुका है। जहानाबाद शहर से मात्र छह किलोमीटर की दूरी पर बसा काको बाजार जिसके एक कोने पर अलीनगर पाली में फ़िल्म सिटी है, जिससे इस क्षेत्र को भविष्य में एक नया पहचान मिलने की उम्मीद है। अलीनगर पाली में बनने वाली फिल्म सिटी काको को एक बड़ा नाम दिला सकती हैं। इसके अलावा, यहीं मुख्य सड़क पर बना जहानाबाद मंडल कारा भी प्रशासनिक दृष्टि से इसे अहम बनाता है। यहां से गुजरने वाली मुख्य सड़क अरवलऽजहानाबाद को एकंगरसरायऽबिहारशरीफ से जोड़ने वाला प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिसे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-33 के नाम से जाना जाता है।

**सघन बाजार और बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था बनी काको की पहचान**

मुख्य सड़क के दोनों ओर फैला काको बाजार अब एक व्यस्त वाणिज्यिक केंद्र बन गया है। यहां रोजमर्रा की जरूरतों की लगभग सभी वस्तुएं मिलती हैं। लेकिन बाजार के दोनों ओर बढ़ती दुकानों, ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा, ट्रकों और निजी वाहनों की आवाजाही के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। आज काको बाजार का हाल यह है कि सुबह-शाम लोग अपने ही गांव में फंसे रहते हैं। बच्चे स्कूल देर से पहुंचते हैं, मरीज अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते, और दफ्तर जाने वाले लोग समय से पहले ही घर से निकल जाते हैं, फिर भी सड़क की भीड़ उनके माथे की शिकन नहीं मिटा पाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क जाम अब काको की पहचान बन चुका है। स्कूल जाने वाले बच्चों, ऑफिस और अस्पताल जाने वाले लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। यहां तक कि एम्बुलेंस और पुलिस वाहन भी इस भीड़ में अक्सर फंस जाते हैं, जिससे आपातकालीन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में काको बाज़ार और मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। कई बार आम राहगीर अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के चपेट में आकर अपनी जान- माल गंवा बैठते हैं। दुर्घटनाओं के पीछे सबसे बड़ा कारण बिना किसी वैकल्पिक मार्ग के ट्रैफिक का सारा भार बाजार से गुजरती मुख्य सड़क पर आना है।

New page 11_page 12 29.05.2025.qxd 08-06-2025 21:36 Page 1



# वर्चस्व की लड़ाई में युवकों पर टूटा कहर

## बैट-बल्ले से सिर फोड़ा, सदर अस्पताल रेफर

### गाली-गलौज से शुरू हुई घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लकड़ी नबीगंज (सीवान)।** लकड़ी नवीगंज में क्रिकेट के मैदान में क्रिकेट खेल रहे तीन युवकों पर पड़ोसियों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना शनिवार देर शाम की है जब जलालपुर गांव के मैदान में क्रिकेट खेलते समय विवाद हुआ और देखते ही देखते बैट, बल्ला और विकेट से लैस पड़ोसी युवकों ने हमला बोल दिया। इस हमले में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज सिवान सदर अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जलालपुर गांव निवासी नीरज कुमार (18 वर्ष, पिताः काशीनाथ राय), रतनजोत राय (पिताः संजय राय) और शुभम कुमार (पिताः जयप्रकाश प्रसाद) गांव की जमीन पर क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी युवकों ने वहां आकर वर्चस्व जताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने बैट-बल्ला और विकेट से हमला बोल दिया।

हमले में तीनों युवकों को बुरी तरह पीटा गया और उनके सिर पर बेरहमी से वार किया गया, जिससे वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही लकड़ी नबीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवकों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को बेहतर चिकित्सा के लिए सिवान सदर अस्पताल रेफर किया गया।

घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवकों के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आरोपितों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# राज्यपाल ने बताया प्रेरणादायक पहल, उपमुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

## 'एक विवाह ऐसा भी' में 51 जोड़ों ने रचाई सामूहिक शादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में शनिवार को मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित एक विवाह ऐसा भी का 13वां संस्करण प्रेरणा और परंपरा का अद्वितीय संगम बना। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने इस आयोजन को अद्भुत और प्रेरणादायक पहल बताते हुए कहा कि यह समाज के उन वर्गों को सम्मान और अधिकार देने का प्रयास है जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग जोड़ों और स्पाइनल कॉर्ड इंजरी पीड़ितों को केंद्र में रखे जाने की सराहना की। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस तरह की पहल सामाजिक समरसता की



मिसाल है और सरकार समाज के ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करती है।

इस भव्य आयोजन में 51 जोड़ों ने विधि-विधान से सामूहिक रूप से विवाह किया, जिनमें 6 दिव्यांग जोड़े भी शामिल थे, एक जोड़ा नेत्रहीन था। आयोजन की शुरूआत धीरज सोनी टीम की प्रस्तुति से हुई। इससे पूर्व महाराणा प्रताप भवन में मेहंदी, संगीत और मटकोड़ जैसी पारंपरिक रस्में संपन्न हुईं। शाम 4:30 बजे 51 दूल्हे घोड़ों पर सवार होकर बैंड-बाजे के साथ बारात लेकर श्रीकृष्ण मेमोरियल पहुंचे। 16 हजार वर्गफुट में बने जर्मन पंडाल में 51 मंडपों पर शादी की रस्में पूरी कराई गईं। हर जोड़े को संस्था की ओर से साइकिल, सिलाई मशीन, बर्तन सेट और एक माह का राशन उपहार स्वरूप दिया गया। संस्था ने इस वर्ष स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से पीड़ित बच्चों के पुनर्वास और चिकित्सा के लिए सरकार से विशेष व्यवस्था की मांग भी रखी। इस मौके पर अनुराग (स्पाइनल कॉर्ड पर कार्यरत), इंडियन आइडल फेम रितिका राज, व्यवसायी संजय कुमार और अभिनेत्री अक्षरा सिंह को मां वैष्णो देवी सेवा सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम संयोजन में कन्हैया अग्रवाल कन्नू, जितेंद्र कुमार जित्तू, संजय तोतला, नंद किशोर अग्रवाल और मुकेश हिसारिया सहित समिति के कई सदस्य सक्रिय रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** नरकटियागंज-सुगौली रेलखंड स्थित मेहंदियाबारी स्थित बीजेपी कार्यालय के पीछे रेल ट्रेक से एक युवक का शव बरामद किया गया। शव की पहचान मनुआपुल थाना क्षेत्र के जोकहा निवासी अखिलेश्वर ठाकुर के पुत्र सुमित रंजन के रुप में हुयी। आशंका जतायी जा रही है कि युवक के मौत ट्रेन के चपेट में आने से हुयी है। मनुआपुल थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि रेलवे पटरी पर दो हिस्से में कटा हुआ एवं एक हाथ कटा हुआ शव मिला है। रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## मेडिकल कैम्प का आयोजन

**मांझी (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के गोबरही गांव स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में रविवार को निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में छपरा के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन ने दर्जनों मरीजों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान मरीजों के बीच मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं। मेडिकल कैम्प की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से दर्जनों मरीज मंदिर परिसर में पहुंचे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और इसे अत्यंत लाभकारी बताया। मेडिकल कैम्प के संचालन में सोनू सिंह कौशिक, अरुण कुमार सिंह, गजेन्द्र सिंह, शेष नाथ गिरी, भूषण प्रसाद, देव लाल प्रसाद, शिवनाथ यादव, योगेन्द्र प्रसाद समेत कई अन्य लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

## शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा कालेज स्टेडियम में

**अररिया।** विज्ञापन संख्या 01/2025 के आलोक में अररिया जिला अंतर्गत गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए अररिया कॉलेज स्टेडियम में शारीरिक दक्षता की जांच 24 मई 2025 से 04 जून 2025 तक की गई। इस क्रम में उमीदवारों को दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद तथा गोला फेंक स्पर्धा में उनके प्रदर्शन के आधार पर मानक के अनुरूप अंक प्रदान किये गए। शारीरिक दक्षता में उत्तीर्ण उमीदवार की रिक्तियों के अनुसार मेधा सूची बनाने पर कार्य उच्च स्तरीय समिति के द्वारा निष्पक्ष तरीके से किया जा रहा है।

## गिरफ्तार पिता-पुत्र को जेल

**बेतिया।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरवत सेना निवासी रामदेव राम (65) हत्याकांड में पुलिस ने गिरफ्तार दो लोगो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि बरवत सेना निवासी मुन्ना देवान व उसके पिता हबीब देवान को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मामले में मुफस्सिल पुलिस रामदेव राम के पुत्र के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है।

## शहर में निकला आरएसएस का पथ संचलन

**बेतिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में स्थानीय संत माइकल एकेडमी में चल रहे संघ शिक्षा वर्ग के शिक्षार्थियों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। स्थानीय विपिन हाई स्कूल से निकलकर यह संचलन स्टेशन चौक पहुंचा, जहां से सुप्रिया सिनेमा रोड होते हुए ओवर ब्रिज के रास्ते छावनी मार्ग से चलकर संत माइकल एकेडमी में जाकर समाप्त हो गया। स्वयंसेवकों द्वारा निकाले गए इस पथ संचलन का मार्ग में कई जगह लोगों ने स्वागत किया।

## मनाया गया पर्यावरण दिवस

**अररिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अररिया राधेश्याम राय, वन रक्षक गौरव कुमार अरमान खान, गोविंद प्रजापति,नगर उपमुख्य पार्षद गौतम साह ने पर्यावरण की सुरक्षा पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण ही हमारा जीवन है' इसकी सुरक्षा करना हमारा धर्म है' हम सभी एक-एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लें। विद्यालय में इस तरह का कार्यक्रम हर वर्ष किया जाता है' मदर्स डे के कार्यक्रम में भी सभी माताओं को एक-एक फलदार पेड़ दिया गया था।

# आर्ट एंड क्राफ्ट समर कैंप में बच्चों ने सीखे कला के गुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** गर्मी की छुट्टियों के मद्देनजर आराध्या चित्रकला संस्थान द्वारा 2 जून से 8 जून तक 6 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट समर कैंप 2025 का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के 40 चयनित बच्चों को कला की विभिन्न विधाओं की प्रशिक्षित किया गया, जिससे बच्चों की रचनात्मक क्षमता को निखारने का अवसर मिला।शिविर के दौरान बच्चों को पेंटिंग, पेपर क्राफ्ट, टेराकोटा में खिलौने बनाने और पॉटरी की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस कैंप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कला में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह शिविर किसी सुनहरे मौके से कम नहीं था।

आराध्या चित्रकला द्वारा आयोजित यह समर कैंप जिले भर के बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रशिक्षकों में गौरव कुमार, नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी, अर्जुन प्रजापति, विकास शर्मा, सृष्टि प्रजापति, पुनीता अनुराग, रोशनी खातून, नीति कुमारी, प्रिया कुमारी,



उत्कर्ष कुमार और श्वेता कुमारी ने बच्चों को कला की विविधताओं से परिचित कराया।

कैंप के समापन कार्यक्रम में कला समीक्षक सुनील अरोड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के मानसिक व रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

चित्रकार रजनीश कुमार ने कहा, शिविर के दौरान यह देखने को मिला कि बच्चे कला के प्रति गंभीर हैं और उनमें सीखने की प्रबल इच्छा है। आशा है कि ये बच्चे भविष्य में अपनी कला से समाज में सकारात्मक योगदान देंगे।

अथर्व सिंह, अवनी कुमारी, आरुष प्रकाश, अरीबा परवीन, सुमैया अनवर, अनया परवीन, श्वेता कुमारी, अतुल कुमार, राजवी सिंह, अजीत कुमार, शबी पंडित, पलक कुमारी, दीपांशु कुमार, अर्श अकेब, कस्तूरबा प्रियदर्शनी, कनिष्क प्रियदर्शनी, वेदांत गुप्ता, देवांश गुप्ता, आयुष कुमार, सक्षम वर्मा, पहल वर्मा, आरोही गोयल, प्रांजल वर्मा, मान्यता गुप्ता, वीर गुप्ता, साक्षी चौहान, शगुन कुमारी, शानवी शर्मा, संस्कार गुप्ता, अनन्या कुमारी, आईरा इमाम, सुमेर इमाम, यशवंत कुमार, यशिका कुमारी, हिमांशु कुमार, सिमराह इमाम आदि शामिल रहे।

# विभिन्न मामलों के 11 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** विभिन्न थाने की पुलिस शनिवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 11 आरोपितों को गिरफ्तार की है।

पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में 11 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से चार की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतिय नौ वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है।

विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 25 लीटर 740 मिलीलीटर शराब व दो बाइक जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से एक लाख पांच हजार रुपये जुमार्ना वसूल की है।

# सवर्ण आयोग अध्यक्ष डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह का मशरक में हुआ भव्य स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मशरक (सारण)।** बिहार सरकार के स्वर्ण आयोग के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह का पटना से सिवान जाते समय दरियापुर, परसा, अमनौर, तरैया होते हुए मशरक में भव्य स्वागत किया गया।

मशरक बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के समीप तथा मलमलिया रोड स्थित गोपालवाड़ी गांव में पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह के आवासीय परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र व फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया।

डॉ. सिंह ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे यह दायित्व सौंपा। मैं पूरे बिहार का दौरा कर स्वर्ण समाज की समस्याओं को जानूंगा और उन्हें सरकार के समक्ष रखकर उनका समाधान सुनिश्चित कराऊंगा।

इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह, महेश्वर सिंह, भाजपा नेता गौतम ओझा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, पप्पू सिंह, फुलेंद्र सिंह, साहेब सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में उत्साह व गरिमा का माहौल देखने को मिला।

# ठेकेदार के चेहरे पर गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवहर।** शिवहर में शनिवार की रात युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वो खाना खाकर घर के दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी शिवम उसे बुलाकर ले गया। थोड़ी ही देर बाद फायरिंग की आवाज सुनकर गांव वाले घर से 300 मीटर दूर बांध के पास गए। वहां युवक का शव जमीन पर पड़ा मिला। उसके चेहरे पर तीन गोलियां लगी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना पिपराही थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव के तटबंध पर हुई। मृतक की पहचान अरविंद सिंह के बेटे ऋषि कुमार(26) के रूप में हुई है। वे 2 भाई और बहन में सबसे छोटा था। लगभग 6 महीने से ठेकेदारी के पेशे से जुड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही पिपराही थाना के एसएचओ सुबोध कुमार और पूरनहिया एसएचओ प्रेम जीत समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की बहन संगीता देवी ने बताया कि रात 8 बजे के करीब भाई से फोन पर बात हुई थी। उसने बताया था कि मछली लेकर आया है, मां बना रही है। खाना-खाने के बाद वो घर के दरवाजे पर बैठा हुआ था। इसी बीच पड़ोस का शिवम आया और उसे अपने साथ ले गया। संगीता ने बताया कि मेरा भाई बहुत व्यावहारिक और खुशमिजाज था। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पिपराही थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**जमुई।** जमुई के जिलाधिकारी श्री नवीन ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा किया। इनमें डिजिटल डिस्प्ले, ओपीडी दवा काउंटर, रजिस्ट्रेशन काउंटर, पैथॉलाजी लैब और इमरजेंसी कक्ष शामिल थे। डीएम ने ओपीडी में मरीजों की भीड़ देखकर रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मौजूद कर्मियों और मरीजों से बातचीत की। उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। साथ ही, मरीजों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जांच की। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों को समय पर ड्यूटी पर आने और मरीजों को बेहतर देखभाल प्रदान करने का निर्देश दिया। मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों से भी उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने कर्मचारियों को मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की भी जांच की।

# 6.55 करोड़ की लागत से बनेगा काली धाम कोरिडोर

## मंदिर के मूल स्वरूप में नहीं होगा परिवर्तन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** शहर के प्रसिद्ध कालीधाम मंदिर कारीडोर का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए दो चरणों में काम कराने की स्वीकृति निगम बोर्ड ने दी है। प्रथम चरण में 3.25 करोड़ और 3.30 करोड़ से दूसरे फेज के डीपीआर की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। प्रशासनिक स्वीकृति मिल जाने के बाद महापौर सिकारिया ने नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी के साथ स्थल निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि राजस्व पर्षद बिहार से मिली स्वीकृति के आलोक में पौराणिक महत्व के इस ऐतिहासिक मां काली धाम मंदिर के मूल स्वरूप को संरक्षित और बरकरार रखते हुए इसका जीर्णोद्धार कराया जायेगा। नगर आयुक्त ने बताया कि निगम बोर्ड से पारित प्रारूप के आधार पर शीघ्र ही इस पौराणिक महत्व के ऐतिहासिक मंदिर के संपूर्ण जीर्णोद्धार की निविदा जारी की जाएगी।



# शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई बकरीद

## प्रशासन की रही चाक-चौबंद व्यवस्था ▸ लोगों ने दी मुबारकबाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** बकरीद का पर्व शनिवार को जिले में पूरे श्रद्धा, उल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। पर्व के मौके पर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जबरदस्त तैयारी की गई थी, जिसका असर पूरे जिले में देखने को मिला। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासन और आम जनता दोनों ने राहत की सांस ली।

जिलाधिकारी आदित्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में पहले से ही रणनीतिक तैयारियां की गई थीं। सभी प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से निगरानी का पुख्ता इंतजाम किया गया था। प्रशासनिक तैयारी और अमन-पसंद माहौल की सराहना करते हुए जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष मंसूर आलम ने जिलाधिकारी आदित्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार और संपूर्ण जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जिस मुस्तैदी और समर्पण से



कार्य किया, वह काबिल-ए-तारीफ है।

मंसूर आलम के साथ कई अन्य जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने भी प्रशासन की तारीफ की। बधाई देने वालों में जदयू युवा नेता खुर्शीद आलम, राजद नेता अर्जुन यादव, जदयू युवा नेता जावेद आलम, जदयू नेता लाल बाबू प्रसाद, मुबारक हुसैन और मोहम्मद रुखसार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

सभी ने मिलकर जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए समाज के हर वर्ग से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी शांति और भाईचारे का संदेश दिया गया।बकरीद के मौके पर जिले में प्रशासन और आम नागरिकों के बीच तालमेल ने यह सिद्ध कर दिया कि आपसी समझ और सहयोग से किसी भी त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सकता है।

# लाठी चार्ज में कई कार्यकर्ता घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा में डिप्टी मेयर नाजिया हसन के पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में शनिवार को बीजेपी कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों के साथ मशाल जुलूस निकालने की तैयारी थी, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं दी गई। इसके बावजूद कार्यकर्ता आयकर चौराहे पर जुटे। पुलिस ने मशाल जब्त करने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई बीजेपी कार्यकर्ता घायल हो गए। इलाज के लिए उ्टउ्ल में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी मिलते ही बिहार सरकार के मंत्री जीवेश मिश्रा देर रात अस्पताल पहुंचे। घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। मंत्री जीवेश मिश्रा ने कहा, 'वीडियो फुटेज मंगाई जा रही है। एसएसपी को निर्देश दिया गया है कि स्थानीय लोगों की गवाही और फुटेज देखने के बाद दोषी अधिकारी पर कार्रवाई हो। मशाल जुलूस की अनुमति नहीं थी।

# हरे राम सेवा संस्थान ने मेधावी नौनिहालों को किया सम्मानित

## रिविलगंज में हुआ बिहार प्रतिभा सम्मान समारोह, 300 छात्र हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। हरे राम सेवा संस्थान द्वारा रविवार को रिविलगंज प्रखंड के मेथवलिया मैदान में ₹बिहार प्रतिभा सम्मान समारोह₹ का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 300 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को दीवाल घड़ी भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को सम्मान मिलता है, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक दायित्व निभाने और देश निर्माण में भागीदारी की अपील की। विशिष्ट अतिथि सारण के डीआईजी नीलेश कुमार ने कहा कि आज बिहार के छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता अत्यंत उत्साहजनक है।

युवा भाजपा नेता राणा यशवंत प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं की शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी है। जब हम प्रतिभाओं को मंच देते हैं, तो उनका आत्मविश्वास और बढ़ता है।

संस्थान के अध्यक्ष अनंत सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल पुरस्कार वितरण नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का प्रयास है। उन्होंने शिक्षा,



संस्कार और समाजसेवा को एक सूत्र में पिरोने की बात कही।

संयोजक संजय सिंह व सह-संयोजक गुंजन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियाँ कई सप्ताह से चल रही थीं और स्थानीय जनसमुदाय का सक्रिय सहयोग मिला। अगले वर्ष इस आयोजन को और व्यापक रूप देने की योजना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता व मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच को पारंपरिक सजावट से सजाया गया था और कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली अंदाज में किया गया। अंत में सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए संस्थान ने इसे एक नई शुरूआत बताया। कहा कि एक ऐसे बिहार की शुरूआत है, जहां प्रतिभा को सम्मान और दिशा दोनों मिलेगी।

CMYK

# कार्यकर्ता ही पार्टी की आत्मा हैं : दिलीप जायसवाल

## स्वागत समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कही बात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आज भागलपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि जनता और संगठन के लिए पूरी निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ता ही पार्टी की असली नींव होते हैं, और उनके स्नेह को हमें हृदय से स्वीकार करना चाहिए।



श्री जायसवाल आज अपने स्वागत समारोह के दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम सब मिलकर पार्टी संगठन के मजबूत पटल पर खड़े होकर प्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे। कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही संगठन और जनता की सेवा की गंगा बिहार में अविरल बहती रहेगी।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की आत्मा हैं, और उनका स्नेह पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। श्री जायसवाल ने दावा किया कि कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक ऊर्ज़ा की कोई कमी नहीं है और इसी ऊर्ज़ा के बल पर बिहार को जल्द ही नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भागलपुर की धरती पर पार्टी कार्यकर्ताओं के जोश और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां के कार्यकर्ता अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। पदाधिकारी हों या साधारण कार्यकर्ता, सभी तन-मन से पार्टी के लिए समर्पित हैं।

इस मौके पर कहलगांव के भाजपा विधायक पवन कुमार यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार साह, भाजपा नेता दिलीप मिश्र, कन्हाई मंडल और भाजपा नेत्री नंदनी सरकार ने भी एक स्वर में कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता और समर्पण की प्रशंसा की।

श्री जायसवाल के एक दिवसीय भागलपुर दौरे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान वे जिला गंगोत्री समाज के सम्मेलन में भी शामिल हुए। अगर आप इस खबर को पोस्टर, सोशल मीडिया कैप्शन या विज़ुअल प्रस्तुति के लिए रूपांतरित करवाना चाहें तो बताएं।

## 30 तक राशन कार्ड का करवा लें ई-केवाईसी नहीं तो राशन उठाव होगा बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में राशन का उठाव करने वाले प्रत्येक कार्डधारको को ई-केवाईसी करवाने के लिए सभी पीडीएस विक्रेताओं के जरिए अनुमंडल प्रशासन ने सख्त हिदायत दी है। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशन कार्ड से काट दिया जाएगा। इसके बावजूद अभी तक पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में 20% लाभुकों ने ई-केवाईसी नहीं कराई है। ऐसे में इन लाभुकों का राशन कार्ड से नाम रद होने का खतरा पैदा हो गया है। इसके लिए 30 जून तक की विस्तारित अवधि निर्धारित की है। इस आंकड़े में शहरी इलाके के भी राशन कार्ड धारक परिवार के लोग भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पूरे अनुमंडल में निर्गत किए गए राशन कार्ड में कुल सदस्यों की संख्या आठ हजार है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लक्षित जन वितरण प्रणाली के सभी लाभुकों को 30 जून तक ई-केवाईसी करना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत परिवार के प्रत्येक सदस्य का ई-केवाईसी संबंधित जनवितरण प्रणाली की दुकान के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए राशन कार्ड धारक लक्षित जन वितरण प्रणाली विक्रेता की दुकान पर संधारित ई-पीओएस यंत्र के माध्यम से निःशुल्क व्यवस्था की गई है। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार ने बताया कि पूरे मसौढी अनुमंडल में 20% ऐसे लोग हैं जो अभी तक ई केवाईसी नहीं करवाए हैं उन तमाम कार्ड धारकों से अपील है कि जल्द से जल्द अपने पीडीएस दुकानदार से ई केवाईसी करवा लें अन्यथा राशन उठाव से वह वंचित हो सकते हैं।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखा नृत्य

**फुलवारीशरीफ।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच की ओर से समर कैंप का शुभारंभ रविवार को संस्था के सभागार में किया गया. यह कैंप 15 जून तक चलेगा। संस्था के सचिव महेश चौधरी और कामेश्वर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। समर कैंप में बच्चों को बिहार गीत पर नृत्य सिखाया गया।

## एक नजर

### बहन की ससुराल गई महिला की पिटाई

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरुआने गांव में विवाहित बहन को प्रताड़ित करने के मामले में पंचायत कराने ससुराल गई महिला रीना को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। इस संबंध में पटना पीसी कॉलोनी निवासी रीना कुमारी का कहना है कि उसकी बहन रंजीता की शादी बरुआने निवासी धीरज कुमार के साथ 13 वर्ष पूर्व हुई थी। धीरज ने 6 वर्ष पूर्व उत्तराखंड में महिला से दूसरी शादी रचा ली जिसके कारण उसकी बहन रंजीता अपने पिता के पास 5 वर्षों से रह रही है। इसी दौरान जेठ ओंकार सिंह ने रंजीता को हिस्सा देने के नाम पर बुलाया और मारपीट शुरू कर दी। इसकी सूचना मिलने के बाद जब रीना कुमारी अपनी बहन रंजीता की ससुराल पहुंची तो उस पर हमला कर दिया गया।वह जान बचाकर भागी। रीना के साथ मारपीट मामले को लेकर बरुआने निवासी ओंकार सिंह, धीरज, कृष्णा पिता राजेंद्र सिंह तथा एक महिला को नामजद किया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

### पंडारक में पिस्तौल दिखा कर दी धमकी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंडारक थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेमुआबाद गांव में आपसी रंजिश में कुछ लोगों ने सुबोध कुमार , उसकी पत्नी प्रीति देवी तथा पुत्री रोशनी कुमारी को मारपीट कर जख्मी कर दिया। वहीं पिस्तौल दिखाकर आरोपियों ने धमकी भी दी। इस मामले को लेकर धर्मराज आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी तरफ भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकजलाल गांव में चाऊमीन की दुकान पर खड़े राजा कुमार को घेर कर जयराम यादव आदि ने मारपीट करते हुए हाथ तोड़ दिया। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### जान मारने की नीयत से किया अधमरा

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ललितपुर गांव में जान मारने की नीयत से कुछ लोगों ने रामाधीर सिंह और उसकी पत्नी कंचन देवी को मारपीट कर जख्मी कर दिया। चार दिन पूर्व उसके घर पर लगी ई-रिक्शा को भी तोड़फोड़ कर बर्बाद कर दिया था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### दुर्घटना में घायल

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के पास मद्य निषेध विभाग की गाड़ी के धक्के से जख्मी मलाही गांव निवासी रोशन कुमार को पुलिस पहरे में इलाज कराया गया। उसकी निगरानी को लेकर दो पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। जख्मी की मां ने बताया कि थाने में वाहन चालक के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया है। वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। लेकिन केस दर्ज नहीं किया। जांच पड़ताल के बाद चालक को भी मुक्त कर दिया गया है।

### शराब पीने से मना किया तो युवक का माथा फोड़ा

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के उमानाथ गोसाई मठ इलाके में स्थानीय कुछ सामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा घर के सामने शराब का अड्डा बनाने का विरोध किया तो सामाजिक तत्व के लोगों ने 16 वर्षीय ऋतुराज कुमार पिता शिव बालक महतो नामक युवक को मारपीट कर उसका माथा फोड़ दिया. जिसका इलाज बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में कराया गया. पीड़ित परिवार ने बताया कि घर से महिलाओं का निकलना मुश्किल है. घर के सामने सामाजिक तत्व का जमावड़ा बना रहता है. विरोध करने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया जाता है बदमाश महिलाओं से छेड़खानी भी करता है।

## एमएलसी ने राम मनोहर लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण का किया शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत मसौढ़ी अनुमंडल के भगवानगंज पंचायत स्थित समसतीचक गांव में खेल क्लब भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) रविंद्र सिंह ने डॉ. राम मनोहर लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण की आधारशिला रखी।

इस खेल भवन का निर्माण एमएलसी फंड से करीब 9 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से किया जाएगा, जिसे अगले डेढ़ महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह और अनुसूचित जाति आयोग सदस्य रूबेल रविदास ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।

विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने कहा कि सरकार खेल के क्षेत्र में गांव से लेकर शहर तक कार्य कर रही है। युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच तक लाने का प्रयास जारी है। इस अवसर पर जदयू ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, संतोष चौधरी, विनोद कुमार, देवेंद्र सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जमीन विवाद को लेकर आयोजित बैठक में गोलीबारी

### दारोगा समेत बेटे को लगी तीन गोलियां, तीन जख्मी, 11 खोखे जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बौरही पंचायत के सेवती गांव में जमीन विवाद में हो रही समझौता बैठक के दौरान रविवार की दोपहर दर्जनो राउंड गोलियां चली है जिसमें तीन लोगों को गोली लगने से जख्मी हो गए हैं। तीनों जख्मी का इलाज पटना में चल रहा है। घायलों में मनोज सिंह को पैर में गोली लगी है, मनोज सिंह छपरा के नया गांव के रहने वाले हैं जो सहरसा में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं, सावन कुमार जो दरोगा के बेटे है उन्हें तीन गोली लगी है। और रोहित कुमार को पेट में गोली लगी है, जिसमें रोहित कुमार की स्थिति गंभीर है। दरअसल मामला नौ बीघा जमीन को लेकर है, जहां पर दो पक्ष पिछले दो सालों से आपस में झगड़ा कर रहे हैं। हालांकि इसी जमीन की लड़ाई पहले भी पुनपुन के किसी एक पक्ष



के द्वारा हो चुकी है। दरअसल बताया जाता है कि 1939 में तेतरी के बिंदेश्वरी चंद्रवंशी के खतियानी जमीन दिखा कर 4 साल पहले यह जमीन को किसी के हाथों एग्रीमेंट कर दिया उसके बाद लगातार किसी दूसरे को जमीन का एग्रीमेंट कर रहे हैं। उसी दरमियान 3 दिन पहले इस जमीन जो फिलहाल जिस पक्ष के कब्जे में है उसके द्वारा खेत को जुताई कर रहे थे जहाँ दूसरे पक्ष के द्वारा विरोध किया गया था, और रविवार के दिन पंचायती की तारीख मुकर्रर की थी, दोनों पक्षो के बीच समझौता हो रहा था, जहां एक पक्ष के द्वारा जमीन का कागज दिखाया गया जहां एक पक्ष ने उस जमीन को नकली बताया और फिर विरोध शुरू हो गया, तिखी नोकझोंक गाली गलौज हुई फिर दोनों तरफ से रोड़ेबाजी शुरू हो गयी, रोड़ेबाजी के दौरान फिर गोलियां चलने लगी, तकरीबन 10 या 12 राउंड गोलियां चली हैं। इस दौरान तीन लोगों को गोली लगी है, सभी जख्मी को अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में भेजा गया है जिससे प्राथमिक उपचार कर पटना रेफर कर दिया गया है। मौके पर सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची जहां घटनास्थल से 11 खोखे को जब्त किया हैः डीएसपी-2 कन्हैया कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटना में सुरेंद्र सिंह पिता स्व अरविंद सिंह के लिखित आवेदंन पर 9 नामजद समेत 20 अज्ञात लोगों पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मनोज कुमार सिंह जो छपरा के नया गांव के रहने वाले हैं सेवती मे ससुराल है उन्ही की जमीन के साथ विवाद चल रहा था। उनके बेटे और भतीजा को गोली लगी है।थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि जमीन कब्जा को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। एफएसएल की टीम को बुलाई गई है पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## पेज 1 का शेष

### पीएम के विशेष पैकेज ...

अलावा अन्य शहरों को भी हवाई मार्ग से जोड़ते हुए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से 5 शहरों में एयरपोर्ट निर्माण की मंजूरी दी गई है। इसमें पटना के अतिरिक्त बिहटा, गया, रक्सौल और पूर्णिया में हवाई अड्डा का निर्माण शामिल है। पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पुनरूद्धार का कार्य 1 हजार 216 करोड़ रुपये खर्च करके किया गया है। इसके नए भवन से लेकर टर्मिनल तक का निर्माण कराया गया है। इसी तरह 68 करोड़ 72 लाख रुपये खर्च करके गयाजी एयरपोर्ट को भी विकसित किया गया है। वहीं बिहटा और पूर्णिया में निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। हाल में प्रधानमंत्री ने पटना हवाई अड्डा के नए टर्मिनल के उद्घाटन के साथ ही बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। पूर्णिया हवाई अड्डे का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है। रक्सौल में जमीन सर्वे का काम चल रहा है। इसके बाद यहां भी निर्माण कार्य शुरू होगा।

### पद के लिए मुद्दे से ...

प्रमुख ने कहा कि जनता के सवालों का समझौता कर अगर कोई पद मिलता हो तो वैसे पद से ज्यादा अच्छा है कि बिना पद का ही रहा जाए। आरएलएम चीफ ने कहा कि परिसीमन का आधार जनसंख्या होता है लेकिन पिछले 50 सालों में किसी न किसी बहाने दो बार परिसीमन पर रोक लगाई गई। इसका नुकसान हिंदी पट्टी के राज्यों को विभिन्न योजनाओं में मिलने वाली राशि के नुकसान के तौर पर झेलना पड़ा है क्योंकि परिसीमन नहीं होने से हिंदी पट्टी राज्यों में आज 31 लाख पर एक सांसद चुना जाता है। वहीं दक्षिण भारत के राज्यों में 21 लाख की आबादी पर एक सांसद होता है। इससे सांसद और विधायक कोटे से विकास के लिए मिलने वाली राशि का नुकसान होता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि केंद्र और राज्य प्रायोजित कई योजनाएं जनसंख्या के आधार पर चलाई जाती हैं। इनके लिए भी जो फंड आवंटित किया जाता है उसमें राशि की कमी हो जाती है। उन्होंने कहा कि वह अपनी पार्टी के माध्यम से हमेशा ही लोगों के हित के मुद्दों को उठाते रहे हैं। इसके लिए कई बार उनको बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है लेकिन वह जनहित पर समझौता कर पद पाने वाले लोगों में से नहीं हैं।

### सीएम की अनुमति ...

पर आरओबी और मीठापुर से सिपारा तक एलिवेटेड रोड के कार्य को नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 11 किलोमीटर लंबी मीठापुर-महुली सड़क का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में सिपारा परसा से महुली के बीच 6.7 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनाई गई है, जिसमें 5.4 किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड है। इस सड़क को न्यू बाइपास (एनएच-31) से भी जोड़ा जाएगा। दूसरे चरण में मीठापुर से सिपारा और महुली से पुनपुन के बीच कुल 4.3 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है, जिसमें मीठापुर से सिपारा तक 2.1 किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड होगा। यह सड़क संपतचक रोड से भी कनेक्ट होगी। इस परियोजना की कुल लागत 1400 करोड़ रुपये से अधिक है और इसके पूरा होते ही दक्षिण पटना के लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अब सिपारा से महुली की 11 किलोमीटर की दूरी महज 10 मिनट में पूरी की जा सकेगी। साथ ही, जहानाबाद, गया और बिहारशरीफ की ओर जाने वाले यात्रियों को भी आसानी होगी। यह परियोजना न केवल पटना के ट्रैफिक को आसान बनाएगी, बल्कि दक्षिणी इलाकों की कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगी। अशोक राजपथ डबल डेकर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अब पूरा हो चुका है। यह फ्लाईओवर रंग-बिरंगी लाइटिंग से सुसज्जित हो गया है और जल्द ही इसे यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। यह डबल डेकर पुल दो फ्लोर का बना है। पहले फ्लोर की लंबाई 1.45 किलोमीटर है, जो पटना कॉलेज से बीएन कॉलेज तक फैली है। वहीं, दूसरा फ्लोर करगिल चौक से शुरू होकर पटना साइंस कॉलेज तक लगभग 2.2 किलोमीटर लंबा है। दोनों हिस्सों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे इस रूट पर ट्रैफिक का बड़ा दबाव कम होने की उम्मीद है।

## भदौर में आरोपित का हथियार के साथ फोटो वायरल, पुलिस पर सुस्ती का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकजलाल गांव में 2 जून को बच्चू राम और उसके पुत्र बंटी कुमार पर जानलेवा हमला कर शरीर के कई जगहों पर हड्डी तोड़कर जख्मी करने के मामले में नामजद आरोपी का हथियार के साथ फोटो वायरल हो रहा है। इसके बावजूद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हालांकि हिंदुस्तान इसकी पुष्टि नहीं करता। पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने डीएसपी के निर्देश पर केस दर्ज किया है लेकिन उसे गिरफ्तार करने को लेकर सक्रिय नहीं है। बच्चू राम जब अपने खेत में मूंगफली की फसल की सिंचाई कर रहा था, इसी दौरान आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए सिंचाई मोटर से जुड़े बिजली का तार काट दिया। इसका विरोध करने पर पिता पुत्र को बेरहमी से पीटा गया। हालांकि वरीय पुलिस पदाधिकारी ने आरोपियों के हथियार के साथ फोटो वायरल होने के मामले को लेकर जांच का निर्देश दिया है। वहीं दूसरी तरफ इसी गांव निवासी राजा कुमार पिता शत्रुध्न राम पर हुए जानलेवा हमले को लेकर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित थाने का चक्कर लगा रहा है।

## ऑटो की छतरी में छिपा रखी थी 211 बोतल विदेशी शराब, पुलिस ने किया बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (धनरूआ)।** बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब माफिया लगातार नए-नए हथकंडे अपना कर शराब की तस्करी कर रहे हैं। लेकिन पुलिस भी पूरी सतर्कता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में धनरूआ पुलिस को रविवार को बड़ी सफलता मिली।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने धनरूआ थाना क्षेत्र के रमनीबीघा गांव के पास एक सीएनजी ऑटो



की छतरी के ऊपरी हिस्से में छिपाकर रखी गई 211 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई शराब में टधभथद्य ट्टप्थद्द के 375द्वद्य की 143 बोतलें और रॉयल चैलेंज के 375 एमएल की 68 बोतलें शामिल हैं। कुल जब्त शराब की मात्रा 79.125 लीटर है।

थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि ऑटो को जब्त कर लिया गया है और उसके मालिक की पहचान की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह शराब किसने मंगवाई थी और कहां डिलीवर की जानी थी। पूरे मामले की छानबीन जारी है।

## देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी (कादिरगंज)।** कादिरगंज थाना पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दौलतपुर गांव से एक युवक को एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राहुल कुमार, पिता विजेंद्र प्रसाद, निवासी बाला पर, धनरूआ के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, 26 मई को दौलतपुर गांव में आपसी विवाद में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस घटना के संबंध में कादिरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी और कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। रविवार को फिर से उसी गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और राहुल कुमार को हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है और मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## ससुराल वालों ने नवविवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** ससुराल वालों ने नवविवाहिता को प्रताडित व मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है. इस संबंध में थाना क्षेत्र के लखनीबिगहा निवासी दिपांशु सिंह की पत्नी प्रिया कुमारी ने स्थानीय थाना में अपने ससुराल वालों पर प्रताडित व मारपीट कर घर से निकालने का लिखित शिकायत की है. पीडिता प्रिया के चाचा बताया कि छह माह पूर्व मेरी भतीजी प्रिया पड़ोसा के पारस सिंह के पुत्र दिपांशु से प्रेम विवाह किया था. शादी के बाद सबकुछ ठीक था. ससुराल में बहुत अच्छे से रह रही थी. उन्होंने बताया कि शादी के एक माह बाद से दहेज व अन्य वजहों से उसके भैसूर, सास, ससुर, ननद के द्वारा आए दिन प्रताडित व मारपीट किया जाता है. उन्होंने बताया कि पीडिता के पति को बाहर भेज दिया और मेरी भतीजी को ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से भागा दिया गया है. उन्होंने बताया कि पीडिता के ससुराल वालों से काफी मिन्नते करने के बाद भी प्रिया को नही रखने की जिंद पर अड़े हुए है.पीडिता ने स्थानीय थाना में न्याय का गुहार लगायी थी. जिसके बाद पुलिस मौके पर जाकर नवविवाहिता को ससुराल के अंदर प्रवेश कराया और उन्हे हिदायत देकर चली गई. परंतु रविवार की शाम फिर से पीडिता को घर से बाहर निकाल दिया गया. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच पडताल कर आगे की कारवाई की जा रही है।

## परिजनों को दी सांत्वना

**दानापुर।** भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने रविवार को मृतक के घर सुलतानपुर पुलिस चौकी गली के परिजनों से मुलकात कर सांत्वना दी। श्री यादव ने बताया कि पिछले दिनों सुलतानपुर पुलिस चौकी गली निवासी भुलेटन राय के तीन वर्षीय पुत्र खुले नाला में गिरने से डूबने से मौत हो गई थी। श्री यादव ने सीएम व डिप्टी सीएम से मृतक के परिजनों को दस लाख मुआवजा देने की मांग की है।

## मानकों को दरकिनार कर तटबंध निर्माण कराने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** बाढ़ प्रखंड के एकडंगा पंचायत अंतर्गत महाने नदी के किनारे बनाए जा रहे तटबंध में मापदंडों को ताक पर रखने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी के किनारे से ही मिट्टी निकालकर तटबंध पर डाला जा रहा है जिसके कारण नदी की गहराई खतरनाक स्थिति में तब्दील हो गई है। पानी का स्तर बढ़ने के बाद लोगों के लिए इससे खतरा बढ़ गया है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों ने शिकायत की है।

## ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**मसौढ़ी।** पटना-गया रेलखंड पर तारेगना रेलवे स्टेशन के समीप एक दर्दनाक हादसे में एक अधेड़ व्यक्ति की पैसेंजर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राम प्रताप सिंह, ग्राम पोठही बसुहार निवासी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राम प्रताप सिंह मसौढ़ी किसी कार्य से आए थे, और वापस घर लौटने के दौरान डाउन लाइन पर खड़ी पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से ट्रेन से कटकर उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष राजू दुबे ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## नदी में डूबी किशोरी, मौत

**पालीगंज।** सिगोड़ी थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में पुनपुन नदी में स्नान के दौरान एक किशोरी की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी रमाकांत प्रसाद की 14 वर्षीय पुत्री सुलेखा कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सुलेखा कुमारी रविवार को गांव के पास स्थित पुनपुन नदी घाट पर स्नान के लिए गई थी। इस दौरान वह अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। किशोरी को डूबता देख घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की काफी मशक्कत के बाद सुलेखा को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर सिगोड़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची

## अरविंद सिंह को बिहार बाल श्रम आयोग का उपाध्यक्ष चुने जाने पर दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता भाई अरविंद सिंह को बिहार बाल श्रम आयोग का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जनसेवा क्षेत्रीय विकास समिति के सदस्यों ने बधाई दी. एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की. भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण फौजी ने कहा कि क्षत्रीय समाज के लिए यह बहुत ही गर्व की बात हैं. लंबे समय से भाजपा के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाले भाई अरबिंद सिंह को बिहार सरकार में बाल श्रम आयोग का उपाध्यक्ष बना कर उन्हें ईनाम देने का काम किया है. श्री फौजी ने प्रदेश अध्यक्ष डा दिलीप जयसवाल व संगठन के सभी सदस्यों को बधाई दिया। मौके पर जनसेवा क्षत्रीय समिति के अध्यक्ष पी एन सिंह, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश मिडिया प्रभारी उपेन्द्र सिंह व भाजपा नेता शंकर सिंह, जनार्दन सिंह, रुप नारायण सिंह, ललन सिंह, जयपाल सिंह, प्रमोद सिंह आदि मौजूद थे।

# कोको गॉफ ने जीता फ्रेंच ओपन

## आर्यना सबालेंका को हराया

6-7 पहला सेट
6-2 दूसरा सेट
6-4 तीसरा सेट

2 घंटा 38 मिनट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर-2 कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन जीत लिया है। 21 साल की अमेरिकन स्टार ने शनिवार को विमेंस सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में दुनिया की नंबर-1 टेनिस स्टार आर्यना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया। दो घंटा 38 मिनट चले मुकाबले में सबालेंका ने पहला सेट 7-6 से जीत लिया था। गॉफ ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता है। वे 2023 में यूएस ओपन चैंपियन बनी थी। इस टूर्नामेंट में 10 साल बाद अमेरिका की खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। गॉफ से पहले यहां सेरेना विलियम्स 2015 में चैंपियन बनी थी। पेरिस के फिलिप-चेट्रीर कोर्ट में गॉफ ने पहला सेट 7-6 से गंवाया। फिर अगले दो सेट 6-2, 6-4 से जीतते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुष वर्ग में सर्बिया के नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल मैच हार गए। हार के बाद जोकोविच ने कहा- शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।



## पाकिस्तान ने अपने ही लीजेंड क्रिकेटर की मूर्ति बना दी गलत, हो रही फजीहत

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के महान बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वसीम अकरम की मूर्ति, जिसे यहां नियाज स्टेडियम में रखा गया है, की आलोचना की जा रही है। मूर्ति में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को उनकी खास गेंदबाजी शैली में दिखाया गया है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान की आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 1999



की जर्सी पहनी हुई है। मूर्ति का अनावरण अप्रैल 2025 में किया जाना था लेकिन आज सुबह ही यह प्रशंसकों के ध्यान का केंद्र बन गई, जब इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई जिसके बाद विश्व कप विजेता खिलाड़ी के चेहरे को लेकर प्रशंसक भड़क गए।

एक यूजर ने एक्स पर लिखा, वसीम अकरम को सिल्वेस्टर स्टेलोन ने बनाया है। एक अन्य यूजर ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की फ्रेंचाइजी कराची किंग्स के साथ अपने समय के दौरान अकरम की एक तस्वीर साझा की जिसमें दिग्गज अपनी टीम के प्रदर्शन से परेशान दिख रहे थे, जिसका कैप्शन था वसीम अकरम अभी। कई यूजर्स ने मूर्ति को मीम्स में बदल दिया, वहीं एक यूजर ने पूर्व क्रिकेटर को इसे खुद अपडेट करने की सलाह दी।

## नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**एम्सटलवीन (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में पहले मैच में मिली हार से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश



करेगी। भारत ने शनिवार को पहले मैच में एक गोल की बढ़त गंवा दी और उसे ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था।

## रिंकू सिंह को अंगूठी पहनाते ही सांसद प्रिया सरोज हो गईं भावुक



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में 8 जून 2025 को सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ के आलीशान सेंट्रम होटल में हुआ। क्रिकेट और राजनीति जगत के कई मेहमानों ने इस जोड़े को आशीर्वाद दिया। सगाई के बाद प्रिया सरोज खुशी के आंसू नहीं रोक पाईं। रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 में पांच गेंदों पर लगातार छक्के मारकर खूब नाम कमाया था। प्रिया सरोज 2024 में सबसे कम उम्र की सांसद बनीं।

**रविवार को हुई सगाई-** लखनऊ के सेंट्रम होटल में रविवार, 8 जून को एक शानदार समारोह हुआ। सांसद प्रिया सरोज और भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सगाई कर ली। इस मौके पर क्रिकेट और राजनीतिक जगत की कई बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। सभी ने नए जोड़े को शुभकामनाएं दीं। समारोह में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, जया बच्चन, सांसद राम गोपाल यादव और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष और कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला जैसे लोग शामिल हुए। रिंकू सिंह शेरवानी में बहुत ही शानदार लग रहे थे। प्रिया ने लखनऊ में हुई इस सगाई के लिए गुलाबी रंग का लहंगा पहना था।

**प्रिया के आंखों से निकल गए आंसू-** सगाई के बाद प्रिया सरोज अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाईं। रिंकू सिंह के साथ रिंग एक्सचेंज के बाद वह खुशी से रो पड़ीं। यह वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। प्रिया और रिंकू की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। सगाई से पहले उन्होंने एक फोटोशूट भी करवाया था। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब पसंद की गईं। सगाई से पहले रिंकू सिंह अपने परिवार के साथ बुलंदशहर के चौधेरा वाली विचित्रा देवी मंदिर गए। वहां उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया। मेहमानों के लिए खाने-पीने का खास इंतजाम किया गया था। मेनू में सिर्फ शाकाहारी खाना था। इसमें क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों को शामिल किया गया था। अवधी व्यंजन, बंगाली मिठाई जैसे रसगुल्ला और काजू-पनीर रोल भी थे। इसके अलावा, यूरोपियन और एशियन खाने के स्टॉल भी लगाए गए थे।

अलीगढ़ के रहने वाले रिंकू सिंह को आईपीएल 2023 में खूब पहचान मिली। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक ओवर में लगातार पांच छक्के मारे थे।

### सबसे युवा सांसद प्रिया सरोज

26 साल की प्रिया सरोज ने समाजवादी पार्टी के बैनर तले पिछले साल ही मछलीशहर लोकसभा सीट से चुनाव जीता था। 2019 में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद प्रिया सरोज ने 2022 में एमिटी यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री हासिल की।

### 5 छक्के मारकर स्टार बने रिंकू

रिंकू सिंह आईपीएल में कई सालों से हिस्सा ले रहे। लेकिन पहली बार वह 2023 सीजन में चर्चा में आए थे। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में केकेआर को आखिरी 5 गेंद पर 5 छक्के लगाकर जीत दिलाई। इसके बाद उन्हें टीम इंडिया में भी एंट्री मिली।

### राजनेता और क्रिकेटर शामिल हुए

रिंकू सिंह के इस कार्यक्रम में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, उनकी पत्नी डिंपल यादल के साथ ही जया बच्चन और राजीव शुक्ला जैसे बड़े नाम शामिल हुए। पूर्व भारतीय क्रिकेटर पीयूष चावला और प्रवीण कुमार के साथ यूपी के कप्तान आर्यन जुयाल ने भी इसमें हिस्सा लिया।

## बस 13 विकेट और... छोटे से करियर में नंबर 1 हो जाएंगे जसप्रीत बुमराह, पीछे छूट जाएंगे दिग्गज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगे। यह सीरीज 20 जून को लीड्स में शुरू होने वाली है। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत की यह पहली पांच मैचों की सीरीज होगी। दुनिया के नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका है। इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह के प्रदर्शन पर हर किसी की नजरें रहने वाली हैं।



**शानदार फॉर्म में हैं जसप्रीत बुमराह-** बुमराह ने 2024 में आईसीसी क्रिकेटर और आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जी। अगर बुमराह ने इंग्लैंड में अगले पांच मैचों में कम से कम 13 विकेट लेने में सफल होते हैं, तो वह इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल, इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैचों में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड ईशांत शर्मा के नाम है। बुमराह के पास ईशांत शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर है।

**टॉप पर ईशांत शर्मा-** ईशांत शर्मा अभी भी क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट मैच खेले हैं और 48 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, बुमराह ने आठ मैचों में 37 बल्लेबाजों को आउट किया है। इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में ईशांत के बाद कपिल देव हैं। कपिल देव ने 13 मैचों में 43 विकेट लिए थे।

## इंग्लैंड में पहले टेस्ट से पूर्व टीम इंडिया ने शुरू की कड़ी ट्रेनिंग, गिल की कप्तानी पर रहेगी नजर

**लंदन (एजेंसी)।** यूके पहुंचते ही शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टेस्ट टीम ने बिना समय गंवाए सीधे कड़ी ट्रेनिंग शुरू कर दी। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद यह सीरीज भारतीय क्रिकेट के लिए एक नए युग की शुरुआत का संकेत भी देती है जिसमें कप्तान शुभमन गिल पर नजर रहेगी।

भारत 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया पर भारत के ट्रेनिंग सेशन की एक झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, इंग्लैंड में टीम इंडिया की लय में आने का पहला नजारा। वीडियो में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नए कप्तान शुभमन गिल, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत के साथ उच्च-तीव्रता वाले प्रशिक्षण अभ्यास में शामिल हुए। इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर और लॉर्ड्स इंडोर क्रिकेट सेंटर में



उनकी कोचिंग टीम की पैनी बनाए हुए थी।

पांच मैचों की श्रृंखला 20 जून को लीड्स में शुरू होगी। दूसरे टेस्ट बर्मिंघम में होगा जिसके बाद लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड 10 जुलाई से तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल क्रमशः श्रृंखला के चौथे और पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए सलामी बल्लेबाज और नंबर तीन बल्लेबाज के रूप में खेला है। 32 टेस्ट में गिल ने 35.1 की औसत से 1893 रन बनाए हैं जिसमें उनके नाम 5 शतक और 7 अर्द्धशतक हैं।

**भारत की टीम** ~ शुबमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## इंग्लैंड महिला टीम ने 61 रन से जीता अंतिम वनडे मैच, वेस्टइंडीज को किया क्लीन स्वीप



**टॉन्टन (एजेंसी)।** सेरा ग्लेन (तीन विकेट), एमिली आरलट (दो विकेट) के बाद कप्तान नेट सायबर ब्रंट (नाबाद 57) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड की महिला टीम ने शनिवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज महिला टीम ने 21 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन का स्कोर बनाया। किआना जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 34 रन बनाए। आलियाह एलेन ने (27), कप्तान शमेन कैंपबेल ने (18) रनों का योगदान दिया। जाहजरा क्लैक्सटन (11) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से सेरा ग्लेन ने तीन, एमिली आरलट ने दो विकेट लिए। केट क्रॉस, लॉरेन फाइलर और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लें महिलाएं : श्रीकांत शास्त्री

## औरंगाबाद जिले में अब तक कुल 1486 महिला संवाद का हो चुका है आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के सभी ग्यारह प्रखंडों के चयनित कुल 30 ग्राम संगठनों में 'महिला संवाद कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बता दें कि महिला संवाद, बिहार सरकार द्वारा महिलाओं से सीधे संवाद की एक अनूठी एवं प्रभावी पहल है, जिसके माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अब तक औरंगाबाद जिले के कुल 1486 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजन किया जा चुका है। जिले में प्रतिदिन दो पालियों में 15 महिला संवाद रथों का संचालन हो रहा है। इन संवादों में महिलाएं न केवल सरकार की योजनाओं से मिले लाभ को साझा कर रही हैं, बल्कि योजनाओं को और बेहतर बनाने हेतु अपने सुझाव भी दे रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों



की महिलाएं अपनी आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को खुलकर व्यक्त कर रही हैं। महिला संवाद उनके लिए एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां वे न केवल अपनी समस्याओं को साझा कर रही हैं, बल्कि विकास की नई दिशा भी दिखा रही है। अब तक जिले में कुल 38,605 अपेक्षाओं को एप पर दर्ज किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने वाले लीफलेट वितरित किए गए। साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की सफलता पर आधारित फिल्में भी महिला संवाद रथ के माध्यम से प्रदर्शित की गईं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महिलाओं के नाम संदेश भी सभी उपस्थित महिलाओं को सुनाया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ। आज खुशी ग्राम संगठन, ओरा, औरंगाबाद (सदर) में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमण सिन्हा, संस्था निर्माण एवं क्षमतावर्द्धन प्रबंधक रणंजय राय, संचार प्रबंधक मो0 अनवर हुसैन, प्रशिक्षण पदाधिकारी प्रवीण कुमार पाठक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रुतिकांत पाठक, क्षेत्रीय समन्वयक चंदा कुमारी, सामुदायिक समन्वयक सहदेव कुमार भगत तथा बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार महिला सशक्तिकरण हेतु कन्या उत्थान योजना, बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना, वृद्धा पेंशन योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने सभी महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

## मारपीट कर नगद रूपये एवं जेवरात लूटा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच 19 पर दधपी मोड़ के समीप स्कार्पियो सवारों के साथ रिवाल्वर के बल पर मारपीट कर सोने के जेवरात व नगद रूपये छिनने का मामला प्रकाश में आया है। थाना को दिए आवेदन में पीड़ित मथान बिगहा निवासी रौशन कुमार सिंह ने कहा है कि मतदान बिगहा निवासी पियूष कुमार सिंह उधार लिए 55 हजार रुपए लौटाने के लिए फोन कर मदनपुर थाना मोड़ के पास बुलाया था। मेरे साथ गाड़ी में बाबू गरडी निवासी आनंदी सिंह, बीरू सिंह, रविरंजन कुमार उर्फ राहुल कुमार भी साथ थे। औरंगाबाद जाने के क्रम में स्कार्पियो गाड़ी से ओवर टेक कर आरोपितों ने दधपी मोड़ के पास हमलोगों के साथ घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# देव में मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर संघर्ष का ऐलान

## जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से मिलकर उठेगी आवाज




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** देव में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के शीघ्र निर्माण को लेकर अब जनआंदोलन की दिशा तय हो गई है। देव मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले शनिवार को देव बगीचा रिसोर्ट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मण गुप्ता ने की जबकि संचालन सौरभ मिश्रा ने किया। बैठक में चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान पातालगंगा में घोषित मेडिकल कॉलेज का निर्माण रहा। वक्ताओं ने एक स्वर में घोषणा की कि जब तक मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सबसे पहले जिलाधिकारी से मिलकर इस मुद्दे पर जनता को पारदर्शिता के साथ पूरी जानकारी देने की मांग की जाएगी। यदि प्रशासनिक स्तर पर कोई रुकावट सामने आती है तो प्रतिनिधिमंडल पटना जाकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के प्रशासक अंजनी कुमार सिंह से मुलाकात करेगा और मेडिकल कॉलेज के लिए आवश्यक अनुमति या सहयोग की मांग करेगा। अगर इसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकलता, तो आंदोलनकारी मुख्यमंत्री से सीधे मिलकर पातालगंगा में मेडिकल कॉलेज निर्माण की मांग दोहराएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य राजन कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, देव नगर पंचायत के अध्यक्ष पिंटू साहिल, उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, मदन कुमार मिश्रा, रवीन्द्र कुमार यादव, नंदलाल कुमार, संजय कुमार मेहता, विश्वजीत राय, सुधीर कुमार, रत्नाकर सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। सभी ने इस मांग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और कहा कि यह सिर्फ देव ही नहीं, पूरे औरंगाबाद जिले के भविष्य से जुड़ा सवाल है।

# घरेलू विवाद से तंग आकर महिला ने दो बच्चों संग खाया जहर

- रेलवे स्टेशन के बाहरी क्षेत्र में महिला ने जहरीला पदार्थ का किया सेवन
- ससुराल में सास, ससुर एवं पति से चल रहा था विवाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 के बाहरी क्षेत्र में एक विवाहिता घरेलू विवाद से तंग आकर अपने दो बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। दोनों बच्चों एवं महिला को छटपटाते देखकर राहगीर सद्दाम हुसैन ने रेलवे पुलिस को जानकारी दिया तथा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला की पहचान गोह प्रखंड के बंदेया थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव निवासी दिलीप यादव की 30 वर्षीया पत्नी संगीता देवी, 5 वर्षीया पुत्री प्रियांशु कुमारी एवं दो वर्षीया पुत्री सोहानी कुमारी के रूप में की गई है। महिला ने बताई की कुछ दिनों से सास, ससुर एवं पति से विवाद चल रहा था जिससे तंग आकर जीवन लीला समाप्त करने के उद्देश्य से बच्चों के संग जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। डॉ धनंजय शर्मा ने बताया कि जहरीला पदार्थ का सेवन करने का मामला प्रकाश में आया है। तीनों को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है, हालांकि परिजन रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत सभी को लेकर निजी अस्पताल चले गए हैं।

## बहन के घर से निकला युवक लापता

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के चौबड़ा पंचायत के बड़गांव से एक युवक के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। लापता ललेंद्र कुमार के पिता गजधार साव ने स्थानीय थाना में आवेदन देते हुए उल्लेख किया कि ललन अपने के गांव से बड़गांव अपने मां के साथ बहन के घर गया था। दो दिन वहां रहने के बाद 3 तारीख को घर से घूमने के निकला था, लेकिन आज तक घर नहीं लौटा। आवेदक ने बताया कि सभी नाते-रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन किए, मगर अभी तक उसका पता नहीं चल पाया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन आया है, लापता युवक की खोजबीन की जा रही है।

# औरंगाबाद की सभी छह सीटों पर जीतेगा एनडीए : अश्विनी तिवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत रविवार को शमशेर नगर में मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ओबरा विधानसभा संयोजक अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा कि सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री, बीएलओ सहित 12 पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार गरीबों किसानों, महिला, दलित, युवा वर्गों के उत्थान के लिए कृत संकल्पित



है। श्री तिवारी ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में बहुत सारे कार्य हुए हैं जिसमें किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजन एवं जन-धन योजना महत्वपूर्ण है। भाजपा नेता ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार 2005 में बनी उसके पहले बिहार में जंगलराज व्याप्त था। किसी शहर, किसी गांव, किसी कस्बा में कोई आवागमन का साधन नहीं था। शाम होते ही लोग बाजार छोड़कर भागना चाहते थे लेकिन एनडीए के नेतृत्व वाली नीतीश सरकार ने पूरे बिहार में अमन चैन स्थापित किया, जिसका परिणाम है कि राज्य में सभी समुदायों, सभी जातियों के लिए न्याय के साथ विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। औरंगाबाद के सभी छह विधानसभा सीटों पर एनडीए की ही जीत होगी। बैठक में मंडल संयोजक राकेश पांडे, पंचायत अध्यक्ष सुबोध शर्मा, दाउदनगर मॉडल संयोजक डॉ दिनेश वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष प्रिंस पाठक, सोशल मीडिया प्रमुख सोनू मिश्रा, मनु मिश्रा, हर्ष, अमन कुमार, कार्तिक शर्मा आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

- सात बच्चों के सर से उठा पिता का साया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में रविवार को एक तेज रफ्तार बाइक के धक्के से मोपेड सवार युवक की मौत हो गई। घटना देव थाना क्षेत्र के देव बालूगंज पथ स्थित नथुनिया मोड़ समीप की है। मृतक की पहचान देव थाना क्षेत्र का ही करमडीह तकिया गांव निवासी अलीमुद्दीन शाह का पुत्र 41 वर्षीय मोहम्मद जफर आलम शाह के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर से किसी आवश्यक कार्य को लेकर पचोखर गांव जाने के लिए मोपेड पर सवार होकर निकला था। इस दौरान जैसे ही उक्त स्थल पर पहुंचा, विपरीत दिशा की ओर से आ रहे बाइक चालक ने उसकी मोपेड में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल जफर को इलाज के लिए देव स्थित सामुदायिक अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान दुर्घटना में घायल युवक की मौत की सूचना पर नगर थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सदर अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। घर में उसकी पत्नी के अलावा उसके सात बच्चे हैं। उसके निधन के बाद तीन बेटियों तथा चार बेटे के सर से पिता का साया उठ चुका है। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने मृतक के आश्रितों को सरकारी प्रावधान के अनुरूप मिलने वाली मुआवजा की राशि दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में देव थानाध्यक्ष सौरभ ने बताया कि दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद बाइक चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया है। उसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

## एटीएम से निकाल लिए 84 हजार रू, प्राथमिकी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के करमा गांव के निवासी पप्पू कुमार ने बारुन थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि बारुन बाजार स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम मशीन में उसका कार्ड फंस गया। इसके समाधान को लेकर हेल्पलाइन नंबर पर बात करने के लिए एटीएम से बाहर निकल गया। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा कार्ड निकाल कर खाते से कुल 84 हजार 145 सौ रुपये निकासी कर ली। थानाध्यक्ष रामइकबाल यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्व. रामशरण यादव पुस्तकालय भवन में रविवार को दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। डॉ. रविनंदन के द्वारा रचित दो पुस्तकें 'भ्रमजाल' एवं 'नशा एक अभिशाप' के विमोचन सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मगध विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त व्याख्याता प्रो डॉ.रामशकल बिंद ने कहा कि गोह जैसे सुदूरवर्ती इलाकों में साहित्यिक आयोजन गौरव की बात है। प्रो.अलखदेव प्रसाद अचल ने कहा कि भ्रमजाल उपन्यास मनोवैज्ञानिक के साथ ज्ञानवर्धक भी है। इससे पहले समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यकम में सभी अतिथियों के साथ समाज के उत्थान में सेवा देने वाले कई गण्यमान्य लोगो को अंग वस्त्र से



सम्मानित किया गया। जैतीया मिडिल स्कूल के छह साल के आयुष कुमार को बेहतर चित्रकारी के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के संयोजक विन्देश्वरी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में रविनंदन को 50 वीं रचना की प्रकाशन एवं दिलीप को 25 वर्ष पत्रकारिता की पूरी होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# सड़क दुर्घटना में तीन घायल, तीनों रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज- शिवगंज पथ के खंडवा मोड़ के पास बाइक एवं पिकअप की टक्कर में बाइक सवार औरंगाबाद कर्मा गांव निवासी 39 वर्षीय मोनेश राम, 27 वर्षीय अजय राम एवं 25 वर्षीय राजकुमार राम तीनों गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों घायलों को 112 पुलिस एवं रफीगंज एम्बुलेंस के द्वारा आनन-फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह एवं अरविंद केसरी के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर तीनों को बेहतर इलाज हेतु औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि तीनों का पैर एवं सर में गंभीर चोट आई है, तीनों की स्थिति नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया गया। घायलों ने बताया कि अपने घर कर्मा से रफीगंज शादी समारोह में जा रहे थे, तभी पिकअप गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दिया।

# देशी कट्टा के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के धुसरी गांव से ग्रामीणों ने बारात में आए दो युवकों को एक देशी कट्टा के साथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि एक का नाम आनंद राजवंशी व दुसरा का नाम विकास राजवंशी है। दोनों बारात आया था जो ओबरा थाना क्षेत्र के आपखाप गांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि शनिवार की रात धुसरी गांव निवासी युगल राजवंशी के यहां बेटी की बारात आई थी।



लगभग एक बजे रात में शराती के साथ किसी बात के लिए विवाद हो गया। इसी दौरान डायल 112 नंबर की पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंची तो ग्रामीणों ने दोनों आरोपितों को पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आर्म्स एक्ट के धारा का मामला दर्ज करते हुए दोनों युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इधर टाल पंचायत के बाघाकोल गांव से 10 लीटर देशी शराब के साथ रामचंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धारा दर्ज करते हुए कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# नर सेवा ही नारायण सेवा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत के हरि बिगहा चट्टी पर शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्व हिन्दू परिषद् के धर्म प्रसार के जिला संयोजक राम पुकार सिंह, हरिओम एवं विहिप के जिला सह मंत्री नवीन पाठक के सौजन्य से किया गया। सैंकड़ों राहगीर, यात्रियों को गाड़ी रुकवा कर इस भीषण गर्मी के मौसम में निर्जला एकादशी पर शीतल पेयजल शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विहिप के प्रखंड सह मंत्री अशोक कुमार, लाला साव, केदार साव, सुप्रिया कुमारी, शनि सिंह, आकाश कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। मौके पर रामपुकार सिंह हरिओम ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। भूखे को अन्न एवं प्यासे को जल पिला कर आत्म संतोष का भाव उत्पन्न होता है। जीव ही परमात्मा का प्रतिबिम्ब होता है।

# अनियंत्रित कार खजूर के पेड़ से टकरायी, तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** एक शादी समारोह से लौट रहे एर्टिगा गाड़ी रफीगंज- गोह पथ के आती मोड़ के पास अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खजूर के पेड़ में टकरा गई, जिसमें बंदिया थाना ददपी गांव निवासी अलख देव सिंह, गयाजी जिला के गुरुआ गांव निवासी अवध किशोर सिंह एवं मंझियावा गांव निवासी दिव्यांशु सिंह उर्फ राजा सिंह बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगो ने रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं डॉ. अरविंद कुमार केसरी के



द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार हेतु मगध मेडिकल कॉलेज गया भेजा गया। घायल अवध किशोर सिंह ने बताया कि हम लोग शादी समारोह में ददपी से देव गए हुए थे, शादी समारोह खत्म होने के बाद वापसी मे रफीगंज के मखदुमपुर आती मोड़ के पास ड्राइवर को नींद आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर रोड किनारे खजूर एवं ताड़ के पेड़ में जा टकराई, जिसमें हम लोग घायल हो गए हैं।

